# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**नई दिल्ली**

**नई दिल्ली, शनिवार 23 नवंबर 2019**

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 23, अंक : 247
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

**मौसम**
अधि. 29.0
न्यून. 11.0

haribhoomi.com





07 दो गोल्ड और एक सिल्वर पर लगाया निशाना

## शिवसेना और एनसीपी-कांग्रेस के बीच साझा सरकार बनाने पर हुई रजामंदी

### संयुक्त प्रेस वार्ता के बाद आज राज्यपाल के सामने दावा पेश करने की उम्मीद

# महाराष्ट्र में अब ठाकरे 'सरकार'! उद्धव का सीएम बनना लगभग तय

एजेंसी ▶▶ महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री शिवसेना से बनने जा रहा है। सब कुछ पटरी पर रहा तो आज शनिवार को शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस के नेता एक संयुक्त प्रेस वार्ता में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बनाने का ऐलान कर सकते हैं। शुक्रवार को तीनों पार्टियों की हुई बैठक के बाद एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने कहा कि उद्धव के नाम पर हमारे बीच सहमति बन गई है। हालांकि कांग्रेस ने एतिहात बरतते हुए कहा है कि बातचीत अभी जारी है। माना जा रहा है कि आज एक बार फिर बैठक करने के उपरांत राज्यपाल के सामने तीनों दल मिलकर सरकार बनाने का प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। राजनैतिक तौर पर शिवसेना के साथ एनसीपी-कांग्रेस की इस नई दोस्ती को बेमेल माना जा रहा है। चर्चा है कि एनसीपी और कांग्रेस ने कुछ मनचाहे मंत्रालय पाने की शर्त पर उद्धव ठाकरे को सीएम की कुर्सी पर बैठाने पर रजामंदी दी है।

उद्धव ठाकरे अगर मुख्यमंत्री बनते हैं तो वे ठाकरे परिवार के पहले व्यक्ति होंगे जो सीधे तौर पर सरकार में शामिल होंगे। शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे से लेकर अभी तक उनके परिवार का कोई भी सदस्य सरकार में किसी पद पर नहीं बैठा है।

*महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन का ऐलान जल्द हो सकता है। कांग्रेस-एनसीपी और शिवसेना की शुक्रवार को नेहरू सेंटर में बैठक हुई। इसके बाद एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने साफ कर दिया कि मुख्यमंत्री के तौर पर उद्धव ठाकरे के नाम पर सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि चर्चा अभी भी जारी है और शनिवार को मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह बता दिया जाएगा कि हम राज्यपाल के पास कब जाएंगे।*

**खास बातें**

- कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी की पहली बार हुई बैठक
- उद्धव ने कहा- कई मसलों पर हमारे बीच हुई बातचीत



महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन को लेकर मुंबई के वर्ली इलाके स्थित नेहरु सेंटर में कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी ने शुक्रवार शाम को बैठक की। इस बैठक में अहम पटेल, पृथ्वीराज चव्हाण, बाला साहेब थोराट, शिवसेना नेता सुभाष देसाई, एकनाथ शिंदे, शरद पवार, जयंत पाटिल, प्रफुल पटेल, उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे मौजूद रहे। बैठक के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनेंगे।

## छह-आठ महीने से ज्यादा नहीं चलेगी सरकार: गडकरी



रांची। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिये शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के 'गठबंधन' को 'अवसरवादी' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि वे वहां सरकार बना भी लेते हैं तो वह छह-आठ महीने से अधिक नहीं चल पाएगी। झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिये यहां आए गडकरी ने कहा कि अलग-अलग विचारधारा रखने वाली इन पार्टियों द्वारा किया गया गठबंधन सिर्फ भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए किया गया है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।


## एनसीपी ने ली भाजपा पर चुटकी, कहा- पवार ने राजनीति के चाणक्य को दी मात

महाराष्ट्र में शिवसेना और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ चुकी राकांपा ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी प्रमुख शरद पवार ने 'भारतीय राजनीति के तथाकथित चाणक्य' को अंततः मात दे दी। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने कहा कि दिल्ली का तख्त महाराष्ट्र को अपने आगे नहीं झुका पाया। मलिक ने अपने ट्वीट में बगैर किसी का नाम लिए लिखा कि आखिर भारतीय राजनीति के तथाकथित चाणक्य को पवार साहब ने मात दे ही दी, महाराष्ट्र को दिल्ली का तख्त नहीं झुका पाया, जय महाराष्ट्र।

### सीएम केजरीवाल ने किया बड़ा ऐलान

# पानी और सीवर के नये कनेक्शन पर अब देने होंगे सिर्फ 2,310 रुपये

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- 'अब लोगों को अवैध कनेक्शन से दो-चार नहीं होना पड़ेगा'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली वासियों को अब पानी एवं सीवर का नया कनेक्शन लेने के लिये सिर्फ 2,310 रुपये देना होगा। मुख्यमंत्री दिल्ली जलबोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। दिल्ली सरकार का यह कदम अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आया है। इससे पहले 200 वर्गमीटर प्लॉट वाले व्यक्ति को पानी एवं सीवर के नये कनेक्शन के लिये करीब 1.14 लाख रुपये भुगतान करना होता था। इसी तरह, 300 वर्गमीटर प्लॉट वाले आवेदक को करीब 1.24 लाख रुपये भुगतान करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे दिल्ली के अंदर अनअकाउंटेड वाटर मांग में भी कमी आएगी। साथ ही लोगों को अवैध कनेक्शन और उससे होने वाली परेशानी से दो-चार नहीं होना पड़ेगा।

### 'विकास एवं बुनियादी ढांचे का शुल्क नहीं लेंगे'

केजरीवाल ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि किसी खास इलाके में पानी की पाइपलाइन होने के बावजूद अधिकतर निवासियों ने विकास एवं बुनियादी ढांचा शुल्क अधिक होने के कारण 'पानी का कनेक्शन' नहीं लिया जबकि वे अवैध तरीके से जलबोर्ड के पानी का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि जल बोर्ड ने शुक्रवार को यह फैसला किया कि वह दिल्ली वालों से विकास एवं बुनियादी ढांचा शुल्क नहीं लेगा। केजरीवाल ने कहा कि सरकार पानी की नयी पाइपलाइनें बिछाने, नये जल शोधन संयंत्रों को बनाने जैसे बुनियादी ढांचों पर धन खर्च करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को उम्मीद है कि इस कदम से अधिक से अधिक संख्या में लोग पानी एवं सीवर के नये कनेक्शन लेंगे।

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली-कटरा वंदे भारत में आई गड़बड़ी, चलाई गई तेजस



**नई दिल्ली।** दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस के पहिये में कुछ तकनीकी गड़बड़ी आ जाने के चलते शुक्रवार को उसकी जगह एक तेजस ट्रेन चलाई गई। रेलवे के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार रात इस गड़बड़ी का पता चला, जब ट्रेन कटरा से दिल्ली स्टेशन पहुंची। उसकी मरम्मत की जा रही है। कुमार ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के पहिये में कुछ तकनीकी गड़बड़ी आ गई।

### मणिपुर विधानसभा के बाहर ग्रेनेड हमला, दो जवान घायल



**इम्फाल।** मणिपुर विधानसभा परिसर के बाहर शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने ग्रेनेड हमला किया, जिसके चलते सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना थांगमेईबंद इलाके में विधानसभा परिसर के मुख्य द्वार के बाहर शाम सवा पांच बजे हुई। उन्होंने बताया कि परिसर की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के दो जवान ग्रेनेड विस्फोट से घायल हो गए। दोनों घायल जवान सीआरपीएफ की 87वीं बटालियन के हैं और उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उमा के पैर में फ्रैक्चर, लिखेंगी पीएम मोदी पर किताब



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर किताब लिखेंगी। शुक्रवार को दर्जनों ट्वीट कर उमा भारती ने इस बात की जानकारी दी। बीते दिनों उमा भारती गिर गई थीं और उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था, इसी कारण उन्हें डेढ़ महीने तक आराम करने की सलाह दी गई है। अब उमा भारती ने लिखा है कि इसी दौरान वह नरेंद्र मोदी के साथ अपने अनुभवों को साझा करेंगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर उमा भारती ने लिखा कि मैंने 4 साल पहले कहा था कि मैं नरेंद्र मोदी जी पर किताब लिखूंगी।

### कोहली ने छुआ एक और कीर्तिमान

## सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले टेस्ट कप्तान बने विराट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- यह उपलब्धि कमाने वाले वह दुनिया के छठे कप्तान बने

रेकॉर्ड रन मशीन विराट कोहली शुक्रवार को पिंक बॉल टेस्ट में बल्लेबाजी पर उतरे तो उन्होंने यहां एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। विराट कोहली अब बतौर कप्तान टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यह उपलब्धि कमाने वाले वह दुनिया के छठे कप्तान बने हैं। इस दौड़ में उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलिया कप्तान रिकी पॉन्टिंग को पछाड़ा है। रिकी पॉन्टिंग ने कप्तान बनने के बाद 54 टेस्ट मैच की 97 पारियों में बतौर कप्तान 5000 रन का आंकड़ा छुआ था, जबकि विराट कोहली अपनी कप्तानी में यह 53वां टेस्ट मैच ही खेल रहे हैं और यह उनकी 86वीं पारी है। इस उपलब्धि को अपने नाम करने के लिए भारतीय कप्तान को आज 32 रन की दरकार थी।

## मणिपुर के पूर्व सीएम के घर से 26 लाख के पुराने नोट बरामद हुए

- 332 करोड़ रुपये की अनियमितता का मामला

**नई दिल्ली।** मणिपुर में विकास कार्यों में कथित तौर पर 332 करोड़ रुपये की अनियमितता के मामले में सीबीआई ने तीन राज्यों के नौ स्थानों पर छापे मारे। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री ओ इबोबी सिंह और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। छापों के दौरान सिंह के घर पर सीबीआई ने नोटबंदी से पहले की मुद्रा में 26.49 लाख रुपये बरामद किए। इसके अलावा उनके घर से 11.47 लाख रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि नोटबंदी से पहले की प्रतिबंधित मुद्रा को रखना अपराध है और उन पर बरामद धनराशि का पांच गुना जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने सिंह और मणिपुर डेवलपमेंट सोसाइटी (एमडीएस) से जुड़े रहे एक पूर्व आईएएस अधिकारी के आवास पर आइजोल, इम्फाल और गुड़गांव में छापे मारे।

## हादसा नहीं...मॉक ड्रिल



रेल हादसों के बाद बचाव कार्य में जुटने वाले विभाग अपनी सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए कड़ी मशक्कत करते रहते हैं। रांची में मॉक ड्रिल के दौरान की ये तस्वीर बताती है कि रेल दुर्घटना होने पर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने की ट्रेनिंग पर बहुत कुछ टिका होता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

## आधार डेटा को लेकर हाल ही में किए थे संशोधन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- आधार कानून में 2019 के संशोधन शीर्ष अदालत के पहले के आदेशों का उल्लंघन हैं
- राज्य सभा ने जुलाई महीने में ध्वनि मत से आधार और अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, 2019 पारित किया था

उच्चतम न्यायालय ने आधार कानून में किये गये संशोधनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को केन्द्र को नोटिस जारी किया। इन संशोधन के माध्यम से निजी कंपनियों को उपभोक्ताओं द्वारा प्रमाणीकरण के लिये स्वेच्छा से उपलब्ध कराये गये आधार डेटा के इस्तेमाल की अनुमति दी गयी है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने आधार संशोधन कानून, 2019 की वैधानिकता को चुनौती देने वाली एस जी वोम्बटकेरे की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र को इस मामले में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

### जेएनयू छात्रावास फीस वृद्धि मामला

## पैनल ने पूरी की बातचीत जल्द सौंपेंगे सिफारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फीस बढ़ने को लेकर जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से नियुक्त तीन सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त पैनल ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय पहुंचकर इस मुद्दे पर पक्षों के साथ बातचीत की। पैनल अपनी सिफारिशें अगले सप्ताह सौंपेगा। इस तीन सदस्यीय पैनल में यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष वीएस चौहान, एआईसीटीई के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे और यूजीसी के सचिव रजनीश जैन शामिल हैं। तीनों शुक्रवार को जेएनयू पहुंचकर छात्र संघ के प्रतिनिधियों से मिले। पहचान गुप्त रखने की शर्त पर समिति के एक सदस्य ने बताया कि हमने छात्र संघ के प्रतिनिधियों से बातचीत की और इस संबंध में उनकी राय ली।

## आश्रम में बच्चों को बंधक बनाने का आरोपी नित्यानंद विदेश भागा



- पुलिस ने विदेश मंत्रालय और एजेंसियों के संपर्क में

**अहमदाबाद।** विवादित स्वयंभू बाबा नित्यानंद देश छोड़कर फरार हो गया है। उसके कैरिबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो में होने की बात कही जा रही है। गुजरात पुलिस ने आश्रम में नाबालिग लड़के-लड़कियों को बंधक बनाने के आरोप में उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। आश्रम से दो महिला कर्मचारियों की गिरफ्तारी और उनसे पूछताछ के बाद नित्यानंद के देश छोड़ने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने उसके प्रत्यर्पण के लिए विदेश मंत्रालय और एजेंसियों से संपर्क करने की बात कही है। आरोपी नित्यानंद के खिलाफ कर्नाटक में भी दुष्कर्म का केस दर्ज है।

### टेलिकॉम सेक्टर में निवेश करने वाले अकेले उद्योगपति

# वोडाफोन-आइडिया से बिड़ला को 217 अरब का झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वोडाफोन ग्रुप की खराब आर्थिक स्थिति का इसके दूसरे सबसे बड़े निवेशक कुमार मंगलम बिड़ला की वित्तीय सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ा है। बिड़ला ने पिछले वर्ष ब्रिटिश टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन के साथ हाथ मिलाया था और आंकड़े बताते हैं कि 2017 के आखिर से अब तक उनकी संपत्ति एक तिहाई यानि लगभग 217 अरब रुपए घट गई है। दरअसल, बिड़ला को यह झटका वोडाफोन के बढ़ते नुकसान और कर्ज की रकम में इजाफे से इसके शेयरों के भाव गिर रहे हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, केमिकल्स, मेटल्स और सीमेंट सेक्टर की बिड़ला की प्रमुख कंपनियां भी मांग में सुस्ती के दौर से गुजर रही हैं।

टेलीकॉम सेक्टर में मुकेश अंबानी की जियो के आने के बाद से बाकी कंपनियों के लिए कॉम्पिटीशन काफी बढ़ गया। इसका असर ये हुआ कि अनिल अंबानी की आरकॉम को दिवालिया होना पड़ रहा है। वोडाफोन और आइडिया सेल्युलर को मर्जर का फैसला लेना पड़ा, फिर भी दिक्कतें कम नहीं हो रहीं। वोडाफोन-आइडिया ने पिछले हफ्ते बताया कि जुलाई-सितंबर में उसे 50921 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। यह किसी भारतीय कंपनी का सबसे बड़ा तिमाही नुकसान है। वोडाफोन ने तो इतना कह दिया कि अब कारोबार करना मुश्किल लग रहा है।

**वोडाफोन आइडिया के शेयर 2017 के आखिर से अब तक 94% सस्ता हो गए**

### 2 साल पहले 91 अरब डॉलर थी संपत्ति



ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, दो साल पहले बिड़ला की संपत्ति 9.1 अरब डॉलर गई थी जो अब घटकर 6 अरब डॉलर रह गई। यानी, उनकी संपत्ति में 3.1 अरब डॉलर (करीब 217 अरब रुपये) की कमी आई है। इंडेक्स के मुताबिक, उनकी संपत्ति को ज्यादा नुकसान उनकी होल्डिंग कंपनी आदित्य बिड़ला ग्रुप के कारण हुआ है।

### आदित्य बिड़ला ग्रुप की अन्य कंपनियां

आदित्य बिड़ला ग्रुप ने दुनिया की सबसे बड़ी ऐल्युमिनियम रॉलिंग कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज में हिस्सेदारी ली है। उनके पास ग्रासिम इंडस्ट्रीज की हिस्सेदारी पहले से ही है। देश की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी ग्रासीम के नियंत्रण में ही है।

**अकेले बिड़ला ने दिखाई यह हिम्मत**

मुकेश अंबानी की 5 सितंबर 2016 को रिलायंस जियो की लॉन्चिंग के बाद से लगातार झटके खा रहे देश के टेलिकॉम सेक्टर में निवेश करने की हिम्मत दिखाने वाले एकमात्र उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला ही हैं। उन्होंने अपनी कंपनी आडिया सेल्युलर का वोडाफोन इंडिया के साथ विलय कर दिया और नई कंपनी वोडाफोन आइडिया अस्तित्व में आ गई।

### 94 प्रतिशत लुढ़क गए शेयर

इस कंपनी ने पिछले हफ्ते देश के कंपनी जगत के इतिहास का सबसे बड़ा तिमाही नुकसान दर्ज किया था। वोडाफोन आइडिया के शेयर 2017 के आखिर से अब तक 94 प्रतिशत सस्ता हो चुका है। इस कारण इसका मार्केट वैल्यु घटकर 2.7 अरब डॉलर (करीब 190 अरब रुपये) रह गया है।

### सेना की अधिकारियों को चेतावनी

## सुरक्षाबलों को व्हाट्सएप सेटिंग्स बदलने को कहा



- 'आईएसआई' सोशल मीडिया पर सुरक्षाबलों के बारे में जानकारी जुटाने की कर रही कोशिश

**नई दिल्ली।** सेना ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' सोशल मीडिया पर सुरक्षाबलों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। हाल ही में आईएसआई ने सेना के एक अफसर को पाकिस्तान के संदिग्ध व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया था। इसके बाद सेना ने अधिकारियों को व्हाट्सएप सेटिंग्स बदलने की सलाह दी है। सेना ने 11 नवंबर को जारी पत्र में कहा कि जानकारी मिली है कि पाकिस्तान के संदिग्ध फोन नंबर ने सेना के एक अधिकारी को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया था। अधिकारी ने बुद्धिमानी का परिचय देते हुए, ग्रुप छोड़ने से पहले उसका स्क्रीनशॉट ले लिया। अगर अधिकारी के वॉट्सएप सेटिंग्स में अनाधिकृत या अवांछित समूहों को प्रतिबंधित कर दिया जाता, तो यह स्थिति टाली जा सकती थी।

## खबर संक्षेप

### पापड़ बेच रहे शख्स की बहादुरी से आरोपी धरा

**नई दिल्ली।** रंजीत नगर थाना इलाके में पापड़ बेच रहे एक शख्स को तीन बदमाशों ने लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की। घटना के बाद बदमाश मौके से भागने लगे। पीड़ित ने बहादुरी दिखाते हुए एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि दो बदमाश मौके से भाग गए। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी। बदमाश को मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम अमन उर्फ सोडा हुई है। आरोपी मोती नगर में रहता है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर फरार दोनों आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक, विनोद प्रसाद, मादीपुर पंजाबी बाग में सपरिवार रहता है। बृहस्पतिवार दोपहर वह पापड़ बेचते हुए सत्य पार्क इलाके से गुजर रहा था। उसी वक्त तीन युवक उसके पास उससे कुछ पापड़ खरीदें। इसके बाद तीनों से उसे 500 रुपये का नोट दिया। खुले रुपये न होने की बात कहकर विनोद ने उन्हें रुपये लौटा दिया और बाद में रुपये दे देने की बात कही। इसी दौरान आरोपियों ने उसके पास करीब दो हजार रूपए देख लिए। रुपये देखते ही उन्होंने विनोद के साथ लूटपाट शुरू कर दी। विरोध करने पर विनोद के साथ बुरी तरह मारपीट की और कैश लूट कर भागने लगे। विनोद ने बदमाशों का पीछा कर अमन को दबोच लिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने अमन की जमकर धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया।

### बदमाशों ने हेड कांस्टेबल पर की फायरिंग

**नई दिल्ली।** ज्योति नगर थाना इलाके में सोने की चेन लूटने के दौरान बदमाशों ने एक हेड कांस्टेबल पर फायरिंग कर दी। हेड कांस्टेबल ने भी बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों से चेन वापस छीन ली। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, ज्योति कॉलोनी में रहने वाले कुलदीप सुबह करीब 7:25 बजे अपने बेटे को स्कूल की बस में बैठाकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि दो युवक डिवाइडर के पास बाइक पर खड़े थे। जैसे ही कुलदीप उनके पास गए, दोनों बदमाशों ने पिस्टल निकाल ली और उनसे सोने की चेन मांगने लगे। चेन देने से मना करने पर एक बदमाश ने चेन खींच ली। इस पर कुलदीप ने बदमाश के हाथ से वापस चेन ले ली। इस पर एक बदमाश ने गोली चला दी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

### दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री का हैक हुआ ट्वीटर एकाउंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को अपना ट्वीटर एकाउंट हैक होने और फिर उसमें आपत्तिजनक बातें लिखने की बात कही है। उनके मुताबिक, उनका ट्वीटर एकाउंट कुछ देर के लिए ही हैक हुआ और फिर सामान्य हो गया। इसी ट्वीटर हैंडल पर उन्होंने इस बाबत पूरी जानकारी भी दी है। गौतम ने ट्वीट कर कहा कि किसी ने मेरा ट्वीटर एकाउंट हैक किया और उस पर धार्मिक देवताओं के लेकर आपत्तिजनक बातें लिखीं, जिससे चुनाव के दौरान मेरी पार्टी को नुकसान पहुंचाया जा सके। मैं इसको लेकर उचित कदम उठाऊंगा, जो भी जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी बात कहने और अपने धर्म को मानने का अधिकार है, सबको एक-दूसरे के धर्म को आदर करना चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को दिल्ली सरकार में मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के ट्वीटर हैंडल पर राम और कृष्ण को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस ट्वीट में सवालिया लहजे में कहा गया था कि राम और कृष्ण पूर्वज हैं तो उन्हें इतिहास की किताबों में क्यों नहीं पढ़ाया जाता। वहीं, जैसे यह मीडिया में चर्चा पाने लगा तो अचानक यह ट्वीट ट्वीटर हैंडल से हट गया।

### यात्रियों से भरी कलस्टर बस में लगी आग

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के सादिक नगर में शुक्रवार शाम एक यात्रियों से भरी कलस्टर बस में आग लग गई। ड्राइवर और कंडक्टर ने सूझ-बूझ का परिचय दिया और समय पर सभी यात्रियों को बस से नीचे उतार दिया। इस घटना में किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दमकल विभाग के मुताबिक, शाम करीब पौने छह बजे रूट संख्या 522 कलस्टर बस में आग की सूचना मिली थी। एक फायर टेंडर मौके पर भेजा गया था। लेकिन जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचती आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया था। घटना के दौरान बस में करीब तीन दर्जन यात्री सवार थे।

## अब तक 200 पिस्टल और हजारों कारतूस कर चुका है सप्लाई

# 30 पिस्टल और 50 कारतूसों के साथ हथियार तस्कर चढ़ा हत्थे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**






स्पेशल सेल ने दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले एक बड़े तस्कर को गिरफ्तार किया है। फिरोजाबाद, उत्तर-प्रदेश निवासी आसीन उर्फ बॉबी (30) पिछले पांच सालों से इस धंधे को अंजाम दे रहा था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह मेरठ से हथियार लाकर दोगुने दाम पर बदमाशों को बेचता था। उसके पास से 30 पिस्टल, 50 कारतूस और एक चोरी की ब्रेजा कार जब्त की गई हैं। पुलिस ने इसे गोल्डन जुबली पार्क, गीता कालोनी अंडरपास से गुरुवार को गिरफ्तार किया।

डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि आसीन सीलमपुर में किसी जानकार को हथियारों की डिलीवरी करने आया था। गुरुवार देर रात साढ़े 11 से साढ़े 12 बजे के बीच उसे दबोचा गया। वह लाल रंग की ब्रेजा कार से पहुंचा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पहले वह सार्वजनिक वाहनों में हथियार लाता था, लेकिन पुलिस की सख्ती से वह लग्जरी प्राइवेट वाहनों से इस हथियारों की सप्लाई करने लगा। उसके पास से बरामद 40 कारतूस .32 व 10 कारतूस .315 बोर के हैं। आरोपी ने बताया कि वह पांच सालों से इस धंधे में शामिल था। वह मेरठ के अफजल से हथियार लेकर दिल्ली-एनसीआर में बदमाशों को पहुंचाता था। अब तक वह 200 से अधिक पिस्टल और एक हजार से अधिक कारतूसों की सप्लाई कर चुका था।

# भगौड़ा घोषित फर्जी जज अरेस्ट

## 30 मामलों में शामिल रह चुका है आरोपी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

- पहले भी दो बार आरोपी को दबोच चुकी है पुलिस
- गाजियाबाद के निजी कॉलेज से लॉ में ग्रैजूएट है ठग

नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है, जोकि पहले भी दो बार फर्जी जज बनाने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। गिरफ्तार आरोपी का नाम राजीव गोयल उर्फ घनंयज उर्फ मोनू (39) है। पुलिस की माने तो आरोपी ने गाजियाबाद, उत्तर-प्रदेश के एक निजी कॉलेज से लॉ में ग्रैजूएट किया है। रोहिणी कोर्ट ने आरोपी को वर्ष 2011 में चोरी और वर्ष 2012 में चीटिंग के मामले में भगौड़ा घोषित किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह 30 मामलों में शामिल रह चुका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने के हेड कांस्टेबल विकास की देखरेख में भगौड़े आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया। इसी बीच टीम को एक ऐसे आरोपी के बारे में गुप्त सूचना मिली, जोकि दो मामलों में भगौड़ा और ऑटो लिफ्टिंग के 30 मामलों में शामिल रह चुका था। आगे पुलिस को पता चला कि आरोपी दो बार फर्जी जज बनने के मामलों में भी गिरफ्तार हुआ है। टीम ने तुरंत आरोपी के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी। टैक्निकल सर्विलांस की मदद से पुलिस को पता चला कि आरोपी एक महिला के साथ लिव-इन में रोहिणी इलाके में रह रहा है। इसके बाद हेड कांस्टेबल विकास ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी राजीव गोयल, रेलवे रोड़, बहादुरगढ़, हरियाणा का रहने वाला था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### 2012 में हुआ था पहली बार गिरफ्तार

जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी को वर्ष 2012 में पहली बार पश्चिम विहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस दौरान आरोपी ने अपना फर्जी आई-कार्ड दिखाया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके पास से चोरी की 15 गाडियां बरामद की थी। वर्ष 2014 में जिला शिकार, राजस्थान से आरोपी ने एक पेट्रोल पंप से अपनी कार में पेट्रोल भरवाया था। इसके बाद आरोपी बिना रुपये दिये वहां से भाग गया था। पेट्रोल पंप अधिकारियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम को अपना फर्जी एडिशनल ड्रिस्टिक, जज का आई-कार्ड दिखाया। इस पर थाना रनओली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने फर्जी तरीके से कोर्ट में तीन माह से ज्यादा काम किया था।

# रेस्टोरेंट मैनेजर को थाने में मुर्गा बनाकर पीटा, एएसआई सस्पेंड

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पुलिस के एक एएसआई पर रेस्टोरेंट मैनेजर को थाने में मुर्गा बनाकर पीटने का आरोप है। यह सब एएसआई ने सिर्फ इसलिए किया क्योंकि रेस्टोरेंट मैनेजर ने उसका फोन नहीं उठाया था। इससे खफा एएसआई ने थाने से कर्मचारी भेजकर मैनेजर को बुलवाया और फिर उसकी जमकर पिटाई की। मैनेजर ने अस्पताल के बाथरूम में जाकर अपनी चोटों के निशान का वीडियो बनाया और सीनियर अफसरों को भेजा। मामला अफसरों के संज्ञान में आया तो एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया है। शिकायतकर्ता शिवम ठकराल निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर कम-सम रेस्टोरेंट में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम थाने से फोन आया और कुछ खाने का सामान मंगवाया गया था। ये लोग जानने पहचानने वाले थे, तो अक्सर फोन करके बोल देते थे और रेस्टोरेंट से सामान भिजवा दिया जाता था। गुरुवार भी ऐसे ही सामान मंगवाया गया और लगभग 15 से 20 मिनट में ऑर्डर पूरा करके थाने पहुंचा दिया गया। इस दौरान उनके मोबाइल पर एएसआई मुकेश मीणा का फोन आ रहा था। इस पर एएसआई ने थाने से स्टाफ भेजा और उसे बुलवाया। शिवम थाने पहुंचे तो थाने के गेट से ही एएसआई उनको पीटते हुए अंदर ले गया। इसके बाद कमरे में बंद कर दिया। आरोपी पुलिसकर्मी बार-बार कह रहा था कि तू मेरा फोन नहीं उठाएगा।

### बाथरूम में बनाया वीडियो

शिकायतकर्ता ने बताया कि बाद में उसे पुलिसकर्मी ही इलाज के लिए एम्स लेकर गए। वहां पुलिस मौजूद थी, इसके कारण वह कुछ कर नहीं सके, लेकिन फिर उन्होंने बाथरूम जाने का बहाना बनाया। शिवम ने एम्स के बाथरूम में पूरा वीडियो बनाया और दिल्ली पुलिस के सीनियर अफसरों को भेज दिया। रेलवे डीसीपी हरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, उनको एक विडियो से इस घटना की जानकारी मिली थी। शिकायतकर्ता इसमें अपनी चोट दिखाते हुए रो रहा था। उससे फोन पर बात की गई और पूरा मामला समझने के बाद एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया।

# आर्मी का मेजर बनकर जवानों से करता था ठगी

## आरोपी को आर्मी पुलिस कर चुकी थी भगौड़ा घोषित, करीब 12 साल सेना में बतौर सिपाही दे चुका था सेवाएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**



- करीब 10 जवानों को ठगने के मामलों का हुआ खुलासा

स्पेशल सेल ने सेना में नये भर्ती रंग-रूटों से ठगी करने वाले नकली मेजर को गिरफ्तार किया है। हेमंत कुमार नामक आरोपी कुछ समय सेना में बतौर सिपाही सेवाएं दे चुका है। लेकिन बाद में उसकी हरकतों के कारण उसे फौज से बाहर निकाल दिया गया था।

सेना से निकाले जाने का बदला अब वह आर्मी के जवानों से ठगी कर रहा था। वह ट्रेनों में सफर करने वाले करीब 10 जवानों से मोटी रकम हड़प चुका था। पुलिस ने इसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। डीसीपी पीएस कुशवाहा ने बताया कि स्पेशल सेल की सदर्न रेंज के इंस्पेक्टर शिव कुमार की टीम ने हापुड़ निवासी हेमंत कुमार को पहाड़गंज से गिरफ्तार किया है। वह 2001 से 2013 तक आर्मी में रहा था। उसकी गलत हरकतों के कारण आर्मी पुलिस उसे गिरफ्तार करना चाहती थी लेकिन वह अंडरग्राउंड हो गया था। बाद में आर्मी पुलिस ने उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। ने उसे पहले उसका कोर्ट मार्शल हुआ और फिर उसे बर्खास्त कर दिया गया। आरोपी के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज मिली हैं। डीसीपी के मुताबिक मिलेट्री इंटैलीजेंस से जानकारी मिली थी कि दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों के आसपास आर्मी के जवानों के साथ ठगी और लूट के मामले सामने आ रहे हैं। वह सेना में रह चुका था तो उसे आर्मी जवानों से घुलने मिलने में ज्यादा समय नहीं लगता था। वह जवानों से दोस्ती करता और उनके आई कार्ड व अन्य सामान चुरा लेता था। कई मामलों में उसने आईकार्ड लौटाने के एवज में उनसे उगाही भी की थी। 21 नवंबर को हेमंत फौजी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पहाड़गंज साइड से दबोचा गया। 2014-2015 के पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के तीन मामलों में भी वह शामिल पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने करीब 10 जवानों को ठगने की बात कबूली है। यह ठगी इसने गत चार से पांच सालों के बीच की थी। तीन केस निजामुद्दीन और आनंद विहार रेलवे स्टेशनों के भी सुलझाने का दावा स्पेशल सेल ने किया है। पुलिस ने आरोपी के पास कई आर्मी के आई कार्ड, हेल्थ काड्र्स, आर्मी जवानों के ड्राइविंग लाइसेंस व एटीएम काड्र्स बरामद किए हैं।

# कैश वैन से लूटी रकम डेढ़ करोड़ से ज्यादा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

द्वारका साउथ थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े कैश वैन लूट की वारदात में पुलिस के हाथ खाली हैं। सूत्र लूट की रकम भी 80 लाख नहीं बल्कि अब डेढ़ करोड़ से ज्यादा बता रहे हैं। हालांकि रकम की आधिकारिक पुष्टि 24 घंटे बाद भी पुलिस अधिकारी नहीं कर रहे हैं। वहीं इस घटना में घायल कैश वैन चालक व गार्ड को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। केस के बारे में पुलिस अभी पुख्ता तौर पर कुछ बताने से कतरा रही है। मामले को सुलझाने में द्वारका जिला पुलिस की आधा दर्जन टीमें जुटी है। इस मामले को लेकर पुलिस कैश वैन लूट के पुराने मामलों पर भी नजर दौड़ा रही है। पहले कैश वैन लूट में शामिल रहे आरोपितों के डोजियर पुलिस खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लूट की रकम करीब डेढ़ करोड़ है। पता चला है कि जब बदमाशों ने दोनों कर्मियों को अगवा किया उस समय वे खाना खा रहे थे। हालांकि यह बात पुलिस को खटक रही है। पुलिस के अनुसार अभी तक की छानबीन में यह पता चला है कि दो बदमाशों ने गार्ड व चालक को धक्का देकर कैश वैन में बिठाया और पिस्टल व चाकू के बल पर उन्हें बंधक बनाते हुए वैन को सेक्टर 11 की ओर ले जाने को कहा। यहां सुनसान जगह पर दोनों को धक्का दिया और बाहर फेंका। इसके बाद वैन में रखे बक्से का ताला तोड़कर नकदी निकाली और फरार हो गए।

### शक के दायरे में पुराने व नए कर्मचारी

पुलिस के अनुसार इस मामले में एटीएम में रुपए डालने वाली कंपनी से कर्मचारियों का ब्यौरा मांगा गया है। पुराने व हाल ही में भर्ती कर्मचारियों से भी पुलिस पूछताछ करेगी। वहीं जो पिछले कुछ दिनों से अवकाश पर उनसे संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

### लूटपाट के दौरान सिर पर डंडे से हमला, 15 लाख लेकर भागे बदमाश

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**
गीता कॉलोनी थाना इलाके में लूटपाट के दौरान बदमाशों ने दिनदहाड़े एक जींस कंपनी के कर्मचारी पर डंडे से हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने कर्मचारी पर पिस्टल भी तानी। इसके बाद आरोपी कर्मचारी से 15 लाख रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए। घायल कर्मचारी का नाम मनोज (30) है। वारदात के दौरान वह बैंक में कैश जमा कराने जा रहा था। उसी दौरान बदमाशों ने उन पर हमला किया। पुलिस ने मनोज की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। सूत्रों की माने तो वारदात के बाद फरार हो रहे आरोपी इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गांधी नगर के कैलाश नगर इलाके में जींस की एक नामचीन कंपनी का शोरूम है। कंपनी होलसेल में कारोबार करती है। मनोज वहीं काम करता है। शुक्रवार सुबह करीब 11:45 बजे मनोज कंपनी के 15 लाख रुपए बैंक में जमा कराने जा रहा था। जैसे ही वह गीता कॉलोनी के 10 ब्लॉक में सिलाई सेंटर वाले चौक पर पहुंचा, तभी बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे घेर लिया।

## राजौरी गार्डन पुलिस की कार्रवाई

# ठगी के आरोप में यूक्रेन के दो नागरिक गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**



डेबिट/क्रेडिट कार्ड से ठगी के आरोप में दो यूक्रेन के नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। राजौरी गार्डन पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों नागरिकों के नाम माईखाइलो लुकियानोए उर्फ मियोशा और मक्सम डोरोफीव है। इनके पास से 137 क्लोन काड्र्स, चार लाख से ज्यादा कैश, चार स्लिप जिन पर काड्र्स के सीरियल नंबर और उनके पिन लिखे थे बरामद किये गये हैं। पुलिस के अनुसार 20 नवंबर को एएसआई राजेश को सूचना मिली थी कुछ विदेशी नागरिक टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के नजदीक एसबीआई के एटीएम से संदिग्ध ट्रांजेक्शन कर रहे हैं। सूचना सीनियर अफसरों के संज्ञान में लाकर टीम मौके पर भेजी गई और मुखबिर के इशारे पर दो यूक्रेन के नागरिकों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में दोनों ने कबूला कि वे अपने चार अन्य साथियों के साथ अलग-अलग देशों के एटीएम कार्ड धारकों का डाटा चुराकर उनके काड्र्स का क्लोन तैयार करते थे। ये लोग टूरिस्ट वीजा पर आते थे। इस बार ये लोग इंडिया में 9 नवंबर को आये थे। यह इनकी इंडिया की छठीं यात्रा थी। ये लोग इंडियन करेंसी को यूरो और डॉलर्स में तब्दील कर अपने शरीर के अंदर छिपाकर ले जाते थे। पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।




## खबर संक्षेप

### दिल्ली के लोगों के हित के लिए दिल्ली में भाजपा सरकार जरूरी : तिवारी

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के दायित्ववान कार्यकतार्ओं से संवाद करते हुए कहा कि मिनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लिए सब कुछ सत्ता है जबकि भाजपा के कार्यकर्ता के लिए खुद से पहले पार्टी और पार्टी से बड़ा दिल्ली के दो करोड़ से अधिक लोगों का जनहित है और यह इस बात से साबित होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण देश के साथ दिल्ली के लोगों के लिए मुफ्त इलाज आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोजगार और स्वरोजगार के लिए सस्ती दरों पर मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, गरीबी के आधार पर आरक्षण जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की लेकिन दिल्ली की आप सरकार के चलते इन योजनाओं का लाभ दिल्ली के लोगों को नहीं मिला।

### संस्कृत अकादमी ने किया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की संस्कृत अकादमी ने श्री महावीर संस्कृत विश्वविद्यापीठ पश्चिम विहार में मध्यमा स्तर के छात्र छात्रओं के लिये संस्कृत भाषण प्रतियोगिता समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर अकादमी के सचिव डॉ0 जीतराम भट्ट, विद्यापीठ के प्रबन्धक रोशन लाल जैन,महावीर संस्कृत विश्वविद्यापीठ की प्रचार्या सुमित्रा, डॉ0 राजकुमारी त्रिखा, डॉ0 शशि तिवारी, प्रो0 सुमन झा सहित अनेक संस्कृत प्रेमी महानुभाव उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौरभ कुमार, शारदा देबी संस्कृत विद्यापीठ, द्वितीय स्थान श्रीनिवास संस्कृत विद्यापीठ के दण्डपाणि को, तृतीय स्थान महर्षि वेद व्यास संस्कृत विद्यालय के हिमांशु मिश्र एवं चतुर्थ स्थान श्री रामऋषि संस्कृत विद्यालय कराला के कृष्णकान्त मिश्र को प्राप्त हुआ।

## पानी और सीवर के लिए नहीं देना होगा इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट चार्ज

# दिल्ली में पानी-सीवर कनेक्शन चार्ज माफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के लाखों परिवारों को बड़ी राहत देते हुए पानी व सीवर कनेक्शन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट चार्ज को माफ करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी और सीवर कनेक्शन के लिए प्लाट साइज के हिसाब से लोगों को एक लाख रुपये से अधिक खर्च करने पड़ते थे। अब दिल्ली में सभी को महज 2310 रुपये खर्च कर पानी व सीवर का कनेक्शन मिल जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे दिल्ली के अंदर अनअकाउंटेड वाटर मांग में भी कमी आएगी। साथ ही लोगों को अवैध कनेक्शन और उससे होने वाली परेशानी से दो-चार नहीं होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी व सीवर के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करना सरकार का काम है। लोग टैक्स देते हैं, इस कारण इंफ्रास्ट्रक्चर पर उनका हक है। यह काम सरकार बगैर इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज लिए करेगी। उन्होंने कहा कि अब इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट चार्ज माफ होने के बाद कनेक्शन लेने वालों की संख्या में तेजी आएगी। कनेक्शन न लेने का कारण डेवलपमेंट व इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज ज्यादा था। जिससे बचने के लिए लोग अवैध कनेक्शन डाल लेते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दो सौ वर्गमीटर के प्लाट पर सीवर व पानी के लिए 1 लाख14 हजार 110 रुपये देने होते थे। जबकि 300 वर्गमीटर के प्लाट के लिए 1 लाख 24हजार 100 रुपये देने पड़ते थे। यह बहुत ज्यादा था। इतना किसी के लिए देना असंभव है। इस कारण अब डेवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज खत्म कर दिया गया है।

दिल्ली जल बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि नौ में से आठ जगह के पानी के नमूने दूसरी जांच में पीने योग्य पाए गए हैं। यह नमूने उन स्थानों से लिए गए, जिनका जिक्र बीआईएस की रिपोर्ट में था। गौरतलब है कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि दिल्ली से लिये गए पानी के सभी 11 नमूने जल की गुणवत्ता मापने वाले 19 मापदंडों पर खरे नहीं उतरे। इसमें कहा गया था कि राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल की गुणवत्ता देश में सबसे खराब है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के उपाध्यक्ष दिनेश मोहनिया ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के आधिकारिक आवास सहित पेयजल के नमूने दो जगह से नहीं लिए जा सके जबकि एक नमूना एक मानदंड पूरा करने में विफल रहा, उसमें जरूरत से कम क्लोरिन था।



### अब लगेगा सिर्फ यह चार्ज

| | |
|---|---|
| ■ फार्म | – 10 रुपये |
| ■ ओपनिंग फी | – 250 |
| ■ पानी एडवांस चार्ज | – 1000 |
| ■ सिक्योरिटी | – 250 |
| ■ आरआर चार्ज | – 800 |
| ■ कुल | – 2310 |

### आरओ कंपनियों के साथ रामविलास पासवान की सांठगांठः चड्ढा

नई दिल्ली। दिल्ली में दूषित पानी को लेकर मची सियासत थमने का नहीं ले रही है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने आरओ कंपनियों के साथ भाजपा और लोजपा के साथ सांठगांठ बताया है। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता राघव चड्ढा ने कहा कि संयोग की एक बड़ी बात यह दशार्ती है कि भाजपा-लोजपा और आरओ कंपनियों के बीच सांठगांठ है। उन्होंने सात ऐसे संयोग बताएं जो इशारा करते हैं कि भाजपा व रामविलास पासवान आरओ कंपनियों के लाभ के लिए काम कर रही है। राघव ने सभी तथ्यों को देखते हुए रामविलास पासवान से नैतिक आधार पर तत्काल इस्तीफा देने को कहा। वहीं आरओ कंपनियों के साथ उनके संबंधों के बारे में सभी विवरणों का खुलासा करने की मांग की।

### सीएम व विधायक पीते हैं मिनरल वाटर, आम जनता के लिए दूषित पानीः स्वराज इंडिया

**नई दिल्ली।** गंदे पानी की आपूर्ति मामले पर स्वराज इंडिया पार्टी ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक पीते है मिनरल वॉटर और आम जनता पीए जलबोर्ड का दूषित पानी। स्वराज इंडिया के अध्यक्ष कर्नल जयवीर ने कहा कि दिल्ली में पानी की विकराल समस्या को लेकर स्वराज इंडिया कई विधानसभाओं में 'जल-स्वराज मुहिम' चला चुकी है। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के पास एकमात्र कार्यभार जल-मंत्रालय का ही है, लेकिन उसमें भी वो बुरी तरह विफल हो गए है। केजरीवाल दिल्ली के लोगों को साफ पानी पहुंचाने में वो पूरी तरह फेल साबित हुए हैं। प्रदेश महासचिव नवनीत ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा अधिकतर इलाकों में गंदे पानी की सप्लाई एक आम बात है। झुग्गी हो या रिहायशी कॉलोनी हर जगह पानी खरीद के पीते हैं दिल्ली के लोग। फिर मुफ्त पानी का दावा कैसे कर सकती है दिल्ली सरकार। पार्टी का कहना है कि अधिकतर इलाकों में प्रत्येक परिवार को प्रति माह बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है पीने के पानी पर। दिल्ली के अधिकतर इलाके में प्राइवेट वॉटर प्लांट और टैंकर माफिया सक्रिय, अंडरग्राउंड वॉटर के अवैध दोहन से दिल्ली में पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है।

### राज्यसभा में गूंजा पानी की गुणवत्ता का मुद्दा

भाजपा व आप सांसद में नोकझोंक व तीखी झड़पे

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्र व दिल्ली सरकार के बीच चल रहे तकरार की आचं राज्यसभा में भी नजर आई। मसलन पानी की गुणवत्ता को लेकर भाजपा विजय गोयल और आप सांसद संजय सिंह के बीच तीखी झड़पे हुई तथा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए दोनों सांसद भिड़ते दिखे। वहीं कांग्रेस और विपक्षी दलों चुनावी बॉण्ड के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की और जेएनयू में फीस बढ़ोतरी का मामला भी उठाया। संसद के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद विजय गोयल ने दिल्ली में पानी की गुणवत्ता को अत्यंत खराब और जहरीला करार देते हुए मुद्दा उठाया।

### पानी के मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं करना चाहता : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि पानी के मुद्दे पर वह कोई राजनीति नहीं करना चाहते हैं। दरअसल, कुछ दिन पहले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि शहर का पानी गुणवत्ता जांच में खरा नहीं उतर पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता दिल्ली में लोगों को साफ पेयजल उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं मीडिया के माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि अगर कहीं भी गंदे पानी की आपूर्ति किये जाने की शिकायत आती है तो दिल्ली सरकार उसका समाधान करेगी। गौरतलब है कि केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने 16 नवंबर को बीआईएस रिपोर्ट जारी की थी, जिसके बाद केंद्र एवं दिल्ली सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया। रिपोर्ट में कहा गया था कि शहर में 11 जगहों से लिये गये पानी के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में खरा नहीं उतर पाये। केजरीवाल ने कहा कि 2015 में आप सरकार ने जब कार्यभार संभाला, उस वक्त करीब 2,300 जगहों पर पानी की गुणवत्ता से संबंधित मुद्दे थे लेकिन अब यह संख्या घटकर 125 रह गयी है।

### दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा का मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूनम पाराशर झा के नेतृत्व में महिला कार्यकतार्ओं ने शुक्रवार को दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय वरूणालय पर प्रचण्ड विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य केजरीवाल सरकार जो दिल्ली की जनता को शुद्ध पानी देने में पूरी तरह से फेल हुई है उसे अकर्मण्यता की गहरी नींद से जगाना था। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी महिला कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल होश में आओ, दिल्ली को स्वच्छ पानी मुहैया करवाओं, स्वच्छ पानी, स्वच्छ वायु, अब हुआ जहरीला, मुख्यमंत्री कुर्सी छोड़ो, समय तुम्हारा हुआ पूरा जैसे नारे लगाए। सरोज पाण्डेय ने कहा कि केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से ही दिल्ली की जनता पानी के लिए तरस रही है। जल बोर्ड के अध्यक्ष होकर भी केजरीवाल जनता को राहत देने में फेल हुये हैं। सत्ता में रहकर जनता को खुश न रख पाये ऐसे मुख्यमंत्री को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### अधिकतर कॉलोनियों में पानी व सीवर कनेक्शन नहीं : विजेंद्र

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में पानी और सीवर के कनेक्शनों पर डैवलपमेंट तथा इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज की माफी यह दिखाता है कि वह अनधिकृत कालोनियों तथा झुग्गी झोपड़ी समूहों को न पानी न सीवर कनेक्शन दे पाई। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणायें सरकार की नाकामियों पर ढक्कन ढंकने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सर कार 650 झुग्गी झोपड़ी समूहों तथा 1525 अनधिकृत कालोनियों में से अधिकतर को ये कनेक्शन उपलब्ध कराने में विफल रही।

### केजरीवाल के ड्रामे को लोग अब बर्दाश्त नहीं करने वाले : तिवारी




नई दिल्ली। दिल्ली में जहरीले पानी के मुद्दे पर शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय पर संयुक्त प्रैसवार्ता बुलाकर दिल्ली के सांसदों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और दिल्ली जल बोर्ड के चेयरमैन अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। इस प्रैसवार्ता को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी, केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन, राज्यसभा सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल, सांसद प्रवेश साहिब सिंह एवं मीनाक्षी लेखी ने सम्बोधित किया। मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में लगातार जहरीला दूषित पानी सप्लाई होने का मुद्दा राजनीतिक और चुनावी नहीं है। यह लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला मुद्दा है इसलिये भाजपा इसे साफ पानी मिलने तक चलाने का संकल्प लेती है। डेढ़ महीने पहले जब दिल्ली में 300 जगहों से पानी के सैम्पल लिये गये थे और सारे सैम्पल सभी मानकों पर फेल हो गये थे तब केजरीवाल ने राजनीति करते हुये कहा था कि दिल्ली से ही सैम्पल क्यों लिये जा रहे हैं। लेकिन जब भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने देश के 20 शहरों से सैम्पल लिये उसमें दिल्ली के सभी 11 सैम्पल सभी 19 मानकों पर फेल हो गये तो केजरीवाल केहने लगे कि पानी पर राजनीति हो रही है। बीआईएस की रिपोर्ट पूरी तरह सही है क्योंकि आज दिल्ली का बच्चा-बच्चा और हर गली में जहरीला, बदबूदार पानी आ रहा है। लेकिन केजरीवाल पानी को लेकर ड्रामा कर रहे हैं जिसे दिल्ली के लोग अब बर्दास्त करने वाले नहीं हैं।

## डीडीए ने किया दिल्ली के मास्टर प्लान 2041 का पहला चरण पूरा

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण(डीडीए) ने मास्टर प्लान 2041 को लेकर चार चरणों में काम किया है। इसका पहला चरण लगभग पूरा होने जा रहा है। डीडीए दावा कर रही है कि मास्टर प्लान 2041 को दिल्ली के चौतरफा विकास के नजरिए से इस तरह तैयार किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक सुविधाएं लोगों को मिले। इस योजना में ग्रामीण, शहरी व व्यवसायिक क्षेत्रों को सुनियोजित तरीके से विकास किया जाएगा। डीडीए की हर संभव कोशिश है कि दिल्ली विकास अधिनियम,1957 के अनुसार मास्टर प्लान तैयार हो सके। जानकारी अनुसार चार चरणों में पहला बेसलाइन और डाटा प्रीपेयरेशन, दूसरा प्रोगमैटिक सेक्टर चरण तीन में एनेबलिंग और चरण चार में कार्यान्वयन को रखा गया है। डीडीए ने पहला चरण बेसलाइन और डाटा प्रीपेयरेशन को पूरा कर लिया है। अब रणनीति निर्माण का दूसरा फेज शुरू हो चुका है जिसकी परियोजना के दिसम्बर 2021 तक पूरा होने की संभावना है।

## गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटाने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की एसपीजी सुरक्षा हटाने के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली कांग्रेस सड़क पर उतरी। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा के नेतृत्व में सैंकड़ो कार्यकर्त्ता व वरिष्ठ नेताओं ने जंतर मंतर से रैली निकाली और सुरक्षा हटाने को एक बड़ी साजिश



करार दिया। कार्यकर्त्ता भीड़ के साथ संसद भवन का घेराव करने के लिए आगे बढ़े। लेकिन कुछ दूर बाद ही पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग के सहारे रोक दिया। जिससे नाराज कांग्रेसियों ने जमकर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बात बिगड़ती देख पुलिस ने एहतियात के तौर पर चोपड़ा सहित अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया, लेकिन बाद में छोड़ दिया। प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने सीधा निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। कांग्रेस का आरोप है कि बदले की भावना के चलते ही पीएम मोदी ने गांधी परिवार व मनमोहन सिंह की एसपीजी सुरक्षा व्यवस्था हटा दी। चोपड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटाया जाना साबित करता है कि मोदी व उनकी सरकार पूर्वाग्रह से ग्रस्त है। सुरक्षा हटाने के पीछे पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सोच काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार एक ऐसा परिवार है जिस परिवार के दो-दो पूर्व प्रधानमंत्रियों ने उग्रवाद के चलते अपनी जान का सर्वोच्च बलिदान इस देश के लिए दिया, जिनमें इंदिरा गांधी और राजीव गांधी शामिल है।

## एमएलए फंड द्वारा रुके कार्य तीन दिन में सुलझाएं : याचिका समिति

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की याचिका समिति ने शुक्रवार को शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव को निर्देश दिया कि विधायक फंड से पार्कों आदि में होने वाले कार्यों के रुक जाने के मामले को तीन दिन के अंदर सुलझाएं। समिति ने कहा कि ऐसा न करने पर नगर निगम दक्षिणी के आयुक्त के खिलाफ विधानसभा की अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। याचिका समिति में की गई शिकायत के अनुसार नगर निगम दक्षिणी के पार्कों में झूले व ओपन जिम आदि लगाए जाने हैं। इसके लिए निगम के तहत आने वाले विधायकों ने नगर निगम को प्रस्ताव दिए थे। शिकायत में आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत नगर निगम ने सभी विधायकों के कार्यों के प्रस्ताव एक में मिला दिये और सभी को मिलाकर एक प्रस्ताव बना दिया। इससे योजना पर खर्च होने वाली राशि निगम आयुक्त के अधिकार क्षेत्र से बाहर निकल गई।

## टीचर्स टैलेंट शो में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उपमुख्यमंत्री ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस में आयोजित टीचर्स टैलेंट शो में भाग लेने वाले शिक्षक प्रतिभागियों को बधाई दी। सिसोदिया सेंट्रल पार्क क्षेत्र में थिएटर, गाने, संगीत नाटक और अन्य प्रदर्शन पेश करने वाले 50 स्कूल शिक्षकों को प्रदर्शित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि इस





शो के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा शिक्षकों के अंदर छिपी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। सिसोदिया ने कहा कि ये शो शिक्षकों को अपनी प्रतिभा दिखाने और विश्वास हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ शहर में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए की गई एक तरह की पहल है।

उन्होंने इस टैलेंट शो ने शिक्षकों में एक नया जोश और उत्साह पैदा किया है। सिसोदिया ने कहा कि शिक्षकों ने इस शो में ना सिर्फ नृत्य प्रदर्शन किए बल्कि बल्कि कई नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिए।

## कई इलाकों का एक्यूआई 400 से पार

# दिल्ली की आबोहवा बनी हुई है बेहद खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की आबोहवा लगातार प्रदूषित बनी हुई है। शुक्रवार की बात करें तो दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में रहा। अधिकारियों के अनुसार अगले दो दिनों में हवा की गति बढ़ने के कारण वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हो सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि अगले 48 घंटों में प्रदूषण स्तर बहुत खराब से सुधरकर खराब की श्रेणी में पहुंच सकता है लेकिन 25 नवंबर के बाद स्थिति फिर से बिगड़ने की आशंका है। शुक्रवार दोपहर दो बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 360 दर्ज किया गया। रोहिणी एक्यूआई 416 के साथ



सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र रहा जबकि बवाना में एक्यूआई 411 और आनंद विहार में 410 दर्ज किया गया। इसके अलावा मुंडक (401), नरेला (401) और विवेक विहार (402) में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पायी गयी।

गौरतलब है कि वायु गुणवत्ता के लिहाज से 201 से लेकर 300 के बीच एक्यूआई को खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। सफर के अनुसार शनिवार को वायु गुणवत्ता सुधरकर बहुत खराब श्रेणी के निचले स्तर तक पहुंच सकती है। रविवार को वायु गुणवत्ता सुधरकर खराब की श्रेणी में पहुंचने का पूवानुमान है।

### बीजिंग से कम समय में दिल्ली के प्रदूषण से निपट लेंगे : जावड़ेकर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर विभिन्न दलों द्वारा चिंता जताए जाने के बीच पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को विश्वास व्यक्त किया कि बीजिंग को वायु प्रदूषण से निपटने में 15 साल लगे, हम इससे कम समय में वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे। लोकसभा में वायु प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन पर नियम 193 के तहत हुई चर्चा का जवाब देते हुए जावड़ेकर ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिये जन आंदोलन की जरूरत है। यह कोई राजनीतिक सवाल नहीं है। इससे हम सभी को मिल कर निपटना है और इसके लिये सतत प्रयास जरूरी है। मंत्री ने कहा कि बीजिंग को वायु प्रदूषण से निपटने में 15 साल लगे हैं, हम इससे कम समय में इसे वायु प्रदूषण को मात देंगे।

### दिल्ली सरकार प्रदूषण के मुद्दे को सियासी वजहों से दे रही तूल : केन्द्र

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा है कि दिल्ली के प्रदूषण में पराली की हिस्सेदारी मात्र तीन प्रतिशत होने के बावजूद दिल्ली सरकार प्रदूषण के मुद्दे को सियासी वजहों से तूल दे रही है। चौधरी ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारणों में किसानों द्वारा पराली जलाये जाने की हिस्सेदारी से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने से उठने वाले धुएं की दिल्ली के प्रदूषण में मात्र तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है। दिल्ली के प्रदूषण में पराली के अलावा अन्य स्थानीय कारण प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए किये गये प्रयासों के परिणामस्वरूप तीनों राज्यों में इन घटनाओं में 54.5 प्रतिशत की कमी आयी है। चौधरी ने कहा कि सरकार किसानों को पराली जलाने से पूरी तरह मुक्ति देने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है।

## एम्स से उपयोगकर्ता शुल्क सूची तैयार करने को कहा गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से कहा है कि वह अपने मरीजों के लिये उपयोगकर्ता शुल्क की समीक्षा करे और एक आदर्श दर-सूची तैयार करे जिसे देश भर में ऐसे सभी छह शीर्ष संस्थानों में लागू किया जा सके जिससे उनके उपयोगकर्ता शुल्कों में एकरूपता आ सके। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन की अध्यक्षता वाले दिल्ली समेत छह एम्स के केंद्रीय संस्थान निकाय (सीआईबी) ने छात्रों के शिक्षण शुल्क के साथ ही विभिन्न नैदानिक प्रक्रियाओं जैसे रक्त की जांच और एक्सरे का एकरूप शुल्क तय करने के लिये इनकी समीक्षा का फैसला किया है। केंद्र द्वारा इस कवायद को अंजाम दिये जाने के लिये कहे जाने के बाद नयी दिल्ली स्थित एम्स प्रशासन ने अपने सभी विभागों, वर्गों, इकाइयों और सुविधा केंद्रों को एक तय प्रारूप में लगाए जाने वाले शुल्कों की दर उपलब्ध कराने को कहा है। इस प्रारूप में सेवाओं का विवरण, मौजूदा लागत मूल्य और मौजूदा लागत से कम उपयोगकर्ता शुल्क तय करने का कारण होगा। वित्त मंत्रालय के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्रालय कई बार पूर्व में एम्स से उपयोगकर्ता शुल्क की समीक्षा और पुनर्निधारण के लिये कह चुका है। ये शुल्क बीते 20 वर्षों से नहीं बदले हैं। एक कार्यालय ज्ञापन में कहा गया कि भारत सरकार (वित्त मंत्रालय एवं स्वास्थ्य मंत्रालय) के निर्देशों के अनुपालन में एम्स, नई दिल्ली द्वारा संस्थान के सभी शुल्कों और उपयोककर्ता दरों की समीक्षा करने की जरूरत है।

**सार्वजनिक सूचना**
(अफोर्डबल ग्रूप हाउजिग कॉलोनी के फ्लेटों का ड्रा)
Tulip Lemon
Sec 69, SOHNA ROAD, Gurgaon
1/2 BHK Flats
लाइसेंसधारकः प्रीमियम इन्फ्राटेक प्रा. लि.
ट्यूलिप लेमन, सेक्टर-69/70, बादशाहपुर गांव, गुड़गांव में अफोर्डबल फ्लैट्स का ड्रा 27 नवम्बर, 2019 को प्रातः 10 बजे होगा। इस ड्रा के अवसर पर सभी आवेदक **क्लब फ्लोरेंस, ई-ब्लॉक, सुशान्त लोक-II सेक्टर-56, गुड़गांव** पर आमंत्रित हैं। ट्यूलिप लेमन, लाइसेंस नं. 132 वर्ष 2014 दिनांक 25.08.2014 मैसर्स प्रीमियम इन्फ्राटेक प्रा. लि. (ट्यूलिप इन्फ्राटेक प्रा. लि. की सहायक कम्पनी) के नाम से है।
कृपया ध्यान दें: गेट पास जारी करने हेतु पावती (Acknowledgement) की मूल प्रति अवश्य लेकर आएं।

## खबर संक्षेप



### मुठभेड़ में दस हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना सिहानी गेट पुलिस ने गुरुवार की देर रात में रिवर हाइट के पास से मुठभेड़ के बाद एक दस हजार के ईनामी लुटेरे को गिरफ्तार किया है । मुठभेड़ में लुटेरा पुलिस की गोली से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । थाना सिहानीगेट पुलिस गुरुवार की देर रात में रिवर हाइट के पास चेकिंग की जा रही थी तभी संदिग्ध अवस्था में बाईक पर सवार दो युवक आते दिखायी दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन युवकों ने रुकने के बजाय बाइक को तेज दौड़ा दिया और पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और जवाबी फायरिंग में बदमाश अशरफ अली पुत्र अली अब्बास निवासी मोहल्ला चकली थाना कोतवाली जनपद अमरोहा हाल पता कैला भट्टा कोतवाली गाजियाबाद पैर में गोली लगने से घायल हो गया पर नीचे गिर गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है । इस दौरान उसका साथी किरणपालमौका पाकर फरार हो गया ।

### मॉल की छत पर मिला शव



**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 18 में स्थित डीएलएफ मॉल की छत पर पीवीआर सिनेमा में काम करने वाले एक कर्मचारी का शव शुक्रवार को मिला है। नगर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 18 स्थित डीएलएफ मॉल की छत पर एक युवक का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान डीएलएफ मॉल में स्थित पीवीआर सिनेमा में काम करने वाले भुवन के रूप में हुई है। मृतक के सिर पर गहरा चोट है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसकी हत्या कर शव को छत पर फेंका गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे जांच की जा रही है। पुलिस मॉल के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के माध्यम से मामले की जांच कर रही है।

### महिला पुलिसकर्मी ने वकील पर लगाया बलात्कार का आरोप

**नोएडा।** नोएडा के थाना बीटा-2 में एक महिला पुलिसकर्मी ने मेरठ के रहने वाले एक वकील के खिलाफ कथित रूप से बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रणविजय सिंह ने बताया कि थाना बीटा-दो में बीती रात को एक महिला पुलिसकर्मी प्रिया (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरठ के रहने वाले अधिवक्ता ललित पराशर ने ग्रेटर नोएडा स्थित उसके घर पर आकर कथित रूप से उसके साथ बलात्कार किया। सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि पीड़िता के अनुसार पुलिस में नौकरी लगने से पूर्व पीड़िता जमीन के विवाद को लेकर पैरवी के लिए उक्त वकील के पास जाती थी। बाद में वह पुलिस में भर्ती हो गई।

### ससुर पर रेप व जेठानी पर तस्वीरें लेने का आरोप,पांच पर केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज, गुरुग्राम।** एक विवाहिता ने अपने ससुर पर रेप करने का व जेठानी पर उस अवस्था में उनकी फोटो खींचने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके पति, सास, ससुर सहित पांच पर मामला दर्ज कर लिया है। गांव खाई निवासी महिला ने सोहना थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी 24 अप्रैल 2018 को तिगरा निवासी सुनील के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित व मारपीट किया जाने लगा।

## जिला बार एसोसिएशन का आह्वान

# वकील से दुर्व्यवहार पर अदालत में रहा वर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



■ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग

प्रदेश की सोनीपत जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार करने के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को जिला की सभी अदालतों में वर्क सस्पेंड रखा गया। अदालतों में अधिवक्ता पेश नहीं हुए। प्रॉक्सी अधिवक्ताओं ने मुवक्किलों को अदालत से अगली तारीखें दिलवाई। उनके मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी, जिससे मुवक्किल भी परेशान दिखाई दिए। जिला बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पारित कर पीड़ित अधिवक्ता को न्याय दिलाने की मांग प्रदेश सरकार से की है। बार के पदाधिकारियों का कहना है कि जब न्याय दिलाने वालों के साथ ही पुलिस दुर्व्यवहार करती है तो सामान्य लोगों के प्रति पुलिस की क्या भूमिका रहती है, इसका अंदाजा खुद ही लगाया जा सकता है। बार सदस्यों का कहना है कि दिल्ली के तीसहजारी अदालत का मामला अभी तक निपटा ही नहीं, इसके तुरंत बाद सोनीपत पुलिस ने भी दिल्ली तीसहजारी के तरह के मामले की पुनरावृति कर डाली। इन घटनाओं को लेकर बार के सदस्यों में भारी रोष देखा जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि सोनीपत वाले मामले में दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाए।

## दुष्कर्म मामला पहुंचा उपायुक्त दरबार

# आरोपी महिला एएसआई के खिलाफ प्रदेश स्तरीय आन्दोलन चलाने की तैयारी

**फरीदाबाद।** रिश्वत लेने के बाद दुष्कर्म का केस रजिस्टर्ड करने का मामला एसीपी, डीसीपी के बाद अब उपायुक्त दरबार में जा पहुंचा है। न्याय न मिलने की सूरत में हुडा कर्मचारियों ने अब आरोपी महिला एएसआई रजनी के खिलाफ प्रदेश स्तरीय आन्दोलन चलाने की तैयारी कर ली है। जानकारी के अनुसार हुडा में कार्यरत दिनेश नामक कर्मचारी के पुत्र का किसी लड़की के साथ अफेयर चल रहा था तथा किसी बात पर दोनों के बीच अनबन होने पर लड़की ने लड़के के खिलाफ सैक्टर-21 स्थित एनआईटी महिला थाने में शिकायत दे दी। बताया गया है कि केस रजिस्टर्ड न करने की एवज में थाने में तैनात महिला एएसआई रजनी ने 10 हजार रूपए बतौर रिश्वत भी ले लिए और बाद में केस भी रजिस्टर्ड कर दिया। इस मामले में आरोपी युवक न्यायिक हिरासत में है। हुडा कर्मी दिनेश ने उपायुक्त फरीदाबाद को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब उसने रिश्वत में दी गई रकम रजनी से वापिस मांगी तो उसने न सिर्फ रकम वापिस देने से इंकार ही कर दिया बल्कि उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने की धमकी दे डाली। इस संदर्भ में आरोपी के पिता दिनेश हुडा कर्मचारी यूनियन के नेतृत्व में पहले एसीपी से मिलें और उसके बाद डीसीपी से मिलकर शिकायत दी।

### क्या कहती है एएसआई रजनी

एनआईटी महिला थाने की एएसआई रजनी का कहना है कि दिनेश के पुत्र के खिलाफ 376 का मामला दर्ज किया गया था तथा इस मामले को रद्द कराने के लिए दिनेश उस पर दवाब बना रहा है तथा जहां तक बात दस हजार रूपए रिश्वत लेने की है तो एक भी पैसा दिनेश से नहीं लिया गया।

### ईवीएम स्ट्रांग रूम बनाने के विरोध में व्यापारियों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** चावला कालोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला के सामने खाली जमीन पर चुनाव आयोग की ओर से बनाए जाने वाले ईवीएम स्ट्रांग रूम के विरोध में शुक्रवार को शहर के व्यापारियों ने प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलंचद शर्मा से मिलकर विरोध जताया और ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने इस संबंध में चुनाव आयोग से बात करने का आश्वासन दिया है। नगर निगम के पूर्व पार्षद दयाचंद यादव के नेतृत्व में मिले व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए खाली पड़ी जमीन पर पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अग्रवाल धर्मशाला के सामने पिछले कई सालों से सरकारी जमीन खाली पड़ी है। जिस पर शहर के लोग सामूहिक आयोजन भी करते रहते हैं। वहीं यह जमीन पार्किंग के रूप में भी इस्तेमाल होती है। चुनाव आयोग इस जमीन पर ईवीएम मशीनों को रखने के लिए स्ट्रांग बना रहा है।

# कर्नल बख्शी होंगे भोजपुरी महाकुंभ के मुख्य अतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में एक दिसम्बर को देवीलाल भव्य समारोह आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में भारतीय आर्मी ऑफिसर जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स से रिटायर्ड कर्नल गगनदीप बख्शी मुख्य अतिथि होंगे। कर्नल गगनदीप बख्शी कारगिल युद्ध के दौरान बटालियन की कमांडिंग कर चुके हैं। इसके लिए उन्हें विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया गया था। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यक्रम की तैयारियों में लगे राजेश पटेल ने बताया कि गुरुग्राम में हर साल डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पूर्वांचलियों की ओर से मनाई जाती है। इस साल भी बड़े पैमाने पर यह जयंती मनाई जा रही है। वहीं पूर्वांचल के नामी कलाकार भी इस समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में फिर दिखाया आरकेआई की छात्रा ने दम



**गाजियाबाद ।** मेरठ - दिल्ली रोड स्थित बाबू बनारसी दास इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में 30 स्कूलों ने भाग लिया और उनके लगभग 100 बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया ।छात्राओं ने विज्ञान मॉडल पेश किए । प्रदर्शनी का थीम सेल्फ सस्टेंड डस्टबिन था खास बात यह है कि संजय नगर स्थित रामकिशन इंस्टिट्यूट की छात्रा खुशबू अपना शानदार मॉडल पेश किया जिसे प्रथम पुरस्कार मिला। आरकेआई के निदेशक डॉ. अलोक गर्ग व प्रधानाचार्य डॉ. मालती गर्ग ने छात्रा को बधाई दी ।

### आईकेट का न्यू जेन मोबिलिटी सम्मिट-2019 गुरुग्राम में

**हरिभूमि न्यूज, गुरुग्राम।** इंटरनेशनल सेंटर ऑफ ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आइकेट) मानेसर द्वारा न्यू जेन मोबिलिटी सम्मिट-2019 देश का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी शो होगा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में भारत सहित 15 देशों के 2500 से अधिक ऑटोमोटिव तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें लाइव टेस्ट डेमोंस्ट्रेशन, ट्रेनिंग सेशन, पैनल डिस्कशन सहित विविध विषयों पर 120 से अधिक टेक्नीकल रिसर्च पेपर्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। आगामी 27 नवंबर से शुरु हो रहे इस मेगा इवेंट का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं जहाज रानी मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि केंद्रीय भारी उद्योग एवं लोक उपक्रम मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर होंगे। कार्यक्त्रम का समापन केंद्रीय भारी उद्योग राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे।

## रोटरी क्लब की कार्यशाला

# महिलाओं को दिए गए स्वस्थ रहने के टिप्स



**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब गाज़यिाबाद सफायर ने शुक्रवार को एक कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें महिलाओं स्वास्थ्य रहने के टिप्स दिए गए । अध्यक्ष रोटरीयन श्रीमती अनु गर्ग द्वारा डॉ मीनू के सहयोग से मेनोपॉज पर एक कार्यशाला की गई । इस मौके पर डॉ मीनू ने बताया कि मेनोपॉज के दौरान अपना ख्याल किस प्रकार रखा जाए डा मीनू ने बताया कि लगभग 95प्रतिशत महिलाए मेनोपॉज के दौरान होने वाले प्रेतिकुल बदलावों आते हैं जिसका असर, चिड़चिड़ापन नींद ना आना,याददास्त कमजोर होना है । इससे बचने के लिए महिलाओ को दूषित भोजन,मीर्च मासले और चीनी से बनी चीजो का सेवन कम करना चाहिए । रोज व्यायाम व योग भी करना चाहिए । मेनोपॉज होने पर महिलाओ को विटामिन डी, सी, इ एवं और कैल्सियम युक्त भोजन करना चाहिए।

# नोडल अधिकारी ने किया अस्पताल व थाने का औचक निरीक्षण

## अधिकारियों को कार्यों में कोई कोताही न बरतने की दी हिदायत



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के नोडल अधिकारी व ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण शुक्रवार को जिले का निरीक्षण पहुंचे और उन्होंने नंदी, जिला एमएमजी चिकित्सालय व सिहानी गेट थाने का निरीक्षण किया और अधिकारियों को अपने कार्यों में कोई कोताही न बरतने की हिदायत दी । नोडल अधिकारी नरेंद्र भूषण दलबल केजिला एमएमजी अस्पताल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि इस चिकित्सालय की बिल्डिंग काफी पुरानी होने के कारण रिनोवेट कराने की आवश्यकता है। नोडल अधिकारी ने चिकित्सालय के भ्रमण करते हुए ओपीडी में मरीजों से गहनता के साथ वार्तालाप किया और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं है उस संबंध में गहनता के साथ जांच पड़ताल की गई। नोडल अधिकारी द्वारा चिकित्सालय के भ्रमण के दौरान ऑपरेशन थिएटर में पहुंचकर वहां अवलोकन किया गया जहां पर उन्होंने आयुष्मान भारत के पात्र लाभार्थियों के द्वारा लाभ प्राप्त किए जा रहे हैं लाभार्थियों की जानलाभार्थियोंकारी प्राप्त की जिसमें बताया गया कि 500 के द्वारा आयुष्मान भारत के अंतर्गत लाभ प्राप्त किया गया है। यहां पर उन्होंने ऑपरेशन पंजिका का गहनता के साथ निरीक्षण किया जिसमें किए जा रहे ऑपरेशन की जानकारी प्राप्त की। चिकित्सालय के डॉक्टरों ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि आयुष्मान भारत के लाभार्थी प्राइवेट चिकित्सालय में अपना इलाज कराने के लिए प्राथमिकता देते हैं और सरकारी अस्पताल में कम आते हैं इसके उपरांत नोडल अधिकारी द्वारा रेडियोलोजी विभाग एवं पैथोलॉजी लैब का भी स्थल निरीक्षण किया गया जहां पर सीटी स्कैन मशीन काफी पुरानी पाई गई और आधुनिक मशीन के लिए शासन को अवगत कराया जाना बताया गया। इसी प्रकार उन्होंने पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया जहां पर मरीजों से बातचीत की गई और मरीजों के द्वारा सही प्रकार से खून की जांच करने के संबंध में नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया। गहन निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी नरेंद्र भूषण महिला जनरल वार्ड में पहुंचे जहां पर उन्होंने इलाज प्राप्त कर रही महिला मरीजों से वार्तालाप किया और मिल रही सुविधाओं के संबंध में गहनता के साथ जांच पड़ताल की।

# प्रदेश में पहले भी चली है गठबंधन की सरकार: बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि प्रदेश में पूर्व में भी गठबंधन की सरकारें बनी और चली हैं। उन्होंने भी अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। वर्तमान में बीजेपी के सहयोगी दल जेजेपी को भी सरकार चलाने का अनुभव है। ऐसे में वर्तमान सरकार को मजबूत सरकार कहा जा सकता है। बराला यहां सेक्टर-51 स्थित गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बैठक में भाजपा हर बात का विश्लेषण करेगी। वहीं विधानसभा चुनाव में कम सीटें आने के हर पहलू पर बारीकी से बात की जायेगी। चुनाव में हारने का हर एक कारण जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 2014 की तुलना में इस बार साढ़े तीन फीसदी मत अधिक हासिल किये हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि बैठक में जीते हुए विधायकों व विधानसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों पर भी विचार-विमर्श होगा। जो विधायक चुनकर आये हैं, वह किस तरीके से अपनी विधानसभा में काम करें, इस पर भी विचार होगा। बीजेपी के संगठन चुनाव पर चर्चा की जायेगी। बराला के साथ संगठन मंत्री सुरेश भट्ट, करनाल के सांसद संजय भाटिया सहित कई भाजपा के नेता मौजूद रहे।

## होण्डा अस्थायी श्रमिकों का धरना 18वें दिन भी जारी

# श्रमिक संगटनों ने समर्थन में किया पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



आईएमटी मानेसर स्थित होण्डा मोटर्स के सैकड़ों अस्थायी श्रमिक पिछले 18 दिनों से कंपनी गेट पर अपनी नौकरी बचाने के लिए कंपनी प्रबंधन के विरोध में कंपनी के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं। जहां आंदोलनरत श्रमिकों की हौंसला अफजाई के लिए श्रमिक नेता धरना स्थल पर पहुंचकर उनके आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं, वहीं शुक्रवार को श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाली ट्रेड यूनियन काउंसिल के आह्वान पर श्रमिकों को समर्थन देने वाली श्रमिक यूनियनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आईएमटी मानेसर से लेकर गुड़गांव स्थित मिनी सचिवालय तक प्रदर्शन का आयोजन किया। काउंसिल के सदस्यों कामरेड सतबीर सिंह, अनिल पंवार, राम कुमार, बलवान सिंह, कुलदीप जांघू ने बताया कि करीब 17 किलोमीटर पैदल चलकर श्रमिक मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन करने के लिए रवाना हुए। श्रमिक नेताओं ने बताया कि प्रदर्शन में शामिल श्रमिक हाथों में बैनर लिए कंपनी के विरोध में नारे लगाते हुए दिखाई दिए। सर्दी के इस मौसम में श्रमिकों का उत्साह कम होता दिखाई नहीं दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते लोगों का ध्यान भी प्रदर्शनकारियों ने अपनी ओर आकर्षित किया और उन्हें भी कंपनी प्रबंधन के अत्याचारों से अवगत कराया। उन्होंने श्रम विभाग, जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि यदि समय रहते इन श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं कराया गया तो आईएमटी मानेसर औद्योगिक क्षेत्र ही नहीं, अपितु अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी श्रमिक अशांति व्याप्त हो सकती है, जिसको संभालना बड़ा मुश्किल हो जाएगा। यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन व जिला प्रशासन की ही होगी। उधर जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए थे, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके।

### श्रमिकों में रोष

श्रमिक नेताओं ने बताया कि होण्डा मोटर्स श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष सुरेश गौड़ ने श्रमिकों की नौकरी बचाने व कंपनी प्रबंधन की हठधर्मिता को ज्ञापन के माध्यम से श्रम विभाग के अधिकारियों को चेताया और उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। सुरेश गौड़ का कहना है कि श्रमिक पिछले 18 दिनों से शांतिपूर्वक सर्दी के इस मौसम में खुले आसमान के नीचे बैठकर अपना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। वार्ताओं का आयोजन महज दिखावा मात्र है। प्रबंधन श्रमिकों से किसी प्रकार का कोई समझौता करना ही नहीं चाहती, जिससे श्रमिकों में रोष व्याप्त होता जा रहा है।

## होमगार्ड घोटाला

# पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे गए आरोपी



**नोएडा।** जनपद गौतम बुध नगर के होमगार्ड वेतन घोटाले में गिरफ्तार किए गए मंडलीय कमांडेंट राम नारायण चौरसिया, सहायक जिला कमांडेंट सतीश चंद्र और अवैतनिक प्लाटून कमांडर सतवीर यादव, शैलेंद्र कुमार तथा मंटू कुमार को नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। नोएडा पुलिस ने आरोपियों की 10 दिन की रिमांड की मांगी थी, लेकिन अदालत ने पांच दिन की रिमांड दी। इनसे नोएडा पुलिस 26 नवंबर की शाम तक पूछताछ करेगी। मामले की जांच कर रहे निरीक्षक आजाद तोमर ने पांचों आरोपियों को जेल से पुलिस कस्टडी रिमांड में लिया। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस इस घोटाले की एक- एक कड़ी को जोड़कर सबूत इकट्ठा करने का प्रयास करेगी, क्योंकि इस घोटाले से जुड़े लोगों ने होमगार्ड जिला कमांडेंट कार्यालय में सबूत को नष्ट करने के लिए दस्तावेजों में आग लगवा दी है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के लिए लोगों की लंबी सूची बनाई गई है, जिसमें मुख्य रूप से यह पता करने का प्रयास किया जाएगा कि इन लोगों ने जनपद में तैनात थानाध्यक्षों की फर्जी मोहरे कहां से बनवाई, इस घोटाले में कौन अधिकारी तथा कर्मचारी शामिल है, भ्रष्टाचार की रकम किस स्तर तक पहुंचती थी। उन्होंने बताया कि थाना स्तर के पुलिसकर्मियों की भी जांच होगी।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे ओएमआर

**भिवानी।** 16 व 17 नवम्बर को आयोजित हुई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के परीक्षार्थी 23 नवम्बर से ओएमआर ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि जो परीक्षार्थी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लेवल-1 (पीआरटी),लेवल-2 (टीजीटी) व लेवल-3 (पीजीटी) की ओएमआर की छायाप्रति प्राप्त करना चाहते हैं वे निर्धारित शुल्क 100/- ररुपये ऑनलाइन जमा करवाकर 23 से 60 दिनों तक बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### वेरिफिकेशन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर

**भिवानी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर शिक्षण संस्थानों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय व दिव्यांग जन के छात्रों के आवेदनों की वेरिफिकेशन की जा रही है। वेरीफि केशन की अन्तिम तारिख 30 नवंबर है। उपायुक्त सुजान सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019-2020 के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर सभी शिक्षण संस्थानों के वेरीफिकेशन (केवाईसी )पुनः पंजीकरण की जानी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए 5655 तथा दिव्यांगजन छात्रवृत्ति के लिए 104 आवेदन लंबित हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार जब तक शिक्षण संस्थानों द्वारा आवेदनों की जांच नहीं की जाएगी तब तक छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं की जा सकती। उन्होंने सभी सरकारी-गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, के मुखियाओं को निर्देश दिए हैं कि 25 नवंबर से पहले आवेदनों की जांच करके जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षण संस्थानों के पास नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल का युजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध है, वे ऑनलाईन दस्तावेज भिजवा सकते हैं।

### 31 मार्च तक फाटकों पर बनेंगे अंडर व ओवर ब्रिज

**अंबाला।** रेलवे की ओर से 31 मार्च तक अंबाला मंडल के अतर्गत सभी रेल फाटकों पर अंडर ब्रिज व ओवर ब्रिज बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अंबाला रेलमंडल के नवनियुक्त डीआरएम गुरविन्द्र मोहन सिंह ने बताया कि हमारे पूरे डिविजन में 36 अंडर व ओवर ब्रिज का टारगेट रखा गया था, जिसमें से 11 का कार्य पुरा हो चुका है। जबकि अन्य का कार्य तेजी से चल रहा है। हम 30 नंवबर को भी अम्बाला सहारनपुर रेल मार्ग पर लेवल क्रॉसिंग के लिए भी कार्य होगा। धुंध को लेकर हम पहले से ही पूरी तरह से सतर्क है। स्टाफ की कांउसलिंग करवाई जा रही है। औचक निरीक्षण भी किए जा रहे है। रेलगाड़ियों पर डेट्रोनेटर लगाने सिंगन फेलयिर को कम से कम हो इसके लिए विशेष ध्यान दिए जा रहे है। डेरिकेटिड फ्रीड कॉरीडोर के काम भी रेलवे लाइनों के साथ चल रहे है। ऐसे में सुरक्षा के उपायों को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

## हरियाणा: तहसीलदार और विधायक ने लगाया एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार का आरोप

# विधायक ने कहा : भ्रष्टाचार में लिप्त है तहसीलदार

# तहसीलदार बोला : फर्जी केस दर्ज करवा रहा एमएलए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना तहसील कार्यालय में कार्यरत तहसीलदार कंवल सिंह ने एसीएस वित्तायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा चंडीगढ़ को पत्र भेजकर अपनी बदली करवा अटेली के विधायक से नौकरी बचाने की गुहार लगाई है। अधिकारियों को भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा कि 6 जून 2018 को एसीएस के आदेश पर पुन्हाना से चरखी दादरी लगाया गया था। जहां उन्हें पूर्व कृषि मंत्री ओपी धनखड़ पर परेशान का आरोप लगाते हुए रजिस्ट्रेशन की शक्तियां वापस लेने की बात कही। इन आदेशों को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चेलैंज किया तो तत्कालीन एसीएस केशनी आनंद अरोड़ा ने मध्यसता करते हुए भविष्य में नाजायज तंग न करने का आश्वासन देते हुए रिट वापस लेने को कहा। उसके बावजूद स्थानातंरण एसीएस राजस्व कार्यालय चंडीगढ़ में किया गया। इस स्थानांतरण आदेश को तहसीलदार ने सीडब्ल्यूपी नम्बर 5118-2019 पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में दायर किया, जिस पर बंदी आदेश जारी किए गए। जिससे वह चरखी दादरी कार्यालय में ही कार्यरत रहा, लेकिन सरकार की मंशा उसके खिलाफ रही। जिसके चलते तबादला करने का बार-बार प्रयास किया गया। अंत में उससे नूंह या तावडू में बदली करने की लिखित सहमति ले ली। 12 सितंबर 2019 को उसकी बदली नूंह कर दी गई।

उसके बाद वहां पर कांग्रेस नेता आफताब अहमद ने विस चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए उनकी शिकायत की। उपायुक्त नूंह की ओर से 30 सितंबर 2019 को उनका तबादला नूंह से कनीना कर दिया गया। कनीना के आरई, रि-इंपलोय तहसीलदार रोशन लाल को नूंह लगा दिया। कंवल सिंह ने कहा कि सीडब्ल्यूपी 5118 कंवल सिंह यादव बनाम स्टेट ऑफ हरियाणा की आगामी सुनवाई 20 जनवरी 2020 है, जिस पर स्टे करना बताया गया है। इस आदेश के मुताबिक उनकी नियुक्ति चरखी दादरी में ही है, लेकिन नूंह से कनीना बदली कर अदालत के आदेशों की अवहेलना की गई है।

### जनता की ओर से मिल रही भ्रष्टाचार की शिकायत



अटेली के हलका विधायक सीताराम यादव ने कहा कि उनका गावों में धन्यवादी दौरा चल रहा है। तहसीलदार भ्रष्ट है, जनता की ओर से उन्हें शिकायतें मिल रही हैं। इस बात की जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व चंडीगढ़ अधिकारियों को दी गई है। आगामी 25 नवबंर को सीएम से साथ मिटिंग है, उसमें पुनः इस मुद्दे को रखा जाएगा। जनता ने हमें नुमाईंदा चुनकर विधानसभा भेजा है, जनता की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि उसने चंडीगढ़ अधिकारियों को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने कहा कि भूमि का पंजीकरण कराने के लिए उपभोक्ताओं से मोटी रकम वसूली जा रही है। उन्होंने चौकीदारी, नंबरदारी व तकसीम के केसों में भी तहसीलदार पर रुपए लेकर फैसले करने का आरोप लगाया है।

### मुझ पर 2011 में फर्जी केस बनाया था : कंवल सिंह

■ तहसीलदार ने विधायक पर फर्जी केस में फंसाने की संभावना जताते हुए तबादले की मांग की

तहसीलदार ने अटेली के नवनिर्वाचित विधायक सीताराम पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2011 में जब वे अटेली कार्यरत थे तब सीताराम ने रिश्वतखोरी का फर्जी केस बनवाया था। उस समय पटवारी व सीताराम पूर्व सरपंच तथा वर्तमान विधायक प्रोपर्टी डिलिंग का काम करते थे। मार्च 2011 में रजिस्ट्री करवा कर चले गए थे। सायं 5 बजे आरसी के रिश्तेदार से 5 हजार रुपए का लेनदेन किया। विजिलेंस ने सुरेंद्र के रिश्तेदार व अन्य को गिरफ्तार कर लिया। तहसीलदार कंवल सिंह को भी इस केस में फंसाया गया। इस सभी तथ्यों को देखते हुए तहसीलदार ने विधायक पर अब पुनः किसी फर्जी केस में फंसाने की संभावना जताते हुए शीघ्रता से अपना तबादला नूंह-तावडू या चरखी दादरी करने की मांग की है।

# 10वीं की छात्रा ने लगाया फंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर के गढ़ शहजादपुर स्थित घर में एक दसवीं की छात्रा ने घर पर फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि छात्रा मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। जहां परिजनों के बयान कलमबद्ध कर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिए।

■ परिजन बोले : लंबे समय से चल रही थी बीमार

गांव गढ़ शहजानपुर निवासी ताशू (14) गांव के स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। परिजनों ने बताया कि वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। इसलिए स्कूल नहीं जा रही थी। परिजनों ने बताया कि ताशू की मां मीना घर के बाहर कुछ काम कर रही थी। सुबह करीब 10 बजे जब वह अंदर पहुंची तो बेटी को फंदे पर लटका देख चिल्लाने लगे। उसकी चिल्लाने की आवाज सुनकर अन्य परिजन व आस-पड़ोस के लोग पहुंचे और ताशू को फंदे से उतार तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में शवगृह के पास छात्रा के परिजनों के बयान कलमबद्ध करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### पिता की मौत के बाद से रहती थी परेशान

परिजनों ने बताया कि ताशू के पिता अनिल की करीब अढ़ाई साल पहले मौत हो चुकी है। उन्हें ब्लड कैंसर था और उनका उपचार पीजीआई रोहतक में चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद से ताशू मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इसी परेशानी के चलते उसने फंदा लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

### नाबालिग नातिन को बेचने वाली नानी काबू

**कोसली।** अपनी ही नाबालिग नातिन को बेचने की आरोप में आरोपित नानी को सेक्टर-छह धारूहेड़ा थाना पुलिस पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर यहां लेकर आई है। इस मामले में पुलिस चार आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। एएसआई महेन्द्र ने बताया कि पश्चिम बंगाल निवासी एक नाबालिग ने छह जनवरी 2019 को शिकायत देकर बताया था कि दिसंबर 2018 में उसकी नानी उसे व उसकी छोटी बहन को उनका आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए धारूहेड़ा लेकर आई थी। एक जनवरी 2019 को उसकी नानी, मां व सौतेला पिता उसे धारूहेड़ा स्थित एक फ्लैट पर ले गए तथा दादारी के गांव रानिला निवासी गोपाल को सौंप दिया। गोपाल ने नाबालिग से कहा कि वह अब उसकी पत्नी है। आरोपित गोपाल ने नाबालिग को बताया कि उसके माता-पिता को पैसे देकर मैने तुझे खरीद लिया है। परंतु नाबालिग आरोपितों से बच कर लोगों के पास पहुंच गई थी तथा मदद मांगी थी। लोगों की सूचना पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर मामला दर्ज कर अदालत में बयान दर्ज कराए थे।

# सिर में रॉड मारकर मजदूर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

■ पंजाब से नरमा चुगाई के लिए दोस्तों संग आया था

■ शराब पीते समय हुआ झगड़ा

जिला के गांव साहुवाला प्रथम में बठिंडा पंजाब से नरमा चुगाई के लिए आए मजदूर की उसके ही साथी मजदूरों ने शराब पीकर हुए झगड़े के दौरान सिर में लोहे की रॉड मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। परिवार के लोगों ने रात्रि को पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर बड़ागुढ़ा थाना प्रभारी राजकुमार अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने परिजनों के बयानों के बाद तुरंत शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

पुलिस को दिए बयानों में मृतक की पत्नी परमजीत कौर ने बताया कि वे बठिंडा पंजाब के धोबियान मोहल्ला, मच्छी चौक के स्थाई निवासी हैं। इसी मोहल्ले के कई परिवार गांव साहुवाला प्रथम में किसान गुरदीप सिंह की ढाणी में नरमा चुगाई के लिए आए हुए हैं। उसने बताया कि बीती बृहस्पतिवार की रात्रि को उसके पति 40 वर्षीय कश्मीर सिंह का उसके साथ आए बंता सिंह, उसका बेटा बिट्टू सिंह व भाई रूप सिंह के साथ शराब पीकर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई है कि तीनों ने मिलकर लोहे की रॉड से कश्मीर के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बेसुध होकर गिर गया। शोर सुनकर आसपास के काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने तुरंत कश्मीर सिंह को बड़ागुढ़ा अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### शराब को लेकर कहासुनी ईंट मारकर की हत्या

**कैथल।** गांव ग्योंग में शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी में 19 वर्षीय युवक ने 55 वर्षीय बुजुर्ग की ईंट मारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। हत्या के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो या। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव ग्योंग के निकट बने एक कमर में 55 वर्षीय महावीर और करीब 20 वर्षीय मोनी बैठकर शराब पी रहे थे। जहां शराब पीते हुए दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित मोनी ने महावीर के सिर में इंट मार दी। ईंट लगने के कारण महावीर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक के परिजनों के बयान लेकर आरोपी पर मामला दर्ज करने की कार्रवाई जारी है। थाना पुलिस सदर प्रभारी ललित मोहन ने कहा कि प्राथमिक जांच में यही सामने आया है कि दोनों के बीच शराब पीते हुए झगड़ा हुआ है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शादी में आए व्यक्ति की बाइक को लगाई आग

**कनीना।** गांव स्याणा में शादी समारोह में आए एक व्यक्ति की बाइक को अज्ञात व्यक्तियों ने उठाकर आग के हवाले कर दिया। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार दिनेश कुमार निवासी तलवाना थाना नीमराणा, जिला अलवर स्याणा गांव में छोटूराम के पुत्र संदीप की शादी में आया था। 21 नंवबर को बाइक को उनके घर पर खड़ा करके बारात में चला गया था। 22 नवबंर को सुबह करीब 7 बजे बाइक को देखा तो वहां नहीं मिली। कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि एक बाइक बालरोड़ सीमा की ओर जली हुई हालत में पड़ी है। मौके पर जाकर देखा तो वहीं बाइक मिली। थाना प्रभारी राजकुमार ने कहा कि शिकायत के आधार पर बाइक चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। जल्द ही आरोपितों को काबू किया जाएगा।



कनीना। गांव स्याणा से चुराई गई बाईक आग लगाकर जलाई।

# हरियाणा के कुछ जिलों में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में, पंजाब में भी स्थिति खराब

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कई जिलों में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक ''बेहद खराब'' श्रेणी में दर्ज किया गया जबकि पड़ोसी राज्य पंजाब के कई हिस्सों में भी हवा की गुणवत्ता खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार पलवल, बल्लभगढ़, रोहतक, यमुनानगर, हिसार, जींद का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में क्रमशः 374, 317, 319, 311, 332 और 346 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा के कई अन्य जिलों में एक्यूआई ''खराब'' श्रेणी में दर्ज किया गया, जिनमें अंबाला (230), बहादुरगढ़ (286), भिवानी (298), पानीपत (297), गुरुग्राम (288) और फतेहाबाद (256) शामिल हैं। पंजाब में, मंडी गोबिंदगढ़ में हवा की गुणवत्ता ''बहुत खराब'' श्रेणी में दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 323 रहा। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के अन्य स्थानों में, जालंधर का एक्यूआई 259 रहा, जबकि बठिंडा और अमृतसर में एक्यूआई क्रमशः 148 और 119 दर्ज किया। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 271 दर्ज किया गया था, जिसे ''खराब'' श्रेणी में माना जाता है।

## पंजाब मॉडल फार्मों को विकसित कर फसल विविधता को बढ़ाएगा

**नवांशहर।** पंजाब सरकार, राज्य में फसल विविधता को बढ़ावा देने के लिए विश्वबैंक की मदद से मॉडल फार्म विकसित करेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा ने यहां कहा। उन्होंने यह भी कहा कि मॉडल कृषि गतिविधियां, पारंपरिक फसलों का वैकल्पिक विकल्प प्रदान करेगीं। इस कदम का उद्देश्य सतत विकास और नकदी फसल अर्थव्यवस्था है।उन्होंने कहा कि शुरुआत में, इन खेतों को राज्य के चुनिंदा इलाकों में और बाद में अन्य क्षेत्रों में विकसित किया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह पंजाब को हर सूरत में एक मॉडल राज्य में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपायुक्त विनय बुबलानी ने मंत्री को स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

## लुधियाना की अदालत ने 1995 के मामले में बब्बर खालसा के आतंकवारी को बरी किया

**लुधियाना।** शहर की अदालत ने 1995 में बरामद विस्फोटक, हथियार और गोला-बारूद से जुड़े एक मामले में बब्बर खालसा के आतंकवादी जगतार सिंह हवारा को शुक्रवार को बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुण वीर वशिष्ठ की अदालत ने उसे रिहा करने के आदेश जारी किये। हवारा हालांकि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में जेल में ही रहेगा। हवारा अभी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। बचाव पक्ष के वकील जसपाल सिंह मंजपुरा ने कहा कि कोतवाली पुलिस ने यहां 23 दिसंबर 1995 को उनके मुवक्किल के खिलाफ शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पांच किलो आरडीएक्स, एक एके-56 राइफल, 60 कारतूस, एक रिमोट कंट्रोल और एक वायरलेस सेट यहां नयी कुंदन पुरी इलाके से बरामद किया गया था।

# फेसबुक पर दोस्ती नौकरी का झांसा दे युवती से किया रेप

■ युवती सोनीपत की रहने वाली, आरोपित ने दादरी बुलाया

**चरखी दादरी।** बीती देर सांय सोनीपत निवासी युवती ने दादरी जिला निवासी एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दी है। पुलिस ने इस संबंध में दो युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। सोनीपत निवासी युवती ने बताया कि वह एसएससी की कोचिंग लेती है। कुछ दिन पहले दादरी निवासी एक युवक के साथ फेसबुक पर उसकी दोस्ती हो गई। पहले फेसबुक पर दोनों की बातें होती रही बाद में फोन पर बात होनी शुरू हो गई। उक्त युवक ने पहले उसकी पूरी पारिवारिक डिटेल ली। युवती ने बताया कि उक्त युवक ने उसको झांसा दिया कि सरकार में उसकी अच्छी चलती है वह उसको सरकारी नौकरी लगवा देगा। युवक ने उसको झांसा देकर दादरी बुला लिया। आरोपित युवक अपने दोस्त के साथ बस स्टैंड पर मिला जो उसको गाड़ी में बिठाकर कालेज रोड पर एक मकान में ले गया। उसका दोस्त उनको छोड़कर वापिस चला गया।


## लापता महिला की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका **नाम:** बिपुल, **पत्नी:** निर्मल, **पता:** माकन नं. 2285, गली नं. 01, ट्राजीट कैम्प, आनंद पर्वत, दिल्ली, **उम्र:** 36 साल, **कद:** 5 फीट, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** पीले रंग की सूट व सलवार, हवाई चप्पल पहनी हुई, जो दिनांक 22.10.2019 को समय सुबह 08:00 बजे से एरिया थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली से लापता हो गई है।

इस संदर्भ में DD No. 37A, दिनांक 08.11.2019, थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली
फोन: 011-28762468, 28764806
DP/6729/CD/19


# देश-विदेश से ब्रह्मसरोवर के तट पर पहुंच शिल्पकार

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आज होगा उद्घाटन

### मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा और शिल्प व शिक्षा मंत्री गुर्जर आज करेंगे सरस मेले का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश से शिल्पकार ब्रह्मसरोवर के तट पर पहुंच चुके हैं। इस महोत्सव में प्रदेश के सभी राज्यों से सरस मेले में शिल्पकार पहुंचने शुरु हो गए हैं। एनजेडसीसी की तरफ से राष्ट्रीय एवं विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित शिल्पकारों को शिल्प मेले में बुलाया गया है। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2019 में विश्व की संस्कृति के बहुरंग नजर आएंगे। इस महोत्सव में अलग-अलग देशों की संस्कृति के रंग बिखरने से कुरुक्षेत्र की फिजा में भी विभिन्न प्रदेशों और देशों की महक फैलेगी। इसका एहसास महोत्सव में आने वाले पर्यटक को खुद ब्रह्मसरोवर के पावन तट पहुंचने पर हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2019 में 260 से ज्यादा देश विदेश से आने वाले शिल्पकारों के स्टाल लगेंगे। डीआरडीए की तरफ से सरस मेले में 250 स्टाल लगाए जाएंगे, 50 स्टाल कुरुक्षेत्र के स्थानीय लोगों को अलाट किए गए है, रेवाड़ी के टेक्सटाइल और 10 स्टाल खादी ग्रामोद्योग मंडल को अलाट किए गए है। 100 से ज्यादा स्टाल सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं को भी आवंटित किए गए हैं। इन कलाकारों और महोत्सव का आनंद लेने वाले लाखों लोगों के स्वागत के लिए प्रशासन ने तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए है। उपायुक्त डा. एसएस फुलिया शुक्रवार को केडीबी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधाति कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर के तट पर अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शिल्प और सरस मेले का आयोजन 23 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक किया जाना है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र, एचटीसी और डीआरडीए की तरफ से ब्रह्मसरोवर पर क्राफ्ट और सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। ये मेले सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक चलेंगे। 3 दिसम्बर को ब्रह्मसरोवर पर अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों का शुभारम्भ होगा। सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से 3 दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक राज्यस्तरीय विकासात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। शिल्प मेले का उद्घाटन 23 को सायं 4 बजे हरियाणा की मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा और शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर करेंगे। गीता महोत्सव में प्रशासन की तरफ से केडीबी कार्यालय में तमाम सुविधाओं से लैस मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है। इस मीडिया सेंटर का उद्घाटन 23 नवम्बर को होगा। प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।



**कुरुक्षेत्र।** केडीबी कार्यालय में अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त डा. एसएस फुलिया। *फोटो : हरिभूमि*

### गुरदास मान होंगे आकर्षण का केन्द्र


एनजैडसीसी की तरफ से अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 3 दिसम्बर 2019 के लिए प्रसिद्घ कलाकार गुरदास मान, 4 दिसम्बर को अमिषा पटेल, 5 दिसम्बर को दिलेर मेंहदी, 6 दिसम्बर को कुमार विश्वास व गजेन्द्र सोलंकी, 7 दिसम्बर को अभिजीत भट्टाचार्य और 8 दिसम्बर को सतिन्द्र सरताज का नाम फाइनल किया गया है। इन तमाम कार्यक्रम का आयोजन तिरूपति बालाजी मन्दिर के पास मेला ग्राउंड में भव्य पंडाल में किया जाएगा।

## पंजाब : डोप जांच में असफल रहे दो पुलिसकर्मी बर्खास्त, 12 लाइन हाजिर

■ आईएएस संदीप के नेतृत्व में टीम का गठन

**अमृतसर।** डोप जांच में असफल रहने के कारण एक सहायक उपनिरीक्षक और कांस्टेबल को नौकरी से निकाल दिया गया है जबकि 12 अन्य को तरन तारन पुलिस लाइन में हाजिर होने को कहा गया है। तरन तारन के पुलिस अधीक्षक जगजीत सिंह वालिया ने बताया कि अमृतसर सदर अस्पताल में 23 पुलिसकर्मियों की डोप जांच हुई। इनमें से 14 परीक्षण में असफल रहे। इससे पहले भी इन्हीं पुलिसकर्मियों की तरन तारन सदर अस्पताल में जांच हुई थी जब सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आयी थी। तरन तारन के उपायुक्त प्रदीप सभरवाल ने गलत रिपोर्ट तैयार करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ जांच के लिए मंगलवार को आईएएस अधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में ऐक टीम का गठन किया।


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम :** अज्ञात **पुत्र :** अज्ञात, **निवासी :** अज्ञात, **उम्र :** 32 साल, **लिंग :** पुरुष, **कद :** 5 फीट 2 इंच, **रंग :** सांवला, **चेहरा :** अंडाकार, **शरीर :** पतला, **बाल :** सिर और दाढ़ी के काले बाल हैं, **पहनावा :** लाल टी–शर्ट और नीली जीन्स पहनी हैं, जो 14.11.2019 को बी.के.एस. मार्ग बस स्टैंड, गुरुद्वारा बंगला साहिब के नजदीक, नई दिल्ली में पाया गया था, इसे लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया था जहां डाक्टरों ने ईलाज के दौरान इसे मृत घोषित कर दिया हैं और इसके मृत शरीर को 72 घंटों के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। इस संबंध में पुलिस थाना मंदिर मार्ग, दिल्ली में डीडी संख्या 14-A दिनांक 19.11.2019 को पंजीकृत किया गया है। इस व्यक्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के उचित प्रयास स्थानीय पुलिस द्वारा किये गये, लेकिन कोई भी सूत्र प्रकाश में नहीं आया। इस व्यक्ति के संबंध में किसी के पास कोई भी जानकारी या सूत्र हो तो वह कृपया निम्न से संपर्क करें:

थानाध्यक्ष
थाना मंदिर मार्ग, दिल्ली
DP/2159/NDD/19. फोन नं. 011–23364100, 23366730

## खबर संक्षेप



### बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू

**पटना।** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के साथ शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन सीएम नीतीश कुमार के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव व उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव भी सदन पहुंचे। सत्र के पहले ही दिन विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन के बाहर और अंदर केंद्र, राज्य सरकार पर हमला बोला। विस कार्यवाही शुक्रवार को शुरू होने पर विधान सभाध्यक्ष विजय चौधरी ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। विस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र विमर्श आपसी समझदारी भरोसा करता है। इसके बाद सदन ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विजय चौधरी ने सदन की कार्यवाही सोमवार को 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### पूरे देश में एनआरसी लागू करने का निर्णय सही: रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पूरे देश में एनआरसी लागू करने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, इससे घुसपैठ, राष्ट्र विरोधी तत्वों से संबंधित मसले स्थायी रूप से हल हो जायेंगे। यह कवायद विशेष रूप से उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्यों के लिये महत्वपूर्ण है। उत्तराखंड में खुली अंतरराष्ट्रीय सीमाएं हैं। इसलिये एनआरसी का महत्व यहां, अन्य सीमावर्ती राज्यों में और बढ़ जाता है।

### सघन वाहन चेकिंग के दौरान मिली कामयाबी

# दो वाहनों से एक करोड़ रुपये जब्त

**झारखंड विस चुनाव: धनबाद जिले में 49 लाख रुपये के साथ व्यवसायी पकड़ा गया**

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक बरामद किया है। शुक्रवार को पलामू व धनबाद जिला से यह रकम बरामद की गई है।

धनबाद जिला के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में लटानी चेक पोस्ट के पास फ्लाइंग स्क्वायड की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। यहां से टीम ने 49 लाख रुपये के साथ एक व्यवसायी को पकड़ा। व्यवसायी अमित कुमार साह देवघर से गोविंदपुर आ रहे थे। इसी दौरान चेकपोस्ट पर पुलिस ने इन्हें रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया। जांच के लिए आयकर विभाग के अधिकारी को भी बुला लिया गया है। गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क पर पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत लटानी चेक नाका पर विस चुनाव के तहत चल रहे सघन वाहन चेकिंग के दौरान एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) ने शुक्रवार को दिन में लगभग 11 बजे लाल रंग की हुंदई कार से 49 लाख रुपये नगद बरामद हुए।

रुपये एक काले रंग के बैग में भरे कपड़ों के नीचे छुपाकर ले जाया जा रहा था। सभी बंडल 500 रुपये के नोट के थे। रुपये बिंदु भूषण सरकार रोड, विलियम्स टाउन देवघर निवासी अमित कुमार साह व उनकी पत्नी पम्मी साह बताया गया है।

ये लोग गोविंदपुर निवासी अपने रिश्तेदार रूपेश कुमार साह के यहां जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी एफएसटी के मजिस्ट्रेट सुजीत कुमार महतो के अनुसार, सुबह 11 बजे के करीब देवघर से गोविंदपुर आ रही लाल रंग की कार को लटानी के पास बने चेकनाका पर रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान कार की डिक्की में रखे बैग को खोलने के लिए कहा तो उन्होंने कहा, उसमें कपड़े रखे हैं।



**पति-पत्नी बार-बार बदल रहे थे बयान**

चेक नाका पर कार से जब 5 लाख रुपये बरामद हुए तो उन्होंने कहा कि बेटी की शादी के पैसे हैं। लेकिन, जब थाना में बैग से 44 लाख रुपये बरामद हुए तो उन्होंने कहा कि जमीन खरीदने के लिए पैसे रखे हैं। एफएसटी टीम में बीपीओ सुजीत कुमार महतो, राजगंज थाना के एसआइ दामोदर प्रसाद यादव और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

- बैग में भरे कपड़ों के नीचे रखे मिले थे पांच लाख रुपये
- गहन जांच की तो कपड़ों के अंदर से मिले 44 लाख रुपये

**थाने में कार की दोबारा जांच की तो 44 लाख और मिले**

टीम ने गहन जांच की तो नोटों के बंडल मिले। उसमें 5 लाख रुपये थे। इसके बाद कार को थाना लाया गया व उसकी फिर से जांच की गई। पता चला, कपड़ों के अंदर और 44 लाख रुपये रखे थे।

कार में देवघर निवासी अमित व उनकी पत्नी पम्मी के अलावा चालक शिवेश पोद्दार थे। अमित ने बताया कि वह होटल व्यवसायी हैं। देवघर में उनके तीन होटल हैं। उनकी पत्नी पम्मी साह देवघर कॉलेज में प्रोफेसर हैं। वहीं, चालक ने बताया कि उसे बैग में पैसे की जानकारी नहीं थी।

**पोस्टऑफिस का सिंबल लगे वाहन से 60 लाख रुपये मिले**

दूसरी तरफ, पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से 60 लाख रुपये मिले। कार में मौजूद लोग इस संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए तो पुलिस ने रुपये को जब्त कर लिया। जिस गाड़ी से नकद बरामद हुआ है, उस पर पोस्टऑफिस का सिंबल लगा है। पुलिस ने इसकी जानकारी पोस्ट मास्टर को दी। इसके बाद आयकर विभाग के अधिकारी व हेड पोस्ट ऑफिस के अधिकारी पहुंचे। दोनों विभागों के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।

# शेखपुरा: नशे में दारोगा ने नर्सिंग होम के कंपाउंडर को पीटा, मचाया उत्पात

एजेंसी ⏭ शेखपुरा

जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच शुक्रवार को नशे में धुत दारोगा ने नर्सिंग होम में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान वहां कार्यरत कंपाउंडर को बेरहमी से पीटा व नर्सिंग होम में तोड़फोड़ की।

संचालित नर्सिंग होम आईएमए के सचिव और सदर अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ. रामाश्रय का बताया जाता है। घटना में जख्मी कंपाउंडर प्रदीप कुमार अरियरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी बताया जाता है। पीड़ित कंपाउंडर ने बताया कि शुक्रवार को करीब 11 बजे खुद को कुसुंभा थाने का दारोगा बताते हुए एक व्यक्ति पहुंचा, डॉक्टर को बुलाने की बात कहने लगा। कंपाउंडर ने पर्चा बनाने के लिए नाम-पता पूछा। इसी दौरान दोनों में विवाद उत्पन्न हो गया। कहासुनी के दौरान दारोगा नर्सिंग होम से वापस चला गया लेकिन कुछ देर बाद ही दो सुरक्षाकर्मी एवं अन्य लोगों के साथ नर्सिंग हाम पहुंचा व पुलिस के डंडे से कंपाउंडर की पिटाई शुरू कर दी।



- नर्सिंग होम के आवासीय क्षेत्र में भी उपद्रव मचाया, घटना सीसीटीवी में कैद
- डॉ. प्रसाद ने मामले को आईएमए के समक्ष रखे जाने की बात कही

**उपद्रव पर जताई नाराजगी**

वरीय चिकित्सक डॉ. प्रसाद ने बताया कि विरोध कर रहा दारोगा नशे में धुत था। उसने नर्सिंग होम में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। नशे में धुत दारोगा ने नर्सिंग होम के आवासीय क्षेत्र में भी उपद्रव मचाया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना को उन्होंने गंभीरता से लेते हुए कहा, पुलिस अधिकारी के द्वारा सरेआम उपद्रव मचाने के मामले को आईएमए के समक्ष रखा जायेगा। मामले में चिकित्सक समुदाय कानून का भी सहारा लेगा।

**दहशत में कारोबारी**

घटना को लेकर शहर में जहां पुलिसिया रौब से आम कारोबारियों में दहशत का माहौल है। वहीं, लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी में कैद घटना को अंजाम दे रहे पुलिस अधिकारी हेमंत कुमार बताये जाते हैं। उक्त अधिकारी पूर्व में प्रभारी भी रह चुके हैं। फिलहाल उनका तबादला शेखपुरा से स्पेशल ब्रांच में किया जा चुका है।

# तिवारी की पत्नी किरण को जान से मारने की धमकी, उर्दू में लिखा गया खत

**लखनऊ।** हिंदूवादी नेता कमलेश तिवारी की पत्नी किरण तिवारी को जान से मारने की धमकी मिली है। हिंदू समाज पार्टी के अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या पिछले महीने 18 अक्टूबर को लखनऊ में कर दी गई थी।

14 नवंबर को तिवारी की पत्नी के आवास पर खत भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है। किरण को घर के अंदर धमकी भरा पत्र मिला। पत्र 9 पन्ने का है, जिसमें 2 पन्ना उर्दू भाषा में लिखे गए हैं व इसका अनुवाद करने पर किरण को जान से मारने की धमकी का पता चला। 18 अक्टूबर को कमलेश की हत्या के बाद पत्नी किरण ने अपने पति की जिम्मेदारी संभाली है। किरण तिवारी को हिन्दू समाज पार्टी की अध्यक्ष बनाया गया है।

लखनऊ में कमलेश तिवारी से मिलने का बहाना बनाकर अशफाक, मोइनुद्दीन उनके घर पहुंचे थे व चाकू मारकर बेरहमी से उनकी हत्या कर दी थी। हाईप्रोफाइल कमलेश हत्याकांड के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने किरण से मुलाकात की थी। किरण ने पति के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की थी।

## बीएचयू विवाद पर एएमयू ने जताई चिंता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों ने बीएचयू के संस्कृत विभाग में मुस्लिम फिरोज खान की सहायक प्रोफेसर पर पर नियुक्ति रोकने के कुछ दक्षिणपंथी समूहों के प्रयास के बाद उपजे विवाद पर गहरी चिन्ता व्यक्त की है। एएमयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष फैजुल हसन ने कहा कि फिरोज खान की नियुक्ति को रोका गया तो देश से दुनिया को खतरनाक संदेश जाएगा कि आज के भारत में उच्च शिक्षा को लेकर मेरिट नहीं बल्कि धर्म को आगे रखा जाता है।

## राशिफल 23 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : कार्यक्षेत्र पर किसी काम को करने में समस्या होगी। परिवार के किसी सदस्य के खर्चों को रोकने की कोशिश करें। किसी प्रॉपर्टी को खरीदने की सोच सकते हैं। **शुभ अंक**: 11, **रंग** : सिल्वर।

**वृष**: अपने एंचीवेंटस को लेकर असंतुष्ठ रहेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। यात्रा पर किसी की कंपनी को एंजॉय करेंगे। धन की समस्या होने पर कोई मदद करेगा। **शुभ अंक**: 1, **रंग**: हल्का लाल।

**मिथुन**: ज्वाइंट फैमिली में समस्या को चालाकी से सुलझाने की कोशिश करें। प्रॉपर्टी संबंधित मामलों पर ध्यान देने की जरूरत है। कोशिश करने पर काम से छुट्टी मिल सकती है। **शुभ अंक** : 7, **रंग**: मरुन।

**कर्क**: कार्यक्षेत्र पर काम के दबाब के चलते निजी प्लान खराब हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य से मिलकर पुरानी यादें ताजा होंगी। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक**: 8, **रंग**: डार्क ग्रे।

**सिंह**: कार्यक्षेत्र पर अपनी क्षमताओं के चलते चीजे करने में कामियाब होंगे। परिवार में कोई खुशखबरी मिल सकती है। कोई खानदानी प्रॉपर्टी आपके नाम हो सकती है। **शुभ अंक**: 15, **रंग**: क्रीमसन।

**कन्या**: रिटेल व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ होगा। परिवार में कुछ समस्याएं हो सकती हैं। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। **शुभ अंक**: 3, **रंग**: केसरिया।

**तुला**: परिवार के किसी बड़े सदस्य के खराब मूड को संभालने की कोशिश करेंगे। धन के अभाव के चलते प्रॉपर्टी की कोई डील हाथ से निकल सकती है। **शुभ अंक**: 6, **रंग** : गुलाबी।

**वृश्चिक**: कार्यक्षेत्र पर किसी को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। परिवार से दूर रहे लोगों को परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। दोस्तों संग बाहर घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंक**: 3, **रंग** : डार्क ब्राउन।

**धनु**: परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। किसी खूबसूरत जगह घूमने जा सकते हैं। किसी प्रॉपर्टी को लंबे समय से खरीदने की इच्छा पूरी होगी। **शुभ अंक** : 2, **रंग**: डार्क ग्रे।

**मकर**: कार्यक्षेत्र पर अपने शत्रुओं से सावधान रहें। विदेश जाकर अपने दोस्तों से मिलकर एंजॉय करेंगे। खानदानी प्रॉपर्टी को बिल्डर फ्लोर में बदलने से लाभ होगा। **शुभ अंक** : 17, **रंग**: वॉयलेट।

**कुंभ** : मीडिया से जुड़े लोगों को किसी नामी संस्था में मौका मिल सकता है। परिवार में किसी समारोह का आयोजन कर सकते हैं। कोई खानदानी प्रॉपर्टी आपके नाम हो सकती है। **शुभ अंक** : 9, **रंग**: कॉफी।

**मीन**: परिवार के किसी समारोह में काफी लंबे समय बाद लोगों से मिलना होगा। किसी लंबी यात्रा पर जाने से बचें। किसी बेफालतू की चीज पर धन खर्च कर सकते हैं। **शुभ अंक** : 22, **रंग** : लेवेंडर।

**: टिप्स :**

1. प्रतिदिन कम से कम दस मिनटों तक अपने चूल्हे की ओर भी ध्यान दें। फेंगशुई के अनुसार चूल्हा समृद्धि उत्पन्न करता है और ऐसा विश्वास है कि यह व्यक्ति को आर्थिक रूप से संपन्न बनाता है।
2. अध्ययन कक्ष के दक्षिण-पश्चिम कोने में एक क्वाट्र्ज क्रिस्टल रॉक रखें। यह आगे की पढ़ाई के क्षेत्र में पृथ्वी से मिलने वाली तत्काल सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड सलाहकार
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## बीएचयू मामला: छात्रों ने खत्म किया धरना प्रदर्शन पर आंदोलन जारी

**काशी।** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर फिरोज खान की नियुक्ति पर पिछले 15 दिनों से चल रहा छात्रों का धरना प्रदर्शन शुक्रवार की शाम को खत्म हो गया है। विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों से बीएचयू प्रशासन ने दस दिन का समय मांगा है।

संस्कृत विभाग के छात्रों का कहना है कि शुक्रवार को विवि प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन पर धरना समाप्त कर रहे हैं पर समस्याओं का हल न होने तक हम कक्षाओं का बहिष्कार करेंगे। इसके अलावा छात्रों का कहना है कि धरना भले ही खत्म हो गया पर आंदोलन अभी जारी रहेगा। संस्कृत विभाग के छात्रों का कहना है कि हमारा आंदोलन जारी है व पीएम संसदीय कार्यलय पर अगले दिन ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही सुनिश्चित करेंगे कि आंदोलन को जन आंदोलन कैसे बनाए इस पर भी विचार बनाएंगे। बीएचयू में छात्रों का एक गुट संस्कृत साहित्य पढ़ाने के लिए मुस्लिम शिक्षक की नियुक्ति पर आंदोलन कर रहे हैं।



## लालू की बेल रिट पर सुनवाई टली

**रांची/पटना।** चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी।



रांची हाईकोर्ट के एक अधिवक्ता के निधन के कारण शुक्रवार को सूचीबद्ध दुमका कोषागार मामले की सुनवाई टल गई है। अब अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। जानकारी के मुताबिक, चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव की ओर से स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट से जमानत की मांग गई है।

## दिव्यांगजन मतदाताओं से मिले...



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को ईवीएम वीवीपैट रथ को हरी झंडी दिखाते वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने वहां मौजूद दिव्यांग मतदाताओं से भी मुलाकात की।

# आजमगढ़: दुष्कर्म के बाद मासूम की हत्या

एजेंसी ⏭ आजमगढ़ (उप्र)

आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर क्षेत्र में कथित रूप से बलात्कार के बाद हत्या की शिकार हुई छह साल की बच्ची का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। घटना से नाराज स्थानीय ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर दिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुबारकपुर क्षेत्र के एक गांव व्यक्ति अपनी पत्नी और छह साल की बेटी के साथ पिचरी गांव में किराये का मकान लेकर रहता है। गुरुवार की रात सभी भोजन करने के बाद सो गए। देर रात उसकी बेटी को किसी ने अगवा कर लिया। नींद खुलने पर परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। तड़के बच्ची का शव घर से कुछ दूरी पर एक खाट पर मिला। बालिका के कपड़े अस्त-व्यस्त थे। घटना से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी त्रिवेणी सिंह अपने मातहत पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।



- गुस्साई भीड़ ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर लगाया जाम

अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या की गई है। ग्रामीणों ने घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने और परिजनों को मुआवजे की मांग की। एसपी ने कहा कि बालिका की गला दबाकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगा कि बलात्कार हुआ या नहीं। घटना की जांच की जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**किशोरी से रेप करके लगाई आग, दिल्ली रेफर**

**संभल।** नखासा थाना क्षेत्र के कस्बे में गुरुवार रात 16 वर्षीय किशोरी के साथ उसके पड़ोसी युवक ने कथित रूप से बलात्कार करने के बाद आग लगा दी। एएसपी आलोक जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि कल रात नखास थाना क्षेत्र के कस्बे में 16 साल की किशोरी घर में अकेली थी। तभी पड़ोस के जीशान ने उक्त किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी। घायल अवस्था में किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन की तहरीर पर जीशान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले कि जांच शुरू कर दी गई है।

# 'गरीबों का भी जन्मदिन मनाएं सपा कार्यकर्ता'

- मुलायम ने 81 वें जन्मदिवस पर पार्टी राज्य मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को कामयाबी के मंत्र दिए



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने शुक्रवार को गरीबों का जन्मदिन मना कर उनके दिल में जगह बनाने का आह्वान करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि ऐसा करके सपा के मान और सम्मान में इजाफा होगा। मुलायम ने अपने 81 वें जन्मदिवस पर पार्टी राज्य मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को कामयाबी का मंत्र देते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि उनका जन्मदिन मनाया जा रहा है लेकिन इस मौके पर वह यह कहना चाहते हैं कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता भी अपने-अपने गांव में किसी गरीब का जन्मदिन मनाएं। वह तभी समझेंगे कि उनका जन्मदिन मनाने का उद्देश्य सफल हो गया है।

## मुलायम के जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटने पहुंचे सपा विधायक ने अस्पताल में उड़ाए सिगरेट के छल्ले



**मुरादाबाद।** सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करना पूर्णतया प्रतिबंधित है। इसके बावजूद शुक्रवार को सपा के मुरादाबाद देहात विधायक हाजी इकराम कुरैशी जिला अस्पताल परिसर में सिगरेट के छल्ले उड़ाते नजर आए। खास यह कि जब उनसे सवाल किया तो गलती मानने के बजाय उन्होंने बेतुका जवाब दिया कि बदनाम होंगे तो क्या नाम न होगा। मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर मुरादाबाद देहात विधायक हाजी इकराम कुरैशी जिला अस्पताल में मरीजों का हाल जानने पहुंचे थे। उन्हें जिला अस्पताल में फल वितरण करना था। फल वितरण करने से पूर्व विधायक अस्पताल परिसर में ही इमरजेंसी गेट के पास सिगरेट पीने लगे। उन्होंने एक के बाद एक कई कश लगाए। विधायक की सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान की हरकत की वहां खड़े कुछ लोगों ने वीडियो बना ली, स्थानीय व्हाट्स एप ग्रुप पर डाल दिया।

# कांग्रेस ने 55 साल में नहीं किया विकास, हमने 5 वर्ष में कर दिया

एजेंसी ⏭ पलामू



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि स्वाधीनता के 71 साल बाद भी गांवों में बिजली नहीं, खेतों में पानी नहीं, सड़क नहीं, रोजगार नहीं व न ही कोई बुनियादी सुविधाएं हैं।

समस्या कांग्रेस के चलते बानी रही। जब केंद्र में दृढ़ इच्छाशक्ति वाले मोदी की सरकार बनी तो गांवों तक सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंची। हमने महज पांच वर्षों में वह कर दिखाया जो कांग्रेस 55 सालों में भी नहीं कर पाई। गडकरी विश्रामपुर के डाक बंगला मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश से गरीबी हटाने का वादा किया था। गरीबी हटाने का यही नारा उनकी बेटी इंदिरा गांधी फिर राजीव गांधी उसके बाद सोनिया गांधी ने भी दिया। अब नेहरू का पोता राहुल गांधी देश से गरीबी हटाने का वादा करते फिर रहे हैं।

### आरोपियों पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई: लल्लू

# पीएफ घोटाले पर पर्दा डालने में जुटी सरकार

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार को बिजली विभाग के डीएचएफएल से जुड़े पीएफ घोटाला मामले में स्पष्ट रूप से कोई कार्रवाई करनी चाहिए पर सीएम पूरे प्रकरण पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं।

इस सरकार में हिम्मत ही नहीं है कि डीएचएफएल घोटाले में जिसमें सरकार स्वंय फंसी है, उसकी सीबीआई से जांच का सामना कर सकें। लल्लू ने आयोजित सम्मेलन में उप्र सरकार के बिजली विभाग के कर्मचारियों के पीएफ घोटाले पर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि उप्र सरकार को डीएचएफएल के मामले में स्पष्ट रूप से कोई कार्रवाई करनी चाहिए पर सीएम पूरे प्रकरण पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे है। जिनकी जिम्मेदारी थी जिनकी जवाबदेही थी, जिन लोगों के समय धन का निवेश हुआ था उन लोगों पर इस सरकार ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।



**कंपनी से सरकार को दिया था चंदा**

लल्लू ने कहा कि दस करोड़ रूपए इस कंपनी ने सरकार को चंदा दिया था। इसके बारे में स्पष्ट रूप से पूर्व में इन्हीं के मंत्री ने बयान देकर माना था कि दस करोड़ रूपया चंदा के रूप में मिला था। ऐसी कंपनी जिस का काम मीडिया में छपा कि इसके तार ऐसे लोगों से जुड़े हैं जो आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त हैं। यह सुरक्षा का भी बड़ा मामला है। सदन की कार्यवाही में कांग्रेस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी।

**कुछ गलत नहीं किया, नहीं देंगे नोटिस का जवाब**

अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी नेतृत्व की तरफ से नोटिस का सामना कर रहे कुछ वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कुछ गलत नहीं किया है, वह नोटिस का जवाब न देंगे। नोटिस पाने वाले पूर्व मंत्री सत्यदेव त्रिपाठी ने कहा कि मैंने कोई अनुशासनहीनता नहीं की है।

ध्वस्त किए गए नक्सल कैंप में मिले दस्तावेजों से प्रशिक्षण देने की पुष्टि

# बस्तर में नक्सलियों के पास पहुंचा अत्याधुनिक हथियार 'स्नाइपर', सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में नक्सलियों के पास अत्याधुनिक स्नाइपर वैपन पहुंचने से सुरक्षा बलों के माथे पर बल आ गया है। ड्रोन से सुरक्षा बलों के कैंपों की निगरानी के बाद अब माओवादियों को स्नाइपर प्रशिक्षण का खुलासा हुआ है। इससे यहां तैनात सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है।

सुरक्षा बलों को और ज्यादा सतर्क रहने के निर्देश अफसरों ने दिया है। बस्तर आइजी सुंदरराज पी ने बताया कि दक्षिण बस्तर में एक मुठभेड़ के बाद नक्सल कैंप ध्वस्त किया गया था। जहां कुछ दस्तावेज व नक्सलियों के प्रशिक्षण से जुड़े कागजात मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि कुछ चुनिंदा नक्सल गुरिल्लाओं को स्नाइपर वैपन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

स्नाइपर रायफल अमेरिकन तकनीक से निर्मित हथियार है, इस हथियार का उपयोग दुनिया की कई सेनाएं भी कर रही हैं...लांग रेंज शूट के लिए सटीक है

**खास बातें**
- पहले ड्रोन से सुरक्षा बलों के कैंपों की हुई थी जासूसी
- इसके उपयोग संबंधी दस्तावेज मिले
- इसे चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका



### विदेशी तत्वों से हथियार मंगवाने का जिक्र

नक्सली अपनी विचारधारा के अनुरूप रणनीतिक बदलाव करते रहते हैं। पुलिस को नक्सल कैंप से हासिल दस्तावेज में उनके द्वारा विदेशी तत्वों से स्नाइपर जैसे अत्याधुनिक हथियार मंगवाने व लड़ाकों को ट्रेनिंग देने का जिक्र है। ऐसे में हथियार और प्रशिक्षकों के जंगलों में पहुंचने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। **सुंदरराज पी,** आईजी, बस्तर

### देखते ही गोली मार देने का आदेश

बता दें कि सुकमा जिले में अब तक दो बार सीआरपीएफ कैंप के ऊपर ड्रोन मंडराते देखा गया है। इसका कमांड नक्सलियों द्वारा किए जाने की सूचनाओं के बाद केंद्र सरकार ने ऐसे ड्रोन को देखते ही गोली मार देने का आदेश जारी किया है। हाल में ही पुलिस को नक्सलियों के रीजनल जोनल कमेटी की मीटिंग में जारी किया गया 40 पन्नें का एक दस्तावेज मिला है। जिसमें उनके गोरिल्लाओं को सुरक्षा बलों से निपटने के लिए अमेरिकन तकनीक से बनी रायफल स्नाइपर चलाने की ट्रेनिंग समेत रिमोट तकनीक व बूवी ट्रेप आदि का प्रशिक्षण देने बाहर से प्रशिक्षक बस्तर बुलवाए जाने की जानकारी मिली है। जानकारों की मानें तो नक्सली आधुनिक हथियारों से लैस सुरक्षा बलों के सामने अधिक देर तक नहीं टिक सकते हैं। इसके चलते वे लंबी दूरी तक मारक स्नाइपर से जवानों को निशाना बनाने की फिराक में हैं।

### क्या है स्नाइपर रायफल?

स्नाइपर रायफल अमेरिकन तकनीक से निर्मित आधुनिक हथियार है। उच्च स्तरीय एल्युमीनियम स्टेनलेस स्टील से तैयार इस हथियार का वजन नौ किलो छह सौ ग्राम है। इसका बैरल 1.5 मीटर लंबा है। इसमें 10.3 एमएम की बुलेट लगती है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि लांग रेंज शूट में यह सबसे आधुनिक रायफल है। चार किलोमीटर दूरी तक इससे गोली दागी जा सकती है। वहीं गोली की रफ्तार नौ मीटर प्रति सेकेंड होती है। देश में अर्धसैन्य बलों समेत इस हथियार का उपयोग दुनिया की कई सेनाएं भी कर रही हैं।

## बासागुड़ा में नक्सलियों ने किया ब्लास्ट, जवान घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के तरेंम जंगल बासागुड़ा में नक्सलियों ने ब्लास्ट करके अपनी मौजूदगी का अहसास कराया है। आईईडी ब्लास्ट में केंद्रीय सुरक्षा बल सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है। बताया गया है कि ये जवान न्यू तरेंम स्थित कैंप एरिया से डेमिनेशन पर निकले थे। जवान तरैम कैंप से सारकेगुड़ा जा रहे थे। प्रेशर बम की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया। घायल जवान मुन्ना कुमार मौर्य है, जिन्हें उपचार के लिए बासागुड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी दिव्यांग पटेल ने घटना

- घायल जवान मुन्ना कुमार मौर्य है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया



### खतरे से बाहर है जवान

जवान खतरे से बाहर है। उसे बाएं पैर में मामूली चोटें आई है। घायल जवान मुन्ना कुमार मौर्य सीआरपीएफ 168वीं बटालियन का जाबांज है। माओवादियों ने इस घटना को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के बस्तर प्रवास के एक दिन पहले अंजाम दिया है। 23 नवंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बस्तर दौरा प्रस्तावित है। ऐसे समय में इस विस्फोट से माओवादियों द्वारा सरकार को खौफ का संदेश देने के कयास लगाया जा रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीजापुर इलाके का एक दिवसीय दौरा करने वाले है। इस दौरान यहां वे कई बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं।

मानवादित्य का शूटिंग में कमाल

## दो गोल्ड और एक सिल्वर पर लगाया निशाना




नई दिल्ली। राजस्थान के मानवादित्य सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को यहां शॉटगन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गजब का प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। साथ ही जूनियर वर्ग में टीम स्पर्धा का गोल्ड और सीनियर वर्ग में टीम स्पर्धा का सिल्वर मेडल जीता। जूनियर फाइनल में मानवादित्य और पंजाब के जंगशेर सिंह विर्क के बीच कड़ा मुकाबला चला। लेकिन राजस्थान के निशानेबाज ने 45-44 से जीत हासिल कर पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। उनके राज्य के साथी विवान कपूर ने 35 अंक से कांस्य पदक जीता। उन्होंने जूनियर वर्ग में टीम खिताब भी जीता। टीम वर्ग में मानवादित्य ने विवान और अमान अली इलाही के साथ मिलकर खिताब हासिल किया। वे सीनियर वर्ग में भी राजस्थान टीम के सदस्य रहे। सीनियर वर्ग के फाइनल में राजस्थान की टीम पंजाब से पीछे रही और उसे सिल्वर से संतोष करना पड़ा। मानवादित्य सिंह बीजेपी सांसद और एथेंस ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के बेटे हैं।

- मानवादित्य बीजेपी सांसद और एथेंस ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के बेटे हैं

वहीं पूर्व विश्व चैम्पियन मानवजीत सिंह संधू ने 12वां पुरुष ट्रैप स्वर्ण पदक हासिल किया। मानवजीत राउंड 24 में एक निशाना चूक गए जिससे वह पांच फाइनल क्वालीफाइंग स्थान के लिए सात अन्य दावेदारों के साथ शूट-ऑफ में पहुंचे। कांस्य पदक जीतने वाले तेलंगाना के केनान चेनाई ने 125 में से 121 अंक से सीधे फाइनल के क्वालीफाई किया।

**खबर संक्षेप**

### जेईएन को 8000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बिजली कंपनी के एक कनिष्ठ अभियंता को शुक्रवार को 8000 रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। ब्यूरो सूत्रों ने बताया कि उसकी टोंक जिले की टीम ने जेवीवीएनएल कार्यालय-डिग्गी में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) अखिलेश चतुर्वेदी को 8000 रुपए की कथित रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

### टीआरएस विधायक को राहत, नागरिकता रद्द करने के फैसले पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

हैदराबाद। तेलंगाना हाई कोर्ट ने शुक्रवार को टीआरएस विधायक रमेश चिन्नमनेनी की नागरिकता रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के विधायक की नागरिकता रद्द कर दी थी। गृह मंत्रालय के फैसले के खिलाफ रमेश ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जस्टिस छाला कोंडाना राम ने मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को करने का फैसला किया है। टीआरएस विधायक ने अपनी याचिका में आगे की प्रक्रिया को निलंबित करने की भी अपील की थी। विधायक के वकील वाई रामाराव ने दलील दी कि किसी व्यक्ति की नागरिकता सिर्फ तभी रद्द की जा सकती है, जब उसका व्यवहार जनता के लिए सही न हो।

### हैदराबाद में कोर्ट के आदेश के बाद ओवैसी के खिलाफ केस दर्ज



हैदराबाद। हैदराबाद की साहिबाबाद पुलिस ने आज शुक्रवार को एआईएमआईएम नेता और विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक दिन पहले गुरुवार को स्थानीय अदालत के आदेश के बाद पुलिस ने ओवैसी के खिलाफ केस दर्ज किया। अकबरुद्दीन ओवैसी हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी के भाई हैं. अकबरुद्दीन ओवैसी ने इस साल 23 जुलाई को करीमनगर में एक जनसभा के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और इसी बयान पर उनके खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया गया था।

## हिंदू परिवार के छह लोगों को वापस पाकिस्तान जाने वाले नोटिस पर गृह मंत्रालय ने लगाई रोक

नई दिल्ली। पाकिस्तान से भारत आए 19 हिंदू लोगों में से छह लोगों को वापस पाकिस्तान भेजे जाने वाले नोटिस पर गृह मंत्रालय ने रोक लगा दी है। फिलहाल वो अभी राजस्थान के जोधपुर में रह रहे हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। 19 लोगों का हिंदू परिवार कई साल पहले पाकिस्तान से भारत आया था। हाल ही में, स्थानीय खुफिया विंग ने परिवार के छह सदस्यों को पाकिस्तान वापस जाने के लिए कहा था। जिसके बाद यह परिवार परेशानी में आ गया। दरअसल, यह परिवार पाकिस्तान में हो रहे जुल्मों से मुक्ति पाने के लिए पाकिस्तान से भागकर हिंदुस्तान आ गया था। उनको लगा था कि हिंदुस्तान आने के बाद उनकी सारी तकलीफें खत्म हो जाएंगी।




## भारत और बांग्लादेश के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना चाहते हैं: हसीना

कोलकाता। बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश अपने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत के सहयोग को हमेशा याद रखेगा। दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों का विकास होना चाहिए। हसीना ने कहा कि हम अपने स्वतंत्रता संग्राम में भारत के सहयोग के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। हसीना ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मुलाकात के बाद कहा कि भारत ने बांग्लादेश के एक करोड़ से अधिक शरणार्थियों को आश्रय दिया। उन्होंने कहा कि हम इस मैत्रीपूर्ण और समन्वयवादी द्विपक्षीय संबंध को बनाए रखना चाहते हैं।



## अलवर में नौ पुलिसकर्मियों की दाढ़ी रखने की अनुमति बरकरार

जयपुर। राजस्थान के अलवर पुलिस जिले में तैनात नौ मुस्लिम पुलिसकर्मियों को दाढ़ी रखने की मंजूरी बरकरार रहेगी। इस बारे में एक दिन पहले जारी आदेश को वापस ले लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अनिल पारिस देशमुख ने बताया कि यह एक प्रशासनिक आदेश था जिसे संबंधित पुलिसकर्मियों के आवेदन मिलने के बाद वापस ले लिया गया है। दाढ़ी रखने की पूर्व अनुमति यथावत रहेगी।' उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर जिले में तैनात नौ मुस्लिम पुलिसकर्मियों को दाढ़ी रखने की छूट को राज्य सरकार के नियमानुसार तुरंत प्रभाव से वापस ले लिया था। अलवर पुलिस प्रशासन ने कुल मिलाकर 32 पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दाढ़ी रखने की अनुमति दे रखी है। इससे पहले देशमुख ने कहा था कि दाढ़ी रखने की इजाजत को इसलिये वापस लिया गया ताकि पुलिसकर्मी निष्पक्षता के साथ काम कर सके और निष्पक्ष दिखें।

**सम्मेलन...**



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद राष्ट्रपति भवन में 'राज्यपालों और उपराज्यपालों के 50 वें सम्मेलन' की पूर्व संध्या पर राज्यपालों और उपराज्यपालों के साथ ग्रुप फोटो में।

महाराष्ट्र महापौर चुनाव

### शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा ने किया भाजपा से बेहतर प्रदर्शन

मुंबई। महाराष्ट्र में शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा के उभरते हुए राजनीतिक गठजोड़ के सामने शुक्रवार को भाजपा को लातूर और उल्हासनगर महापौर चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा को इन दोनों ही नगर निकायों में बहुमत हासिल होने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा है। शिवसेना, मुंबई और पड़ोसी ठाणे शहर में महापौर और उपमहापौर पदों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही। हालांकि भाजपा ने महाराष्ट्र नव-निर्माण सेना के समर्थन से नासिक के महापौर और उपमहापौर पदों पर जीत हासिल की। वहीं कांग्रेस के विक्रांत गोजामगुंडे लातूर से महापौर बनने में कामयाब रहे। इसे भाजपा के पूर्व मंत्री संभाजी नीलागेंकर के लिये झटके के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा को उल्हासनगर नगर निगम में बहुमत होने के बावजूद शिवसेना के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिसने राकांपा, कांग्रेस और एक स्थानीय संगठन टीम ओमी कलानी (टीओके) के समर्थन से महापौर के पद पर जीत हासिल की।

## बीएचयू विवाद के बीच कोलकाता के एक कॉलेज ने संस्कृत विभाग में किया मुस्लिम शिक्षक को नियुक्त

नई दिल्ली।कोलकाता के बाहरी क्षेत्र में स्थित एक कॉलेज ने संस्कृत विभाग में एक मुस्लिम व्यक्ति को सहायक प्राध्यापक के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऐसे वक्त की गई है, जब उत्तर प्रदेश स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में संस्कृत के एक अध्यापक की धार्मिक पहचान को लेकर विवाद चल रहा है। रमजान अली नाम के व्यक्ति की नियुक्ति बेलूर के रामकृष्ण मिशन विद्यामंदिर में की गई है। उनके पास उत्तर बंगाल के एक कॉलेज में नौ वर्ष अध्यापन करने का अनुभव है। अली ने कहा कि छात्रों और संकाय सदस्यों की ओर से किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से वह अभिभूत हैं।

बीएचयू में चल रहे विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि संस्कृत भारत की समावेशी प्रवृत्ति, समृद्ध परंपरा को परिलक्षित करती है। यह मत भूलिए कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। कोई भी व्यक्ति दूसरे धर्म के लोगों को संस्कृत के पठन-पाठन से कैसे रोक सकता है?



### शिक्षक रमजान अली का हुआ स्वागत

रमजान अली ने मंगलवार से बेलूर कॉलेज में पढ़ाना शुरू किया। उन्होंने कहा, 'प्राचार्य स्वामी शास्त्राज्ञानदाजी महाराज तथा अन्य सभी ने मेरा स्वागत किया। महाराज ने कहा कि मेरी धार्मिक पहचान का कोई मतलब नहीं है। कुछ मायने रखता है तो वह है भाषा पर मेरी पकड़, उसे लेकर मेरा ज्ञान और इस ज्ञान को छात्रों के साथ साझा करने की मेरी क्षमता।

एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू मामला


# टेलीकॉम कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की पुनर्विचार याचिका

**सुप्रीम कोर्ट ने एजीआर पेमेंट मामले में केंद्र सरकार की मांग को जायज बताया था**

नई दिल्ली। सरकार को एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू यानी एजीआर पेमेंट मामले में देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनियां-भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया, टाटा टेलीसर्विसेज ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। इस याचिका में टेलीकॉम कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट के 24 अक्टूबर के अपने पिछले फैसले पर पुनर्विचार करने की गुहार लगाई है। दरअसल, 24 अक्टूबर को एजीआर पेमेंट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की मांग को जायज ठहराया था।

### क्या है एजीआर पेमेंट का मामला?

दरअसल, केंद्र सरकार टेलीकॉम कंपनियों से 92,000 करोड़ रुपये के एजीआर (एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) के बकाया की मांग कर रही है। यह रकम अब पेनाल्टी और अन्य चार्जेज के साथ 1 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। बता दें कि एजीआर संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा टेलीकॉम कंपनियों से लिया जाने वाला यूजेज चार्ज और लाइसेंसिग फीस होता है। सरकार के इस बकाये की रकम के खिलाफ टेलीकॉम कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार की मांग को जायज माना था। इसके साथ ही कोर्ट ने पिछले महीने के अपने आदेश में टेलीकॉम कंपनियों से जल्द बकाया देने को कहा था।




- टेलीकॉम कंपनियों से 92,000 करोड़ रुपये के बकाया की मांग कर रही है सरकार

### टेलीकॉम कंपनियों पर एजीआर का क्या है असर?

अगर टेलीकॉम कंपनियां एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू यानी एजीआर का बकाया सरकार को देती हैं तो उन्हें बड़ा नुकसान हो सकता है। हाल ही में एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया ने दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इन नतीजों में दोनों कंपनियों ने बताया है कि एजीआर की वजह से कुल 70 हजार करोड़ के करीब घाटा हुआ है। सिर्फ वोडाफोन-आइडिया को इस तिमाही में 50,921 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। यह कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा घाटा माना जा रहा है। वहीं एयरटेल 23 हजार करोड़ के नुकसान में है। इन हालातों में टेलीकॉम कंपनियां सरकार से राहत की उम्मीद कर रही थीं।

### सरकार ने नहीं दी राहत

वित्तीय संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनियों को सरकार ने एजीआर मामले में फिलहाल राहत नहीं दी है। बीते दिनों केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सदन को बताया कि टेलीकॉम कंपनियों को एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) मामले में पेनल्टी और ब्याज में छूट देने के प्रस्ताव पर सरकार फिलहाल कोई विचार नहीं कर रही। हालांकि सरकार ने स्पेक्ट्रम किस्त का भुगतान 2 साल के लिए टालने के प्रस्ताव को मंजूरी जरूर दी है। इसके तहत कंपनियों को 2020-21 और 2021-22 दो साल के लिए स्पेक्ट्रम किस्त भुगतान से छूट दी गई है। हालांकि कंपनियों को स्पेक्ट्रम के टले भुगतान पर लागू होने वाले ब्याज का भुगतान करना होगा।

## कांग्रेस चाहती है अयोध्या में भव्य मंदिर बने: पायलट

जयपुर। राजस्थान के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या मामले का पटाक्षेप हो जाना चाहिए और न्यायालय के फैसले के मद्देनजर पार्टी चाहती है कि वहां भव्य मंदिर बने। पायलट ने अयोध्या मामले पर दौसा में कहा कि इस मुद्दे पर राजनीति अब बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उच्चतम न्यायालय का फैसला सबको स्वीकार्य है। सहर्ष हमें सम्मान कर उस निर्णय का पालन करना पड़ेगा।



चिंतन

# कितने दिनों तक चल पाएगा बेमेल गठबंधन

महाराष्ट्र की राजनीति के बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ठीक ही कहा है कि राज्य में सरकार गठन के लिए जो हो रहा है, वो मौकापरस्ती है और यह गठबंधन ज्यादा दिनों में चल नहीं पाएगा। गडकरी का कथन सौ फीसदी सही है क्योंकि सरकार बनाने के लिए जो दल एक-दूसरे का साथ दे रहे हैं, उनकी विचारधारा, सिद्धांत यहां तक कि नीतियों में दिन-रात का अंतर है।

भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से दूर रखने के लिए शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस मिलकर गठबंधन सरकार बनाने जा रहे हैं। यह कितने दिनों तक चलेगा इसका सहज ही अंदाजा इन तीनों दलों की विचारधारा का अध्ययन करने से हो जाता है। शिवसेना जिस विचारधारा पर चलती है, कांग्रेस उसका पूरी तरह से विरोध करती है। कांग्रेस जिस विचारधारा पर चलती है, शिवसेना उसकी विरोधी है। शिवसेना की रीति-नीति न तो कांग्रेस से मेल खाती है और न ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से, लेकिन सत्ता के लिए मनमाफिक तर्क खोजे जा रहे हैं। वैसे भी राजनीतिक दलों के लिए पाला और रवैया बदलना बाएं हाथ का खेल है। वे अपनी सुविधा के लिए अनोखे तर्क गढ़ने में माहिर हो गए हैं।

ऐसा न जाने कितनी बार हो चुका है जब एक-दूसरे के कट्टर विरोधी राजनीतिक दलों ने आपस में हाथ मिलाया। ऐसा करते हुए वे एक साथ जीने-मरने की कसमें खाते हैं, लेकिन चंद दिनों बाद ही उनका साथ टूटने लगता है। जहां साथ पाने का उद्देश्य किसी और दल को रोकना और कुर्सी तक पहुंचना हो, उस दोस्ती के लंबा चलने की उम्मीद भी कैसे की जा सकती है। इसका ताजा उदहारण कर्नाटक की कुमारस्वामी सरकार को कह सकते हैं, जो महज 14 माह में अपने ही भार से गिर गई। यहां 222 सीटों में से भाजपा 104 जीतने में कामयाब रही, लेकिन बहुमत से मात्र 8 सीटें पीछे रह गई। इसी का फायदा उठाते हुए 78 सीट जीतने वाली कांग्रेस ने 37 सीटों वाले जनता दल (एस) के कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री बना दिया। न तो दोनों दलों की विचारधारा एक थी और न ही सिद्धांत। परिणाम यह निकला कि मुख्यमंत्री पहले तो गठबंधन की परेशानियों को लेकर टीवी पर रोते नजर आए और फिर कुछ दिनों बाद सरकार धराशायी हो गई। अब ऐसा ही महाराष्ट्र में होने जा रहा है।

महाराष्ट्र में 288 में से भाजपा ने 105, शिवसेना ने 56, राकांपा ने 54 और कांग्रेस ने 44 सीटें जीती हैं। भाजपा-शिवसेना और कांग्रेस-राकांपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन परिणाम आते ही महज 56 सीटें जीतने वाली शिवसेना मुख्यमंत्री पद के लिए अड़ गई। असल में शिवसेना के इन तेवरों के पीछे उसकी टीस छिपी है। शिवसेना लगभग तीन दशकों से भाजपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ती रही है। दोनों दलों की विचारधारा, सिद्धांत एक हैं। खास बात यह कि गठबंधन में शिवसेना की भूमिका हमेशा बड़े भाई की रही। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा की देशभर की जड़ें मजबूत हुई तो महाराष्ट्र में भी इसका असर दिखा। शहरी कहे जाने वाली पार्टी ने गांवों तक अपना आधार बनाया। 2014 के चुनाव में भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। पार्टी ने स्वच्छ छवि के गैर मराठा देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया।

शिवसेना फडणवीस के साथ सरकार के साथ तो रही, लेकिन अंदर खाते छोटे भाई की भूमिका में खुद को हजम नहीं कर पाई। सरकार के पांच सालों तक यदा-कदा उसकी यह टीस झलकती भी रही। 2019 के विस चुनाव में उसने गठबंधन तो किया, लेकिन जैसे भी भाजपा अकेले बहुमत से दूर रही, शिवसेना का टीस झलक पड़ी और मुख्यमंत्री पद के लिए अड़ गई। अब भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा गठबंधन तैयार हो रहा है। यह गठबंधन कितने दिनों तक चलेगा, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। इसमें दोराय नहीं कि शिवसेना की जिद महाराष्ट्र को ऐसे रास्ते की ओर ले जा रही है, जो राजनीतिक अस्थिरता से घिरा है।

व्यंग्य

आलोक पुराणिक

# राजनीतिक सूत्र वाक्य

करुणा विगलित, परम संवेदना से भरे, उफ्फ अश्रु हाय, अश्रु भरे नयनों में महाराष्ट्र में क्या चल रहा था, कई दिनों से। किसान विमर्श और आम आदमी विमर्श। एक नेता रिसोर्ट में जाता था, कोई बात वगैरह करता था। जब वह लौटकर आता था और पत्रकार उससे पूछते थे कि क्या विमर्श हुआ, अब सरकार बनने का क्या सीन है। नेता अश्रुपूरित नयनों से बताता था, जी कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई, हम तो सिर्फ किसानों की समस्याओं पर बात कर रहे थे। आम आदमी, मजदूर, किसान की चिंताओं की बात हुई, सिर्फ। शरद पवार राष्ट्र के बहुत बड़े नेता हैं, उनसे सिर्फ किसान हितों पर चर्चा करने जाते थे संजय राऊत। किसान, किसान-आम आदमी, आम आदमी। वो राजनीतिक पार्टियां जनता से कहती हैं हम पर विश्वास करो, जिन्हें अपने विधायकों पर विश्वास नहीं है। कमाल हो रहा है, मजाक हो रहा है। चर्चा सिर्फ आम आदमी की है पर हो फाइव स्टार रिसोर्ट में रही है, उस रिसोर्ट में जहां आम आदमी कभी पहुंचकर रहने का ख्वाब भी नहीं देख सकता।

आम आदमी की इतनी चिंता हो रही है, इतना विमर्श सिर्फ आम आदमी के लिए है। आम आदमी फिर भी परेशान सा घूमता है। विकट कनफ्यूजन चल रहा है, हो क्या रहा है। हाल ही में एक सेमिनार में जाना हुआ, सेमिनार था सेकुलरिज्म पर। हां सेकुलरिज्म खतरे में है ऐसी गुहार कई विद्वानों ने लगाई। एक विद्वान ने कहा, जितना सैकुलरिज्म आज है, उतना कभी नहीं था, देखिये। शिवसेना को कभी सेकुलर पार्टी नहीं माना गया, पर आज कांग्रेस और शरद पवार की कांग्रेस के साथ मिलकर शिवसेना भी सेकुलर हो गई। और कित्ती सेकुलररता लोगे भइया।

ममता बनर्जी बंगाल में खुद को सेकुलर कहती हैं, हालांकि औवेसी ऐसा नहीं मानते। कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया मार्क्सवादी यूं सेकुलर पार्टी है, पर वह उस कांग्रेस की सहयोगी है, जिसके सहयोग से महाराष्ट्र में शिवसेना सरकार बन रही है। शिवसेना को हालांकि कम्युनिस्ट पार्टी सेकुलर नहीं मानती। पर मार्क्सवादी पार्टी की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने शिवसेना को सहयोगी मान लिया। कुछ यूं हो सकता है कि बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस, मार्क्सवादी पार्टी और शिवसेना सहयोगी के तौर पर चुनाव लड़ जाएं। हिंदुत्व वाले वोट शिवसेना ले ले, सेकुलरत्व के नाम पर वोट कांग्रेस-मार्क्सवादी पार्टी ले ले। शिवसेना इस वक्त सेकुलर टच में है और कांग्रेस इस वक्त परम हिंदुत्व टच में है। एक विद्वान ने कहा, हिंदुत्व खतरे में है। दूसरे विद्वान ने कहा कि हिंदुत्व जितना आज सुरक्षित है, उतना कभी नहीं था।

शरद पवार की कांग्रेस और कांग्रेस आम और पर हिंदुत्व से जुड़े मुद्दों पर नकारात्मक रुख रखती थीं। आज प्रखर हिंदुत्व की समर्थक पार्टी शिवसेना के साथ खड़ी हैं। कांग्रेस और शरद पवार की कांग्रेस अब कह सकती हैं, अब हम भी शिवसेना के साथ मंदिर वाली पार्टी हैं। उधर शिवसेना कह सकती है अब शिवसेना भी कांग्रेस और शरद पवार की कांग्रेस के साथ हिंदुत्ववाली पार्टी है। कुछ नेताओं, मुस्लिम बुद्धिजीवियों शायरों ने कांग्रेस से नाराजगी जाहिर की है कि सेकुलर पार्टी को शिवसेना के साथ नहीं जाना चाहिए। नेता समझदार होते हैं, उन्हे पता होता है कि कहां जाना चाहिए कहां नहीं जाना चाहिए।

रामविलास पासवान भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन में अपने हिसाब से सेक्युलर होते रहे हैं और अपने हिसाब से एडजस्टमेंट करते रहे हैं। समझदार नेता एडजस्टमेंट करके चलता है। कई नासमझ नहीं समझ पाते, हाय क्या हो गया। वो तो सेकुलर थे। हाय वो तो हिंदुत्व वाले थे। जी कोई कुछ नहीं था, सारे कुर्सी वाले थे। मेरे परिचित कारोबारी कभी भगवा झंडे बेचते हैं, कभी हरे झंडे बेचते हैं, सीजन रैलियों के हिसाब से। उनका मानना है कि कारोबारी को सिर्फ अपने हित देखने चाहिए, जौन से रंग का बिक जाए, बेच लेना चाहिए। यही आज की राजनीतिक सूत्र वाक्य भी है जी।

# इंदिरा की तलाश में पत्रकार



जिरहनामा

कनक तिवारी

जर्नादन ठाकुर के अनुसार जवाहरलाल नेहरू में असाधारण इतिहास बोध था। इसलिये वक्त के कटघरे में कालिखपुते चेहरे से खड़े नहीं होना चाहते थे। अपनी पुत्री को 'महान पत्र' उन्होंने इसी आशय से लिखे थे। श्रीमती गांधी ने पिता की नसीहतों को ध्यान में नहीं रखा। 5 अक्टूबर 1937 के 'माडर्न रिव्यू' के प्रख्यात लेख 'राष्ट्रपति जवाहरलाल की जय' की याद करते कुलदीप नैयर ने फैसला दिया कि नेहरू में तानाषाह बनने की पूरी संभावनाएं थीं। वे बन नहीं सकते थे क्योंकि नेहरू में लोकतंत्र के प्रति गहरी आस्था थी।

एक मशहूर व्यक्तित्व के साठवें जन्मदिन पर जांच पड़ताल की थी। कई पत्रकार मनोयोगपूर्वक उनकी खोज कर रहे थे। कुछ इंदिरा गांधी के मानसिक संसार की व्यापकता को भगीरथ पांव शली में नापने का ऐलान कर रहे हैं। मसलन (आल दी प्राइम मिनिस्टर्स मेनः जर्नादन ठाकुर)।'' कुछ अपनी ऐयार कलम से चन्द्रकान्ता स्टाइल की तेज तर्रार रिपोर्टिंग कर रातोंरात लखपति बन गये। मसलन जजमेन्टः कुलदीप नैय्यर।'' कोई श्रीमती गांधी के प्रधानमंत्रित्व का सिंहावलोकन लिखने का दर्प अपने सीने में छिपाते हैं। मसलन ''मनकेकर दम्पति की डिक्लाइन एण्ड फाल आफ इंदिरा गांधी।'' विदेशी लेखकों ने भी महान नेता के बारे में अपने परम्परावादी तर्कों की पेशकश की। (डेविड सेलबोर्नः एन आई टू इंडिया)।

ऐसी लगभग एक दर्जन तीन तीन, चार चार सौ पृष्ठों की मोटी किताबों के अलावा कुछ पुरानी जिल्दें भी हैं। फ्रैंक मोरेस, खुशवंत सिंह, वैलेस हेन्गेन और दुर्गादास जैसे टिप्पणीकारों ने भी इस महान महिला के करीब जाकर इतिहास को सम्पन्न करने की कोशिश की है। वैलेस हैन्गेन (आफ्टर नेहरू हूः 1963), दुर्गादास (इंडिया फ्राम कर्जन टू नेहरू एण्ड आफ्टरः1963) तथा फ्रैंक मोरेस (विटनेस टु एन एराः 1973) के इंदिरा वृतान्त भविष्य की दुर्घटनाओं से बेखबर था। उनमें इंदिरा के बारे में हो सकने वाली सनसनीखेज खबरों के बीज भी छिपे रहे। वैलेस हेन्गेन ने भविष्यवाणी की 'श्रीमती इंदिरा गांधी नेहरू के निधन के बाद एक और प्रधान मंत्री (संभवतः शास्त्री) के बाद इस देश की नेता बन सकेंगी।'' तब फकत 33 वर्ष के थे।

हेन्गेन ने साफ तौर पर कह दिया था श्रीमती गांधी प्रधानमंत्री बनीं तो वे विश्व की सबसे ताकतवर महिला होंगी। नहीं बनीं तो बड़े बाप की नामालूम सन्तानों की तरह इतिहास की खन्दकों में दफ्न हो जायेंगी। इंदिरा गांधी (उस वक्त के हिन्दुस्तान की) चमत्कारी राजनेता हैं। उनकी नजरें तक विवादास्पद रही हैं। उनके लम्बोतरे चेहरे की दृढ़ हरकतों में रोमन सम्राटों जैसी भव्य निरंकुशता है। उनकी गहरी आंखों में उदासी के भाव ज्यादा कैद होते हैं। नेहरू के गुलाब की तरह उनके बालों की छितरी सफेदी सौन्दर्यशास्त्र का विषय है। इस जिन्दगी की शुरुआत 'आनन्द भवन' के संघर्ष में हुई। उनका व्यक्तित्व नेहरू के वटवृक्ष तले पलकर भी कुम्हलाया नहीं। नेहरू युग में अपने पिता के अतिरिक्त वे ही देश के सबसे महत्वपूर्ण मसलों की राजदार रही हैं। केरल की कम्युनिस्ट सरकार के पतन, तिब्बत के विद्रोह और जबलपुर के हिन्दू-मुस्लिम दंगों के समय इंदिरा गांधी का रुख नेहरू और उनके आला सलाहकार कृष्णमेनन के ज्यादा व्यावहारिक और इतिहाससम्मत था। उनके अधिकांश सहकर्मी (लाल बहादुर षास्त्री, लोहिया, फीरोज गांधी) आनन्द भवन में उनके बचपन के दोस्त थे या युवा उम्र में यूरोप के (मोहनकुमारमंगलम, मीनू मसानी, कृष्ण मेनन)। इनमें से हर चरित्र ने इंदिरा में महानता के लक्षण नहीं देखे। हेन्गेन ने इंदिरा की 'जोन आफ आर्क' बनने की बहुप्रचारित महत्वाकांक्षा को भी अपनी खोज में शामिल किया था।




विचित्र संयोग है कि इसके मुकाबले लोहिया ने अपनी गम्भीर आलोचना और सन्निपात की हालत में इंदिरा गांधी की तुलना रजिया बेगम से की। इस महिला का शिक्षण 'विश्व इतिहास की झलक' के महान पृष्ठों ने किया था। अपनी शादी के मामले में उन्हें अपने पिता के खत में औसत बाप ही नजर आया। हेन्गेन को इस बात का आश्चर्य है कि सरोजिनी नायडू घोषित 'भारत की नई आत्मा', गुरुदेव रवीन्द्रनाथ की शिष्या और महात्मा गांधी से भी बहस की क्षमता रखने वाली नवयुवती में एक महान एशियाई नेता के बीजाणु हिन्दुस्तानी लेखकों के चश्मे से छिप कैसे गये? श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित ने भी कहा था हिन्दुस्तान दूसरा नेहरू बर्दाश्त नहीं करेगा, लेकिन उसने ग्यारह वर्ष तक किया।

फ्रैंक मोरेस के अनुसार इंदिरा गांधी तत्कालीन 'कांग्रेस की बूढ़ी औरतों में एक मात्र मर्द' रही हैं। बोल्शेविक क्रांति के बरस जन्मी इंदिरा के रिश्तेदारों का दूसरा घर जेलखाना ही रहा है। शास्त्री जी की मृत्यु के बाद हिन्दुस्तान ने बहत्तर वर्षीय बूढ़े मोरारजी की जगह अड़तालीस वर्षीया युवा इंदिरा गांधी को चुना। फ्रैंक मोरेस ने 1967 में ही भविष्यवक्ताओं के अन्दाज में लिखा था श्रीमती गांधी और देसाई की आपसी सहमति के ऊपर ही देश का भविष्य बहुत कुछ निर्भर करता है। फ्रैंक मोरेस ने उद्धरण देकर संकेत दिया 'शक्ति' और 'सम्पूर्ण शक्ति' के बीच राजनेता के विनाश की बारूद छिपी होती है।

दुर्गादास ने रहस्योद्‌घाटन किया कि नेहरू दरबार में मुख्य मंत्रियों और केन्द्रीय मंत्रियों को भारत-चीन युद्ध के बाद इंदिरा गांधी के पास हाजिरी देनी होती थी क्योंकि प्रधान मंत्री के पास वक्त नहीं होता था। उस इंतजाम का सबसे ठोस फायदा उठाया लाल बहादुर शास्त्री ने। वे श्रीमती गांधी की ड्योढ़ी पर घन्टों इन्तजार कर लेते थे। श्रीमती गांधी के जरिये उनके संदेश नेहरूजी तक पहुंचते थे। इंदिरा की सिफारिश पर ही नेहरू ने शास्त्री को मंत्रिमंडल में वापस आने की हरी झंडी दिखाई थी। षास्त्री जी ने अलबत्ता सदैव कोशिश की कि इंदिरा के सहारे के बगैर उनका वजूद जनता महसूस करे।

जर्नादन ठाकुर के अनुसार जवाहरलाल नेहरू में असाधारण इतिहास बोध था। इसलिये वक्त के कटघरे में कालिखपुते चेहरे से खड़े नहीं होना चाहते थे। अपनी पुत्री को 'महान पत्र' उन्होंने इसी आशय से लिखे थे। श्रीमती गांधी ने पिता की नसीहतों को ध्यान में नहीं रखा। 5 अक्टूबर 1937 के 'माडर्न रिव्यू' के प्रख्यात लेख 'राष्ट्रपति जवाहरलाल की जय' की याद करते कुलदीप नैयर ने फैसला दिया कि नेहरू में तानाषाह बनने की पूरी संभावनाएं थीं। वे बन नहीं सकते थे क्योंकि नेहरू में लोकतंत्र के प्रति गहरी आस्था थी। इसके विपरीत उनकी बेटी ने कभी यह कहा था वह इतिहास में हिटलर या नेपोलियन की तरह याद की जाना पसन्द करेंगी। हालांकि नैयर ने इसकी पुष्टि नहीं की। मनकेकरद्वय जैसे स्थिर वृतान्त-वाचक इंदिरा गांधी पर बरसों से भरे बैठे थे। वे इंदिरा गांधी को इतिहास की खलनायिका सिद्ध करने में निरपेक्ष नहीं रह सके। उनका और औरों का सोचना कि इंदिरा गांधी भविष्य के हिन्दुस्तान की अप्रासंगिक चीज हैं। यह सोच कूड़ाघरों का तोहफा सिद्ध हुआ। श्रीमती गांधी की उपलब्धियों और असफलताओं का मिला जुला लेखकीय फलसफा दिल्ली के बड़े पत्रकारों ने ठीक ठीक नहीं बयान किया। किसी फिल्म का पारखी समीक्षक वह नहीं होता जो प्रीमियर के दिन हाल के बाहर खड़ी भीड़ को माइक पर चीख चीख कर यह बताये कि फिल्म बहुत भयानक थी।

## पुण्य कर्मों की तरफ हो ध्यान




संकलित

दर्शन

त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हंम तब पाप बढ़ता दिखता है। द्वापर युग में देवर अपनी भाभी को बीच सभा में नग्न करने की कोशिश करता है जिसका उदाहरण द्रौपदी चीर हरण की घटना है। राजा अपनी शक्ति के मद में अबला स्त्री को हवस का शिकार बनाना चाहता है। इसका उदाहरण जयद्रथ द्वारा द्रौपदी हरण और दुर्योधन द्वारा भीलों की कन्या का हरण करने की घटना है। भाई अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पूरे परिवार को युद्घ की आग में झोंक देता है इसका उदाहरण महाभारत युद्ध है। लेकिन कलियुग में आये दिन भाई-भाई, बाप-बेटे में स्वार्थ की पूर्ति के लिए लड़ाई होती है। लोगों की काम-वासना इतनी बढ़ गयी है कि आये दिन स्त्रियों का हरण होता है और उन्हें अपमानित किया जाता है। पाप आचरण से भरा हुआ कलियुग अगर अधिक दिनों का होगा तो सृष्टि में हाहाकार मच जाएगा। यही कारण है कि भगवान ने कलियुग को सबसे कम उम्र दिया। इंसान अपने जीवन में अच्छाई की पुण्य कर्मों की तरफ ध्यान नहीं देता है।

## सच्चा सुख, कल्पित सुख



संकलित

प्रेरणा

अगर आदमी ने सुख जाना होता, तो स्वर्ग की कल्पना कभी न की गई होती। स्वर्ग की कल्पना उन लोगों ने की है, जिन्होंने सुख कभी भी नहीं जाना है। जो नहीं जाना है, उसको स्वर्ग में निर्मित करने की आशा बांधे बैठे हुए हैं! सुख हमने जाना है कभी? कोई ऐसा क्षण है जीवन का जब हम कह सकें कि मैंने जाना सुख? और ध्यान रहे, बहुत जल्दी में ऐसा मत कह देना; क्योंकि जिसने एक बार सुख जान लिया, वह दुख जानने में असमर्थ हो जाता है। जिसने सुख जान लिया, वह दुख जानने में असमर्थ हो जाता है। फिर वह दुख जानता ही नहीं। फिर वह दुख जान ही नहीं सकता। क्योंकि जो सुख जानता है, उसे यह भी पता चल जाता है कि मैं सुख हूं। यह बहुत मजे की बात है। और चूंकि हम दुख जानते ही चले जाते हैं, यह इस बात का सबूत है कि सुख हमने कभी जाना नहीं। आशा है, कल्पना है। और कभी-कभी सुख को थोप भी लेते हैं। एक मित्र आया है, गले लग गया है और हम कहते हैं, बहुत सुख आ रहा है। लेकिन कभी आपने सोचा है कि जो मित्र आकर गले मिल गया है, वह गले मिला ही रहे तब ऐसी तबीयत होगी कि किसी तरह इससे छुटकारा मिल जाए। अगर सुख था तो और बढ़ जाता? जो एक क्षण में सुख मिला था तो दस क्षण में और दस गुना हो जाता? लेकिन सुख नहीं था, कल्पित था; एक क्षण में खो गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पर्यावरण की चिंता**

यह देखा जाना अति दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि अक्तूबर-नवंबर में पंजाब व हरियाणा में पराली जलाने से हवा प्रदूषण चरम सीमा पर पहुंच जाता है, जिससे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ता है। पराली जलाने पर पाबंदी जरूर है, परंतु फिर भी कुछ लोग इसे जलाने से परहेज नहीं करते हैं। यकीनन, यह बात भी मानी जा सकती है कि लोग बेवजह ऐसा नहीं करते हैं। किसानों के पास पराली जलाने की अपनी वजह है। लेकिन इसके निराकरण के लिए सरकार व व्यक्ति दोनों को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। हमें यह बात हमेशा अपने जहन में रखने की जरूरत है कि यह पर्यावरण, देश अपना है, तो इसके प्रति जिम्मेदारी भी हमारी है। -सहर्ष साहू

## ट्रेंड

### रुपये गलत हाथों में नहीं



जनधन, आधार, मोबाइल और ई गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस इन सबके माध्यम से 425 सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। खास बात यह कि इससे करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचे हैं।

-नरेंद्र मोदी

### पेरियार से सहमत नहीं



डा. आंबेडकर, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई, संत रविदास और महर्षि वाल्मीकि हमारे आदर्श हैं। पेरियार का भगवान राम, श्रीकृष्ण अपने पूर्वजों के प्रति जो दृष्टिकोण है उससे कोई भी अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा रखने वाला व्यक्ति सहमत नहीं हो सकता।

-बाबा रामदेव

### अंगद पर गर्व



शेरवुड कॉलेज नैनीताल में 1958 की कक्षा के समय के मेरे मित्र सुखपाल सिंह बाजवा का बेटा अंगद नस्कीट शूटिंग उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व चैंपियन बना और टोक्यो 2020 ओलंपियाड के लिए टिकट पाने में कामयाब रहा, गर्व है।

-अमिताभ बच्चन

### छात्रों से बात करें कुलपति



बीएचयू के कुलपति डॉ. खान की नियुक्ति के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों को बुलाकर बात करें तो बेहतर होगा। प्रदर्शनकारी छात्रों की अनेक बातें हैं, लेकिन मीडिया ने एक बिंदु को हवा देकर असली मुद्दे को उलझा दिया है।

-सुब्रामण्यम स्वामी

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने इंटरनेट बंद करने पर ईरान को फटकार लगाई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को ईरान पर आरोप लगाया कि उसने 'मौत और त्रासदी' पर पर्दा डालने के लिए इंटरनेट को बंद कर दिया है, इस बीच रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि सड़कों पर चल रहे विरोध प्रदर्शन खत्म हो चुके हैं। ईरान पर अमेरिका ने पहले से आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बना रखा है। ट्रंप के इंटरनेट बंद करने संबंधी ट्वीट से यह दबाव और बढ़ गया है। ट्रंप ने ट्वीट किया, 'ईरान इतना अधिक अस्थिर हो चुका है कि शासन ने पूरी इंटरनेट प्रणाली को ठप करवा दिया ताकि ईरान की जनता देश में जारी भयंकर हिंसा के बारे में बात भी नहीं कर पाए।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा, 'वह नहीं चाहते कि जरा सी भी पारदर्शिता हो। उन्हें ऐसा लगता है कि दुनिया को पता ही नहीं चलेगा कि ईरान का शासन मौत और त्रासदी को अंजाम दे रहा है।' ईरान में बीते शुक्रवार को पैट्रोल की कीमतें 200 गुना बढ़ा दी गई थी, जिसके कुछ ही घंटे बाद देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए थे। लोगों ने पुलिस थानों पर हमले किए, पैट्रोल पंपों को आग लगा दी और दुकानों में लूटपाट की। इंटरनेट के लगभग पूरी तरह से ठप होने से वहा के हालात के बारे में जानकारी मिलना बेहद मुश्किल हो गया। अधिकारियों ने पांच मौत की पुष्टि की लेकिन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि मौत का वास्तविक आंकड़ा सौ के पार हो सकता है।



## ऑफ बीट

# गूगल का नया फीचर पैरेंट्स की आवाज में सुनाएगा कहानी



गूगल ने हाल ही में अपने यूजर्स के लिए नया असिस्टेंट फीचर लॉन्च किया है, जिसका नाम 'माईस्टोरीटाइम' है। इसकी मदद से यूजर्स कहानियां पढ़कर रिकॉर्ड कर सकते हैं और बाद में उन्हें नेस्ट मिनी, नेस्ट हब और हब मैक्स जैसे डिवाइसेज से भी ऐक्सेस किया जा सकेगा। इस तरह पैरंट्स अपने बच्चों के लिए खाली वक्त में कहानियां रिकॉर्ड कर सकेंगे और बाद में बच्चे वे कहानियां सुन सकेंगे। वेंचूरबीट की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फीचर को वर्किंग पैरंट्स के लिए डिजाइन किया गया है। गूगल नेस्ट डिवाइसेस की मदद से पैरंट्स की ओर से रिकॉर्ड किए गए स्टोरी चैप्टर्स बच्चे बाद में सुन पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फीचर मिलिट्री मेंबर जेनिफर ओलिवर से प्रेरित है, जिन्होंने सबसे पहले इंटरनेट मेसेज बोर्ड पर अपनी बेटियों के साथ यह आइडिया शेयर किया और बच्चों की कहानियों को इंटरनेट पर स्पेस दिया था। ओलिवर ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा था, 'आप माईस्टोरीटाइम डॉटकॉम विजिट करके एक प्राइवेट अकाउंट बना सकते हैं। इसके बाद अपने परिवार के लिए रिकॉर्डेड स्टोरीज की लाइब्रेरी तैयार की जा सकती है। एक बाद स्टोरी रिकॉर्ड होने के बाद उन्हें पैरंट्स के साथ शेयर किया जा सकता है।' पूरी प्रक्रिया होने पर गूगल असिस्टेंट को 'हे गूगल, टॉक टू माई स्टोरी टाइम' कमांड देकर पर्सनल स्टोरीज सुनी जा सकती हैं।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## कुछ सेवाओं को अच्छी सुविधा देने की पहल पर आउटसोर्स किया जा रहा हैः गोयल

# रेलवे का निजीकरण नहीं कर रही सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्र सरकार ने रेलवे का निजीकरण करने की आशंकाओं को निराधार बताते हुये कहा है कि यात्रियों को रेलगाड़ी में बेहतर सेवायें मुहैया कराने के लिये कुछ सेवाओं को निजी क्षेत्र की पहल पर आउटसोर्स किया जा रहा है। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में निजी क्षेत्र के सहयोग की वजह बताते हुये कहा कि सरकार को रेलवे के कुशल संचालन के लिये अगले 12 साल में लगभग 50 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी। सरकार के लिये यह राशि जुटाना मुमकिन नहीं होगा। उन्होंने कहा, हमारी मंशा भारतीय रेल का निजीकरण करना नहीं बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधा और लाभ देना है। भारतीय रेल भारत और भारत के लोगों की संपदा है और हमेशा रहेगी। गोयल ने कहा कि रेलगाड़ी और स्टेशनों पर यात्रियों को बेहतर सुविधायें मुहैया कराने के लिये निजी क्षेत्र का सहयोग आउटसोर्स कर लाइसेंस प्रणाली के आधार पर लिया जा रहा है। इससे रेलवे के मौजूदा कर्मचारियों की सेवायें किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं होंगी। बिहार में रेल परियोजनाओं की प्रगति से जुड़े एक पूरक प्रश्न के जवाब में रेल राज्यमंत्री अंगडी सुरेश ने बताया कि राज्य में अभी 55 रेल परियोजनायें चल रही है। बिहार की रेल परियोजनाओं के लिये चालू वित्त वर्ष में 362 प्रतिशत बढ़ोतरी करते हुये 4093 करोड़ रुपेय आवंटित किये गये है।



## राज्यसभा में उठा बैंकों में घोटाले का मुद्दा

राज्यसभा में कांग्रेस के एक सदस्य ने विभिन्न बैंकों में हुए घोटाले का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि सरकार को जमाकर्ताओं को उनके पैसों की सुरक्षा के संबंध में भरोसा दिलाना चाहिए। कांग्रेस के प्रताप सिंह बाजवा ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक सहित विभिन्न सरकारी एवं सहकारी बैंकों में हुए घोटालों से आम लोग अपने पैसों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग बैंकों में अपने पैंसों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहते थे। उन्होंने पीएमसी बैंक घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक की देखरेख के बाद भी ऐसा हो गया। उन्होंने कहा कि बैंकों से जुड़ी मौजूदा स्थिति से आम लोगों में घबराहट है। ऐसे में सरकार को लोगों को उनके पैसों की सुरक्षा के संबंध में भरोसा दिलाना चाहिए। शून्यकाल में ही कांग्रेस के राजमणि पटेल ने सीमेंट कारखानों में नियमों के उल्लंघन होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सतना और रीवा के सीमेंट कारखानों में नियमों का पालन नहीं होने से आस पास के क्षेत्रों में प्रदूषण फैल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कारखानों में किसानों के साथ हुए समझौतों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस के अहमद हुसैन ने कोलकाता से यूरोप और अन्य देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरूआत करने की मांग की वहीं कांग्रेस की विप्लव ठाकुर ने कहा कि काजू और नारियल के छिलकों में तेजाब होता है। इससे छिलका उतारने वालों के हाथ जल जाते हैं और उनमें घाव हो जाता है।

## जेएनयू में फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर भी हुई चर्चा

राज्यसभा में आज विपक्षी दलों ने राजधानी के जवाहरलाल नेहरू विश्विवद्यालय में फीस बढ़ोत्तरी का मुद्दा उठाया और इसका विरोध कर रहे छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई का विरोध किया जबकि भाजपा के एक सदस्य ने फीस विरोध के विरोध में चल रहे आंदोलन के औचित्य पर सवाल उठाया। शून्यकालमें माकपा के राज्यसभा सदस्य के के रागेश ने सभापति की अनुमति से जेएनयू में फीस बढ़ोतरी का मुद्दा उठाते हुए इस मामले में सरकार को उसके फैसले की समीक्षा करने का निर्देश देने का सुझाव दिया। उन्होंने फीस बढ़ोतरी के फैसले के खिलाफ छात्र आंदोलन को दबाने के लिये की गयी पुलिस कार्रवाई की न्यायिक जांच कराने की भी मांग की। विपक्षी दलों के विभन्न सदस्यों ने रागेश द्वारा उठाये गये इस विषय से स्वयं को संबद्ध करते हुए उनकी इस मांग का समर्थन किया। इस दौरान भाजपा के प्रभात झा ने भी शून्यकाल के दौरान जेएनयू में फीस बढ़ोतरी और छात्रों के अधिकारों के नाम पर चल रहे आंदोलनों के औचित्य पर सवाल उठाया। झा ने कहा कि जेएनयू का गौरवशाली इतिहास रहा है लेकिन पिछले कुछ सालों से जेएनयू परिसर में छात्र आंदोलनों की आड़ में देश विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने इसकी जांच कराने की मांग की।

## लोकसभा से पारित हो प्लास्टिक प्रयोग बंद करने का संकल्पः ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए सदन के माध्यम से एक संकल्प पारित करने का आह्वान किया। जिसका केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने समर्थन किया। सुबह प्रश्नकाल के दौरान इस विषय पर विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों के दौरान लोस अध्यक्ष ने कहा कि प्लास्टिक से होने वाला प्रदूषण देश के सामने आज एक बड़ी समस्या बन गया है। इसलिए यह जरुरी है कि इसके समाधान के लिए एक विशेष सत्र बुलाकर संसद से एक संकल्प पारित किया जाना चाहिए। जिससे दुनिया में न सिर्फ 130 करोड़ देशवासियों की सीधी बात पहुंचेगी।

## लोकसभा में अगले सप्ताह पेश होगा एसपीजी संशोधन विधेयक

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एसपीजी अधिनियम में जिन संशोधनों को मंजूरी दी है, उनके मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्रियों के परिजनों को अब विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के कमांडो सुरक्षा प्रदान नहीं करेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कुछ दिन पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके पुत्र राहुल गांधी और पुत्री प्रियंका गांधी वाड्रा को दी गयी एसपीजी सुरक्षा को वापस ले लिया था। इससे पहले 28 वर्ष तक गांधी परिवार को एसपीजी सुरक्षा मिलती रही। इस संबंध में एसपीजी कानून में संशोधन वाला विधेयक अगले सप्ताह लोकसभा में पेश किया जा सकता है। संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में जानकारी दी कि अगले सप्ताह की कार्यसूची में विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) संशोधन विधेयक सूचीबद्ध है। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन के अनुसार अब पूर्व प्रधानमंत्रियों के परिवार के सदस्यों को एसपीजी सुरक्षा घेरा प्रदान नहीं किया जाएगा।

## कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने उठाया पीएसयू के विनिवेश का मुद्दा

लोकसभा में शुक्रवार को शून्यकाल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से हंगामा किया गया। इसमें एक ओर कांग्रेस के नेता सदन अधीर रंजन चौधरी ने पीएसयू के विनिवेश का मुद्दा उठाकर सरकार पर जनता के पैसों की बर्बादी कर कुछ औद्योगिकी घरानों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मौजूदा सरकार एक के बाद एक कंपनियों का विनिवेश करती जा रही है। उन्हें बेच रही है।

## मराठवाड़ा के किसानों के लिये 819 करोड़ आवंटित

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र प्रशासन ने बेमौसम बारिश की वजह से नुकसान का सामना करने वाले मराठवाड़ा के किसानों के लिए 819.59 करोड़ रुपये की राहत राशि आवंटित की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि क्षेत्र के आठ जिलों के किसानों के लिए यह राशि आवंटित की गई है। मंडलीय उपायुक्त पराग सोमन ने कहा मानसून के बाद हुई बारिश से प्रभावित मराठवाड़ा के किसानों की सहायता के लिए राज्य प्रशासन ने 819.59 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। राज्य के अधिकारी ने बताया कि सूखे की स्थिति का सामना करने वाले क्षेत्र में मानसून के दौरान पर्याप्त बारिश नहीं हुई थी, लेकिन बेमौसम बारिश की वजह से खड़ी फसल को नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि सरकारी एजेंसियों ने नुकसान का सर्वेक्षण किया था। राज्य प्रशासन से 2,909.36 करोड़ रुपये की मांग की गई थी।



## पशु चोरी के संदेह में भीड़ ने की दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या

**कूचबिहार ।** कूचबिहार जिले में पशु चोरी के संदेह में भीड़ ने दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी और इस मामले में कथित संलिप्तता को लेकर 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि रबीउल इस्लाम और प्रकाश दास एक वैन से दो गायों को लेकर जा रहे थे तभी माथाबांगला क्षेत्र में बृहस्पतिवार को यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि भीड़ ने वैन रोकी और उसमें गायों को देखा। लोगों ने दावा किया कि ये गाएं कुछ दिन पहले इलाके से चुरा ली गई थीं ।

## आतंकवाद के लिए धन देने की आरोपी कंपनी से भाजपा ने चंदा लियाः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के साथी इकबाल मिर्ची की संपत्तियों की लेनदेन की आरोपी कंपनी से चंदा लिया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर दावा किया चंदा लेने में भाजपा का कमाल- करोड़ों का चंदा एक ऐसी कम्पनी से लिया जिस पर दाऊद इब्राहिम के साथी आतंकी इक़बाल मिर्ची की संपत्ति की ख़रीद-बेच की साँठ-गाँठ का इल्ज़ाम है।

## शारीरिक परीक्षण...



जम्मू में शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल भर्ती में शारीरिक परीक्षण के दौरान दौड़ती हुई महिला उम्मीदवार ।

## कश्मीर में 21 छात्राएं एक माह लम्बे साइकिल मैराथन पर निकली

**जम्मू।** कश्मीर में 21 छात्राएं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जम्मू से कन्याकुमारी तक एक साइकिल मैराथन शुरू की। यह साइक्लोथॉन एक महीने तक चलेगा। छात्राएं जम्मू से साइकिल चलाकर कन्याकुमारी तक जाएंगी।

जम्मू विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय और शारीरिक शिक्षा निदेशालय के सहयोग से मुंबई स्थित पी एन दोशी महिला कॉलेज ने इस 3,700 किलोमीटर के इस साइक्लोथॉन का आयोजन किया है। जम्मू विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज के धर ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। खेल और शारीरिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक दाउद इकबाल बाबा ने कहा कि 21 उत्साही छात्राएं सामूहिक रूप से साइकिल चलाकर लड़कीयों की शिक्षा के संदेश का प्रचार-प्रसार करेंगी। इसका समापन 25 दिसंबर को कन्याकुमारी में होगा। प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई देते हुए कुलपति ने प्रतिभागियों को शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक दृढ़ता के लिए ऐसी खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने की सलाह दी।



## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में घट सकता है चीनी उत्पादन



**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में इस साल चीनी का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। खराब मौसम की वजह से राज्य में बड़े पैमाने पर गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा है, जिससे बड़ी संख्या में चीनी मिलें अभी परिचालन शुरू नहीं कर पाई हैं। महाराष्ट्र में अभी तक सिर्फ 150 चीनी कारखाने ही परिचालन शुरू कर पाए हैं।

### कच्चे तेल के वायदा भाव में 11 रु. की गिरावट



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख से कच्चे तेल का वायदा भाव 0.26 प्रतिशत के नुकसान से 4,180 रुपए प्रति बैरल पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का दिसंबर अनुबंध 11 रुपये या 0.26 प्रतिशत के नुकसान से 4,180 रुपए प्रति बैरल रह गया। इसमें 16,649 लॉट का कारोबार हुआ।

### पेटेंट के लिए भारत का जापान से करार

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों और लोगों को पेटेंट प्राप्त करने में तेजी लाने के लिए भारत और जापान के पेटेंट कार्यालयों ने करार किया है। भारतीय पेटेंट कार्यालय पहली बार जापान पेटेंट कार्यालय के साथ पीपीएच पर प्रायोगिक कार्यक्रम में कदम रखा रहा है। तीन वर्षों के लिए सबसे पहले जापान पेटेंट ऑफिस और भारतीय पेटेंट कार्यालय के बीच शुरू होगा। इसमें कहा गया , इस पीपीएच कार्यक्रम से पेटेंट आवेदनों के निपटारे में लगने वाले समय में कमी, लंबित पेटेंट आवेदनों में कमी, पेटेंट आवेदनों की जांच -पड़ताल की प्रक्रिया में सुधार, भारत के स्टार्टअप और एमएसएमई सहित भारतीय निवेशकों को जापान में अपने पेटेंट आवेदनों की जांच -पड़ताल में तेजी लाने के अवसर मिलेंगे।

# मशहूर टेस्ला के साइबरट्रक से उठा पर्दा, सिंगल चार्ज पर चलेगा 800 किलोमीटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नायाब प्रोडक्ट्स लाने के लिए मशहूर टेस्ला एक बार फिर सुर्खियों में हैं। टेस्ला ने लॉस एंजिल्स में कंपनी के ऑल-इलेक्ट्रिक पिक-अप ट्रक साइबरट्रक से पर्दा उठाया है। टेस्ला का दावा है कि साइबरट्रक, ट्रक की यूटिलिटी और स्पोर्ट्स कार का परफॉर्मेंस दोनों एक साथ डिलीवर करेगा।

- शुरुआती कीमत करीब 28.62 लाख रुपए से

टेस्ला का साइबरट्रक, सिंगल मोटर रियर-वीइल ड्राइव , ड्यूल मोटर ऑल-वीइल ड्राइव और ट्राई मोटर ऑल-वीइल ड्राइव इन तीन वेरियंट्स में उपलब्ध होगा। सिंगल चार्ज में रेंज कम हो सकती है पर डबल चार्ज में रेंज अधिक मिलेगी।

## ट्रक यूटिलिटी और स्पोर्ट्स कार का परफॉर्मेंस देगी

### 39,900 डॉलर है शुरुआती कीमत

टेस्ला के साइबरट्रक में 6 लोग बैठ सकेंगे। एंट्री लेवल वेरियंट की टोइंग कैपसिटी 3,400 किलोग्राम होगी। इसकी कीमत 39,900 डॉलर (करीब 28.62 लाख रुपए) होगी। वहीं, ड्यूल मोटर ऑल-वीइल ड्राइव वाले वेरियंट की टोइंग कैपसिटी 4,500 किलोग्राम से ज्यादा है और इसकी कीमत 49,900 डॉलर (करीब 35.80 लाख रुपए) है। जबकि ट्राई मोटर ऑल-वीइल ड्राइव वाले वेरियंट की टोइंग कैपसिटी 6,350 किलोग्राम है और इसकी कीमत 69,000 डॉलर (करीब 49.50 लाख रुपए) है।



### 6.5 सेकंड्स में 100 किमी की रफ्तार

साइबरट्रक का एंट्री लेवल वेरियंट 6.5 सेकंड्स से भी कम समय में 0-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेगा। वहीं, ट्राई मोटर ऑल-वीइल ड्राइव वाला वेरियंट सिर्फ 2.9 सेकंड में इतनी रफ्तार पकड़ेगा। जबकि ड्यूल मोटर ऑल-वीइल ड्राइव वाला वेरियंट करीब 4.5 सेकंड्स में 0-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेगा।

### सिंगल चार्ज पर 400 किमी से ज्यादा रेंज

सिंगल मोटर रियर-वीइल ड्राइव सिंगल चार्ज पर 400 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज ऑफर करेगा। वहीं, ड्यूल मोटर ऑल-वीइल ड्राइव फुल चार्ज पर 480 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज देगा। वहीं, ट्राई मोटर ऑल-वीइल ड्राइव वाला वेरियंट सिंगल चार्ज पर 800 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज डिलीवर करेगा।

### साइबरट्रक की बॉडी स्टेनलेस स्टील की

साइबरट्रक की बॉडी अल्ट्रा हार्ड कोल्ड-रोल्ड स्टेनलेस स्टील की बनी है। टेस्ला साइबरट्रक का सीरीज प्रोडक्शन 2021 के आखिर में शुरू होगा और 2022 की शुरुआत में इसकी डिलीवरी चालू हो जाएगी।

### 17 इंच का टचस्क्रीन टैबलेट

टेस्ला के साइबरट्रक में 17 इंच का टचस्क्रीन टैबलेट दिया गया है, जिससे कार के सभी फंक्शंस का एक्सेस किया जा सकता है।

## निर्णय : 2019 की सूची में 131 वस्तुओं को शामिल किया गया

# चीन ने विदेशी निवेशकों के लिए खोले दरवाजे, नकारात्मक सूची को किया छोटा

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

आर्थिक नरमी के बीच चीन ने घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से नकारात्मक सूची में शामिल उत्पादों और सेवाओं की संख्या में कटौती की।

इस सूची में ऐसे क्षेत्र और कारोबारों को रखा गया है , जिसमें निजी निवेशकों के प्रवेश पर रोक है। चीन के आधिकारिक मीडिया ने कहा कि 2019 की सूची में 131 वस्तुओं को शामिल किया गया है। यह 2018 की सूची से 20 कम है।

### नर्सिंग, सामाजिक कल्याण को बाहर किया

राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग (एनडीआरसी) के अनुसार , जिन वस्तुओं को सूची से बाहर किया गया है , उनमें से अधिकांश सेवा उद्योग से जुड़ी है। इस सूची में नर्सिंग होम , सामाजिक कल्याण संस्थान और अग्निशमन सेवाओं की स्थापना शामिल है।

- 2018 की सूची से वस्तुओं की संख्या 20 कम है
- सेवा उद्योग को सूची से बाहर का रास्ता दिखाया गया
- घरेलू और विदेशी निवेशकों के साथ समान व्यवहार का प्रयास

### सूची में निजी निवेशकों के प्रवेश पर रोक रखी गई

**चीन जल्द अमेरिका को पीछे छोड़ देगा**

अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध के चलते चीन के विनिर्माण क्षेत्र की मांग प्रभावित हुई है। चीन की तेज वृद्धि और 1.4 अरब की आबादी के साथ माना जा रहा है कि वह जल्द अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।



*जीडीपी के लक्ष्य को पाने की संभावना बढ़ी : राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने इस संशोधन के बारे में जानकारी दी। इससे चीन के कम्युनिस्ट नेताओं के 2010 से 2020 के दौरान देश की जीडीपी के आकार को दोगुना करने के लक्ष्य को हासिल करने की संभावना बढ़ गई है।*

*वृद्धि दर तीन दशक के निचले स्तर पर: साथ ही घरेलू तथा विदेशी इकाइयों के साथ एकसमान व्यवहार करने का प्रयास कर रहा है।*

*नकारात्मक सूची छोटी की आयोग ने कहा कि इस सूची से चीन के बाजार को संसाधन आवंटन में निर्णायक भूमिका निभाने और बाजार पहुंच को आसान बनाने में मदद मिलेगी। चीनी विशेषज्ञों ने कहा कि बाजार पहुंच के लिए नकारात्मक सूची को छोटा करना इस बात को दोहराता है कि चीन अपने बाजार को खोलने के लिए तैयार है।*

### देश की जीडीपी 12,800 अरब डॉलर आंकी गई

पिछले अनुमान में 2018 में देश की जीडीपी 90,030 अरब युआन या 12,800 अरब डॉलर आंका गया था। यह 2018 में अमेरिका के 20,500 अरब डॉलर के जीडीपी से काफी पीछे है। हालांकि, 2018 में अमेरिका की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही थी जो चीन की तुलना में काफी कम है।

### दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

सरकार की योजना दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के जीडीपी वृद्धि के संशोधित अनुमान को भी जारी करने की है। हालांकि, सरकार की ओर यह नहीं बताया गया है कि इसे कब जारी किया जाएगा।

# ट्राई ने कंपनियों से बंद हो चुके नंबरों की सूची मांगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से स्थाई तौर पर बंद हो चुके मोबाइल नंबरों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

इसका मकसद इन नंबरों का पहचान के लिए उपयोग करने वाली कंपनियों के डेटाबेस को अद्यतन करना है। ट्राई ने एक बयान में कहा कि कंपनियां इन नंबरों की सूची उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध कराएं। ट्राई चाहता है कि कंपनियां, बैंक, बीमा कंपनियां इत्यादि जिन्होंने भी इन नंबरों का उपयोग ग्राहक की पहचान करने के लिए किया है, वह इन नंबरों से मिलान करके अपनी प्रणाली को अद्यतन कर लें। नियामक ने बिना नाम के केवल वही नंबर उपलब्ध कराने के लिए कहा है जो स्थाई तौर पर बंद हो चुके हैं। ट्राई ने कहा कि जब किसी नंबर को स्थाई तौर पर बंद करा दिया जाता है तो एक निश्चित अवधि के बाद वह दूसरे ग्राहक को दे दिया जाता है। लेकिन ग्राहक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए कंपनियां इन नंबरों पर एक बार इस्तेमाल में काम में आने वाले संदेश भेजकर (ओटीपी) पहचान पुख्ता करती हैं।

- मकसद इन नंबरों की पहचान करना
- कंपनियां अपनी वेबसाइट पर नंबर डाले

### बंद हो चुके नंबर पुराने ग्राहक के नाम से पंजीकृत रहते हैं

कई बार ग्राहक के स्थाई तौर पर नंबर बंद करवाने के बावजूद पहचान के लिए इस्तेमाल करने वाली कंपनियों के पास ये नंबर पुराने ग्राहक के नाम से ही पंजीकृत रहते हैं। इसलिए इन कंपनियों, बैंकों, बीमा कंपनियों इत्यादि को इन नंबर से मिलान कर अपने डेटाबेस को अद्यतन करने में मदद के लिए ये नंबर मांगे गए हैं।

**बिजली क्षेत्र को कोल इंडिया की आपूर्ति घटीः नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) की बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में 8.5 प्रतिशत घटकर 25.3 करोड़ टन रह गई है। एक साल पहले समान अवधि में कोल इंडिया द्वारा बिजली क्षेत्र को 27.68 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की गई थी।

# सेंसेक्स 216 अंक टूटा आईटी बैंक शेयरों में भी आई गिरावट

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी और बैंक शेयरों में गिरावट से शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज हुई। वृद्धि की चिंता के बीच निवेशक अपने पोर्टफोलियो का विस्तार नहीं कर रहे हैं, जिससे बाजार में गिरावट कायम रही। मंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिनभर कमजोर रहने के बाद अंत में 215.76 अंक या 0.53 प्रतिशत के नुकसान से 40,359.41 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 54 अंक या 0.45 प्रतिशत के नुकसान से 11,914.40 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज क शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बड़ी कंपनियों के शेयरों में ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बाजार ऊपर की ओर है। इस वजह से बड़े शेयरों को और आगे बढ़ने की गुंजाइश नहीं मिल रही है। अमेरिकी कर्मचारियों के संरक्षण के लिए अमेरिका द्वारा कार्य वीजा जरूरतों में बदलाव की खबरें हैं। इन खबरों से आईटी शेयरों में गिरावट आई।


# 'समावेशी समृद्धि' में बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई शामिल

- सूची में पहले स्थान पर ज्यूरिख है
- वैश्विक सूची में तीनों शहरों की रैंकिंग फिसली
- दुनिया के 113 शहरों को रैंकिंग दी गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के तीन शहरों-बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली को वैश्विक समृद्धि सूचकांक में स्थान मिला है। समावेशी समृद्धि के लिहाज से दुनिया के 113 शहरों को रैंकिंग दी गई है। हालांकि, तीनों भारतीय शहर इस सूची में निचले स्थानों पर है।

इस सूची में समावेशी समृद्धि का आकलन केवल आर्थिक वृद्धि के आधार पर नहीं, बल्कि आबादी में उसके वितरण के आधार पर भी किया गया है। बास्क इंस्टिट्यूशंस की ओर से डीएंडएल पार्टनर्स ने 'प्रॉस्पैरिटी एंड इन्क्लूजन सिटी सील एंड अवार्ड्स' (पीआईसीएसए) इंडेक्स तैयार किया है।



इस सूचकांक में बेंगलुरु 83वें, दिल्ली 101वें और मुंबई 107वें स्थान पर हैं। सूची में पहले स्थान पर ज्यूरिख है। उसके बाद क्रमशः वियेना और कोपनहेगन दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। समावेशी समृद्धि के लिहाज से शीर्ष दस शहरों में लक्जमबर्ग चौथे, हेलसिंकी पांचवें, ताइपे छठे, ओस्लो सातवें, ओटावा आठवें, कील नौवें और जिनेवा दसवें स्थान पर हैं। इस अध्ययन में कहा गया है कि समृद्धि के परंपरागत उपायों को आर्थिक सफलता का आकलन करने का सही मानक नहीं माना जा सकता। यही वजह है कि दुनिया के शीर्ष सबसे धनी शहरों का समावेशी समृद्धि में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है।

### अमीर शहरों में लंदन 33वें और न्यूयॉर्क 38वें स्थान पर

अमीर शहरों में लंदन सूची में 33वें और न्यूयॉर्क सिटी 38वें स्थान पर हैं। फोर्ब्स की 2019 की सूची के अनुसार मुंबई भी दुनिया के दस सबसे अमीर शहरों में आता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई शहर इस सूचकांक में निचले स्थानों पर हैं। इससे पता चलता है कि इन शहरों के समक्ष गरीबी और असमानता की बड़ी चुनौतियां हैं।



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय चकरपुर (गुरुग्राम) में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से बाल दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसबीआई शाखा द्वारा विद्यालय को 12 सीलिंग फैन, 4 बड़े पंखे तथा कंप्यूटर सेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके विजेता विद्यार्थियों को मुख्य प्रबंधक (प्रसाशन) श्री राजकुमार साह द्वारा सम्मानित किया गया।

# कमजोर मांग से सोना गिरा, चांदी 815 रु. टूटी

- सोना 102 रु. गिरकर 38,856 रु. प्रति दस ग्राम
- चांदी फिसलकर 44,949 प्रति किलोग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कमजोर मांग के बीच दिल्ली में सोना 102 रुपए गिरकर 38,856 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया। वहीं , चांदी 815 रुपए फिसलकर 44,949 प्रति किलोग्राम पर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक , 24 कैरेट सोने का भाव 38,958 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं,चांदी 815 रुपये टूटकर 44,949 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही।गुरुवार को चांदी 45,764 रुपए पर थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, सोने में स्थिरता रही जबकि चांदी में मामूली बढ़त देखी गई। सोना मामूली बढ़कर 1,467 डॉलर प्रति औंस पर रहा जबकि चांदी 17.15 डॉलर प्रति औंस रही।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में, गुरुवार शाम को बिकवाली के जोर के बाद शुक्रवार को सोना 1,467 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर चल रहा था।


## चीन के खुदरा से लेकर बड़े निवेशक हुए कंगाल

# सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाला शेयर एक ही झटके में हुआ चित

- स्टॉक में 98 फीसदी की आई बड़ी गिरावट
- आर्टगो होल्डिंग्स लिमिटेड कंपनी मार्बल खनन का कारोबार करती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निश्चित ही शेयर मार्केट को अनिश्चतताओं का बाजार कहा जाता है। यहां लोग पलों में ही अर्श से फर्श और फर्श से अर्श तक का सफर तय कर लेते हैं। मार्केट का ऊंट किस करवट बैठेगा कुछ कहा नहीं जा सकता है। बाजार के तमाम ऐसे उदाहरण हैं जहां किसी कंपनी का स्टॉक एक ही दिन में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा और फिर जमीन पर भी आ गिरा। भारत में इस तरह के घटना वर्ष में एक दो बार दिख ही जाती है, पर विदेशी शेयर बाजार में बहुत ही कम ऐसा वाकया होता है।





### एक साल में 39 गुना बढ़ा स्टॉक

एक ऐसा ही स्टॉक है जो 1 साल में 39 गुना बढ़ा और एक ही दिन में पूरा साफ भी हो गया। यह घटना चीन के बाजार की है। चीनी की एक कंपनी आर्टगो होल्डिंग्स लिमिटेड है। यह कंपनी हांगकांग में लिस्टिड है।

### इंडेक्स से हटाने पर आई गिरावट

लेकिन एमएससीआई ने गुरुवार को ऐलान कर दिया कि अब वे इस स्टॉक को इंडेक्स में शामिल नहीं करेंगे। जैसे ही एमएससीआई ने यह बात कही, इस स्टॉक में गिरावट आनी शुरू हो गई। स्टॉक 98 फीसदी गिर गया। इस गिरावट को रोकने के लिए स्टॉक को सस्पेंड करना पड़ा और इस एक दिन की गिरावट में निवेशकों के 5.7 अरब डॉलर डूब गए।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**चिकित्सा**

शराब छुडवाये हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243



बॉडी बनाएं
कोर्स मात्र 650/- महीना
फायदा न होने पर पैसे वापस
कद बढ़ाए
छोटा कद होने से अगर आपको शर्मिंदा होना पड़ता है तो आज ही हमारी आयुर्वेदिक दवा लें और कद बढ़ाए।
कोर्स 1000/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉम्पलैक्स,दुकान न.22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055,4310066

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

तांत्रिक शक्ति के बेताज बादशाह
बाबा शेख साहब बंगाली
कहते नही कर के दिखाते है
3 घंटों में 101% गारंटेड समाधान
जैसे कारोबार में बंदिश, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, मनचाहा प्यार, प्यार में धोखा खाये मिले, बिमारी में दवा ना लगना, पति-पत्नी में अनबन, सास-बहू में झगड़ा, जादु-टोना, विदेश यात्रा, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन से छुटकारा
9997322441
लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
निराश अवश्य मिलें

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
बाबा बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9068531853

**ज्योतिष**

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खाये मिले, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

**लोन**

☞ जीवन ज्योति फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड मार्कशीट होमलोन बिजनेस पर्सनल प्रोप्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/ विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेवाजो से सावधान 7037531800

☞ MAHAKAL FINANCE सभी प्रकार के लोन योजनाओं के अन्तर्गत मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधार कार्ड, बिजनेस, गांव, शहर, दुकान सभी लोन 1% ब्याज 50% छूट 24 घण्टों में सम्पर्क करें 7298173674

☞ गायत्री फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड, मार्कशीट, होमलोन, बिजनेस, पर्सनल, प्रोपर्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/ विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेबाजों से सावधान 70410-64137

## खबर संक्षेप



### इस्तीफा देने के बाद फिर कोच बने माराडोना

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के महान फुटबालर डिएगो माराडोना इस्तीफा देने के दो दिन बाद ही फिर सुपरलिगा टीम जिम्नासिया से जुड़ गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं जिम्नासिया का कोच बना रहूंगा। क्लब में आखिर एकजुटता बन गई है।' उन्होंने बताया कि अध्यक्ष गैब्रियल पेलेग्रिनो का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह क्लब के साथ नहीं रहना चाहते थे।

### अहलावत ने 68 का कार्ड खेल तीन शाट की बढ़त ली

**डिगबोई।** गुरुग्राम के गोल्फर वीर अहलावत ने शुक्रवार को इंडियन आयल सर्वो मास्टर्स गोल्फ के तीसरे दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर अपनी बढ़त तीन शाट तक बढ़ा ली। अहलावत का इस 60 लाख रूपये इनामी टूर्नामेंट में तीन दिन का कुल स्कोर 15 अंडर 201 है। अभिषेक झा और एम धर्मा 12 अंडर 204 के समान स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### आस्ट्रेलिया ए महिला टीम की कमान मैकग्रा को

**मेलबर्न।** हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा भारत ए के खिलाफ 12 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू हो रही सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ए महिला टीम की कप्तान होंगी। यह दौरा भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चार साल के करार का हिस्सा है। आस्ट्रेलिया ए टीम पिछले साल भारत का दौरा कर चुकी है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अनुसार आस्ट्रेलिया पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला ए टीम की मेजबानी करेगा।











## ऐतिहासिक डे नाइट टेस्ट : गुलाबी गेंद से पहली बार मैच खेल रही टीम इंडिया

# बांग्लादेश 106 पर ढेर, भारत ने बनाई 68 रन की लीड

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इशांत शर्मा की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने गुलाबी गेंद से भी घातक गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन करके बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां 106 रन पर ढेर कर दिया जिससे विराट कोहली की टीम ने शुरू में ही मैच पर शिकंजा कस दिया। पहले टेस्ट को तीन दिन के अंदर पारी के अंतर से जीतने वाले भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट 174 रन बनाये हैं और उसकी बढ़त 68 रन की हो गयी है। भारतीय सलामी बल्लेबाज भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाये, लेकिन ईडन गार्डन्स पर गेंदबाजों के प्रदर्शन से उत्साहित दर्शकों को चेतेश्वर पुजारा (55) और विराट कोहली (नाबाद 59 रन) ने निराश नहीं होने दिया। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 94 रन की साझेदारी की। स्टंप उखड़ने के समय कोहली के साथ दूसरे छोर पर अजिंक्य रहाणे 23 रन बनाकर डटे थे। इशांत (12 ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट) ने पिछले 12 वर्षों में पहली बार भारतीय सरजमीं पर पारी में पांच विकेट लिये।

### कोहली के कप्तान के रूप में 5000 रन पूरे

विराट कोहली ने कप्तान के रूप में 5000 टेस्ट रन पूरे करके शुक्रवार को यहां नई उपलब्धि हासिल की और उन्होंने सबसे कम पारियों में इस मुकाम पर पहुंचकर नया रिकार्ड भी बनाया।



कोहली पहले भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने कप्तान के रूप में 5000 टेस्ट रन पूरे किए। विश्व क्रिकेट में हालांकि वह इस मुकाम पर पहुंचने वाले छठे कप्तान बन गए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जा रहे टेस्ट क्रिकेट मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली की कप्तान के रूप में यह केवल 86वीं पारी है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का रिकार्ड तोड़ा जिन्होंने कप्तान के रूप में 97 पारियों में 5000 रन पूरे किए थे।





### घरेलू मैदान पर 12 साल बाद इशांत ने झटके पांच विकेट

भारतीय पेस गेंदबाजी की अगुआई की अनुभवी इशांत शर्मा ने 22 रन देकर बांग्लादेश के पांच बल्लेबाजों को पविलियन भेजा। यह 10वां मौका था, जब इशांत ने पारी में पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की हो। हालांकि घरेलू मैदान पर यह अवसर उनके लिए 12 साल बाद आया। इशांत ने साल 2007 में पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु मे खेले गए टेस्ट मैच की पहली पारी में 118 रन देकर पांच विकेट लिए थे। वह मैच ड्रॉ रहा था।

### 12वीं बार टीम 150 से कम पर आउट

कोलकाता से पहले पिंक बॉल टेस्ट में 11 बार टीमें 150 से कम के स्कोर पर ऑल आउट हुई थीं। अब जब बांग्लादेश सिर्फ 106 रनों पर ऑल आउट हो गई तो यह 12 वां मौका था, जब पिंक बॉल टेस्ट में टीम 150 के स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाई। गौरतलब है कि यह पिंक बॉल से खेले जाने वाला सिर्फ 12वां टेस्ट मैच है।



### लिटन और नईम के सिर में लगी गेंद, टीम से बाहर खिलाड़ी बने 'कनकशन सब्स्टीट्यूट'

बांग्लादेश के दो बल्लेबाज लिटन दास और नईम हसन भारत के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट के शुरुआती दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए जिससे मेहमानों को उन खिलाड़ियों को 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' के तौर पर उतारना पड़ा जिन्हें शुरुआती एकादश में जगह नहीं मिली थी। लिटन और नईम दोनों के सिर में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की गेंद लगी जिसके बाद मेहदी हसन और ताईजुल इस्लाम को 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' (सिर में चोट लगने के कारण उसकी जगह मैदान पर उतरने वाला स्थानापन्न खिलाड़ी) के तौर पर उतारा गया।



### गुलाबी रंग में रंगा ईडन गार्डन सितारों से सजी रही दीर्घाएं

गुलाबी रंग में रंगे इस शहर में राजनीति से लेकर क्रिकेट के मैदान के दिग्गजों से सजी दीर्घाओं, खचाखच भरे ईडन गार्डन पर विराट कोहली की टीम ने दिन रात का पहला टेस्ट खेलने कदम रखा तो जबर्दस्त माहौल ने 'प्रिंस आफ कोलकाता' सौरव गांगुली का वादा पूरा कर दिखाया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टास से पहले ईडन गार्डन की घंटी बजाई। मैच को असली रंग हालांकि कोलकाता के क्रिकेटप्रेमियों ने दिया जिनका उत्साह आज सातवें आसमान पर था। अधिकांश दर्शक गुलाबी रंग के कपड़े पहनकर आए हैं और ऐसा लग रहा है मानो कोई मैच नहीं बल्कि मेला लगा हो। इस तरह का उत्साह भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2001 में खेले गए टेस्ट में देखने को मिला था।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शादमान का साहा बो यादव | 19 | 52 | 5 | 0 |
| कायेस पगबाधा इशांत | 04 | 15 | 0 | 0 |
| मोमीनुल का रोहित बो यादव | 00 | 07 | 0 | 0 |
| मोहम्मद मिथुन बो यादव | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मुशफिकुर रहीम बो शमी | 00 | 04 | 0 | 0 |
| महमूदुल्लाह का साहा बो शर्मा | 06 | 21 | 1 | 0 |
| लिटन दास रिटायर हर्ट | 24 | 27 | 5 | 0 |
| नईम हसन बो इशांत | 19 | 28 | 4 | 0 |
| इबादत हुसैन बो इशांत | 01 | 07 | 0 | 0 |
| मिराज का पुजारा बो इशांत | 08 | 13 | 2 | 0 |
| अल-अमीन हुसैन नाबाद | 01 | 04 | 0 | 0 |
| जायेद का पुजारा बो शमी | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 30.3 ओवर में 106/10

गेंदबाजी : इशांत 12-4-22-5, यादव 17-2-29-3, शमी 10.3-2-36-2, जडेजा 1-0-5-0.

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक का मेहदी बो अल अमीन | 14 | 21 | 0 | 0 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो इबादत | 21 | 35 | 02 | 01 |
| पुजारा का शादमान बो इबादत | 55 | 105 | 08 | 0 |
| विराट कोहली खेल रहे हैं | 59 | 93 | 08 | 0 |
| अजिंक्य रहाणे खेल रहे हैं | 23 | 22 | 03 | 0 |

**अतिरिक्त : 02 (लेग बाई 1, वाइड 1)**

**कुल योग : 46 ओवर में तीन विकेट पर 174 रन**

**विकेट पतन : 1-26, 2-43, 3-137**

गेंदबाजी : अल अमीन हुसैन 14-3-49-1, अबु जायेद 12-3-40-0,इबादत हुसैन 12-1-61-2, ताईजुल इस्लाम 8-0-23-0,



## खबर संक्षेप

### आईआईटी गुवाहाटी में जापानी छात्र मृत पाया गया



**गुवाहाटी।** आईआईटी गुवाहाटी में विनिमय कार्यक्रम के तहत आए एक जापानी छात्र का शव छात्रावास में पाया गया है। पुलिस ने बताया कि मृत छात्र की पहचान कोता ओनोदा (22) के रूप में हुई है और उसका शव गुरुवार दोपहर साढ़े तीन बजे लोहित छात्रावास में बाथरूम के रोशनदान से लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। प्रवक्ता ने बताया कि मृत देह को शव-परीक्षण के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय भेजा गया है और नई दिल्ली स्थित जापानी दूतावास को इस बारे में जानकारी दे दी गई है।

### श्रीलंकाः अंतरिम सरकार गठित, आम चुनाव अप्रैल में

**श्रीलंका।** एक अंतरिम सरकार का गठन कर दिया, जो संसदीय चुनाव होने तक काम करेगी। अपने बड़े भाई और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे सहित 15 मंत्रियों को राष्ट्रपति ने शुक्रवार सुबह शपथ दिलाई। हालांकि, कार्यवाहक सरकार का कार्यकाल अगस्त 2020 तक रह सकता है, लेकिन इसे मार्च में भंग कर अप्रैल में संसदीय चुनाव कराए जाएंगे। मंत्रिमंडल के गठन के बाद राष्ट्रपति राजपक्षे ने कहा कि मजबूत सरकार के लिए जनादेश प्राप्त करने हेतु हम संविधान के मुताबिक जल्द चुनाव कराएंगे। गोटाबाया ने नए मंत्रियों से अनुरोध किया है कि वे नई नियुक्तियां राजनीतिक लाभ से इतर योग्यता और उपयुक्ता के आधार पर करें।

### बांग्लादेश में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में शुक्रवार को शादी में जा रहे लोगों से भरी छोटी बस की एक बस से टक्कर में कम से कम दस लोगों मौत हो गई। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'डेली स्टार' ने श्रीनगर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी के हवाले से बताया कि घटना ढाका-मावा राजमार्ग पर हुई, जब छोटी बस दोपहर करीब दो बजे मुंशीगंज के लोउहाजंग से ढाका के केरानीगंज के रास्ते पर थी।

### विदेश राज्य मंत्री ने लोकसभा में दी जानकारी

# पिछले 5 सालों में खाड़ी देशों में मारे गए करीब 34 हजार भारतीय

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

खाड़ी के छह देशों- कुवैत, सऊदी, बहरीन, कतर, ओमान और यूएई में हर दिन औसतन 15 भारतीयों की मौत हो जाती है।

विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी डेटा के मुताबिक साल 2014 से अब तक 33,988 भारतीय गल्फ में मारे गए हैं, जिसमें अकेले 4,823 इस साल मारे गए हैं। कांग्रेस सांसद और टीपीसीसी अध्यक्ष एन उत्तम कुमार रेड्डी के सवाल का जवाब देते हुए विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने लोकसभा में बताया कि सबसे अधिक भारतीयों की मौत की खबरें सऊदी और यूएई से आई हैं।

**खास बातें**

- संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में हुईं सर्वाधिक मौतें
- हर दिन हो जाती है औसतन 15 भारतीयों की मौत
- अकेले 4,823 लोग इस साल मारे गए
- मौत के मामले की जानकारी सिर्फ उनकी सामने आई है जिन परिवारों के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा उपलब्ध थी



#### एनआरआई की मिलीं 15 हजार शिकायतें

विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस साल अकेले अक्टूबर तक गल्फ एनआरआई की तरफ से 15,051 शिकायतें आई हैं। उनमें से अधिकतर ने रोजगार के नाम पर एजेंट द्वारा धोखाधड़ी करने की शिकायत की है। मुरलीधरन ने लोकसभा को बताया कि अधिकांश भारतीयों ने सैलरी न देने और श्रम अधिकार और अन्य लाभ जैसे- रेजिडेंस पर्मिट का नवीनीकरण न करना, ओवरटाइम अलाउंस न देना, साप्ताहिक छुट्टी न देने की शिकायत की है।

#### मृतकों में तेलंगाना के सर्वाधिक

उधर, तेलंगाना के एनआरआई विंग के अधिकारी ई चेट्टी बाबू ने कहा कि गल्फ में मरने वाले भारतीयों में सबसे अधिक इस दक्षिणी राज्य से हैं। उन्होंने टीओआई को बताया, 'हमें लगता है कि पिछले पांच सालों में तेलंगाना के करीब 1200 लोगों की मौत गल्फ में हुई है।' तेलंगाना सरकार की एनआरआई विंग ने यह भी बताया कि मौत के मामले की जानकारी सिर्फ उनकी सामने आई है जिन परिवारों के लिए मुफ्त एंबुलेंस सेवा उपलब्ध थी। बाबू ने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे के 850 परिवारों को शव को शमशादपुर एयरपोर्ट से उनके गावों और कस्बों तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### अयोध्या फैसले के बाद दूसरे देशों के साथ कूटनीति व्यापक रूप से सफल रहीः विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि भारत ने अयोध्या फैसले के बारे में दूसरे देशों को संतोषजनक ढंग से समझाया है और इस मामले में किए गए प्रयास 'व्यापक रूप से सफल' रहे हैं। कुमार ने कहा कि विदेश मंत्रालय का काम है कि अगर भारत में कोई महत्वपूर्ण घटना होती है तो हम दूसरों के साथ इस पर चर्चा करे, और अगर राजनयिक समुदाय की तरफ से कोई अनुरोध किया जाता है- हमसे पूछा जाता है कि क्या हुआ और ऐसा क्यों हुआ- तो हमारा काम है कि हम उनके साथ बात करें और अपना नजरिया रखें। कुमार ने कहा कि भारत ने अयोध्या फैसले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर दिल्ली में और अपने दूतावासों के जरिए कुछ देशों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की गई, उस सभी से हमने कहा कि ये भारत का आंतरिक मामला है, और ये उच्चतम न्यायालय का फैसला है, उच्चतम न्यायालय शीर्ष अदालत है, और इसे इसी तरह देखना चाहिए।

### अमेरिका ने चीन के दावे को किया खारिज

## तिब्बती बौद्ध ही दलाई लामा के उत्तराधिकारी का करेंगे चयन

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन



- कहा, संयुक्त राष्ट्र को इस मामले को तत्परता से उठाने की जरूरत है
- इस प्रक्रिया को पूरा करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आना चाहिए

अमेरिका ने शुक्रवार को कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को चयन करने का हक चीन सरकार को नहीं, बल्कि तिब्बती बौद्धों के पास है। इस प्रक्रिया को पूरा करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आना चाहिए। संगठन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के विशेष राजदूत सैम ब्राउनबैक ने संवाददाताओं से कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह स्पष्ट होना चाहिए कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी निर्धारित करने का अधिकार चीन सरकार के पास नहीं है। इसका निर्धारण तिब्बती बौद्धों द्वारा होना चाहिए।

ब्राउनबैक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को इस मामले को तत्परता से उठाने की जरूरत है। यूरोपीय देशों की जो भी सरकार धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के बारे में परवाह करती है, उन्हें इस मुद्दे पर बोलना चाहिए। मुझे लगता है कि यह ऐसा मुद्दा है जिसे लेकर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को साफगोई से सामने आना चाहिए। साथ ही उन्हें इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए।


#### चीन अमेरिका पर आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का लगाता रहा है आरोप

ब्राउनबैक अक्टूबर में धर्मशाला का दौरा किया था और दलाई लामा से मुलाकात की थी। चीन अमेरिका पर लगातार आंतरिक मामलों में दखलंदाजी का आरोप लगाता रहा है। चीन का कहना है कि तिब्बत उसका अभिन्न हिस्सा है। चीन की इस प्रतिक्रिया पर ब्राउनबैक ने कहा कि मैं चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की बात को पूरी तरह खारिज करता हूं। यहां पर कई ऐसे लोग दलाई लामा का अनुसरण करते हैं, जो चीन में नहीं रहते। दलाई लामा पूरी दुनिया द्वारा सम्मान के हकदार हैं। लिहाजा उनका उत्तराधिकारी उन्हीं के समुदाय द्वारा चुना जाना चाहिए।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया दावा

## अगर मैं कहता तो 14 मिनट में हांगकांग का नामो-निशान मिट जाता

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि वह न कहते तो चीनी सैनिक 14 मिनट में हांगकांग का नामो-निशान मिटा देते। ट्रंप ने 'फॉक्स न्यूज' को दिये साक्षात्कार में कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उनके कहने पर ही हांगकांग में चल रहे लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सेना नहीं भेजी। उन्होंने कहा कि अगर मैं ऐसा न करता तो 14 मिनट में हांगकांग का नामो-निशान मिट जाता। ट्रंप ने कहा कि शी ने हांगकांग के बाहर लाखों सैनिक तैनात कर रखे हैं, वे अंदर नहीं जा रहे हैं क्योंकि मैंने उनसे कहा कि ऐसा न करें। ऐसा करना आपकी बड़ी भूल होगी। इससे व्यापार सौदे पर बेहद नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

#### इंटरनेट बंद करने पर ईरान को लगाई फटकार

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को ईरान पर आरोप लगाया कि उसने 'मौत और त्रासदी' पर पर्दा डालने के लिए इंटरनेट को बंद कर दिया है, इस बीच रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि सड़कों पर चल रहे विरोध प्रदर्शन खत्म हो चुके हैं। ईरान पर अमेरिका ने पहले से आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बना रखा है। ट्रंप के इंटरनेट बंद करने संबंधी ट्वीट से यह दबाव और बढ़ गया है। ट्रंप ने ट्वीट किया कि ईरान इतना अधिक अस्थिर हो चुका है कि शासन ने पूरी इंटरनेट प्रणाली को ठप करवा दिया ताकि ईरान की जनता देश में जारी भयंकर हिंसा के बारे में बात भी नहीं कर पाए।

### भारत के साथ व्यापार संबंध होंगे बेहतर

## फिनलैंड अगले साल से दो सप्ताह के भीतर कार्य वीजा देगा



**नई दिल्ली।** फिनलैंड ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने के लिए वह 2020 से 15 दिनों के भीतर कार्य वीजा जारी करेगा। अभी फिनलैंड के लिए कार्य वीजा पाने में औसतन 52 दिन का समय लगता है। पिछले एक दशक में भारत और फिनलैंड के बीच संबंध मजबूत हुए हैं और दोनों देशों के बीच माल एवं सेवा क्षेत्र में व्यापार 2.5 अरब डॉलर से ज्यादा का हो गया है। फिनलैंड के रोजगार मंत्री टिमो हराक्का ने साक्षात्कार में बताया कि सरकार अगले साल से कार्य वीजा जारी करने में लगने वाले समय को घटाकर महज दो सप्ताह करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस कदम का मुख्य लक्ष्य भारत जैसे देशों से ज्यादा से ज्यादा सॉफ्टवेयर पेशेवरों को अपने देश बुलाना है। मंत्री ने बताया कि जहां तक ऐसे विशेषज्ञ वीजा और विशेषज्ञ कार्य परमिट की बात है, जिसके लिए एक न्यूनतम वेतन तय है, हम प्रयास कर रहे हैं कि उन्हें जल्दी से जल्दी महज एक से दो सप्ताह के भीतर जारी कर सकें।

## रूसी एस-400 प्रणाली खरीदने में अमेरिकी प्रतिबंधों से बच सकता है भारत

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क



- अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जाहिर की संभावना

अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संभावना जाहिर की है कि वाशिंगटन रूसी ट्रायम्फ एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने को लेकर भारत पर शायद प्रतिबंध नहीं लगाए, लेकिन मॉस्को की जासूसी रोकने के लिए नई दिल्ली को रक्षा प्रौद्योगिकी सुरक्षा कड़ी करने की आवश्यकता है।

विदेश विभाग के इस अधिकारी ने गुरुवार को एक ब्रीफिंग के दौरान इस मामले को उठाए जाने पर भारत के बारे में इस प्रणाली को प्राप्त करने के लिए सीधे कुछ नहीं कहा, लेकिन भारत के साथ सहयोग करने में सुरक्षा मुद्दों को उठाया। इस अधिकारी ने इससे पहले तुर्की के रूसी एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने पर सीधी प्रक्रिया की थी। विदेश विभाग ने इस सप्ताह भारत को एक अरब डॉलर की उन्नत एमके 45 5 इंच/ 62 कैलिबर (एमओडी 4) नवल गन की बिक्री को मंजूरी दे दी, हालांकि भारत ने अगस्त में करीब 5.4 अरब डॉलर कीमत के पांच एस-400 यूनिट के लिए रूसी ठेकेदार को अग्रिम 80 करोड़ डॉलर का भुगतान किया था। यह और आधिकारिक प्रतिक्रिया भारत को अमेरिका के 'सीएएटीएसए' (काउंटरिंग अमेरिकाज एडवरसरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट) से छूट प्राप्त होने की संभावना दर्शा रही है, जिसे रूसी कंपनियों से हथियार खरीदने के लिए भारत पर लागू किया जा सकता है। सीएएटीएसए देशों को इसके तहत सूचीबद्ध रक्षा रूसी कंपनियों से 1.5 करोड़ डॉलर से अधिक के हथियार खरीदने पर रोक लगाता है। अमेरिका ने अभी तक नाटो के अपने साथी तुर्की के खिलाफ सीएएटीएसए प्रतिबंधों को नहीं लगाया है, लेकिन इसे उन्नत एफ-35 लड़ाकू जेट देने से मना कर दिया है।

### बचाव कार्य...



श्रीनगर। भारी बर्फबारी के कारण जोजिला दर्रे में फंसे करीब 350 पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सेना के जवानों ने बचाया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनमर्ग, बालटाल और नीलग्रार जैसे इलाकों के आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को भारी बर्फबारी हुई, जिससे कई स्थानों पर यातायात बाधित हो गया जिसकी वजह से पर्यटक इन क्षेत्रों में फंस गए।

### 'घिया-तोरी' को विज्ञापन में बताया कमतर

## एफएसएसएआई ने मैकडोनाल्ड को भेजा कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने फास्ट फूड को बढ़ावा देने के लिए अपने विज्ञापनों में ताजे पके भोजन और सब्जियों का तिरस्कार करने के लिए मैकडोनाल्ड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बयान में बताया कि नियामक ने हार्ड कासल एंड कनॉट प्लाजा रेस्टोरेंट लिमिटेड को नोटिस भेजकर पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। यह संयुक्त उपक्रम भारत में मैकडोनाल्ड श्रृंखला के रेस्तरां चलाता है। उल्लेखनीय है कि मैकडोनाल्ड ने इस महीने की शुरुआत में अखबारों में एक विज्ञापन दिया था, जिसमें घर में पके खाने और स्वास्थ्यवर्धक सब्जियों को कथित तौर पर कमतर करके दिखाया गया है। मैकडोनाल्ड की ओर से दिए गए विज्ञापन में कहा गया था कि फिर से अटके घिया - तोरी के साथ? बनाए अपना मनपसंद 1+1 कॉम्बो।

### नई दिल्ली आए शिक्षा मंत्री डैन तेहान ने कहा

# भारत में विवि खोलने की संभावना तलाश रहा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया भारत में अपने प्रमुख विश्वविद्यालयों के परिसर खोलने की संभावना तलाश रहा है। इस कदम से दोनों देशों में पहले से ही नजदीकी शिक्षा संबंधों में और विस्तार होगा। ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री डैन तेहान ने एक साक्षात्कार में कहा कि मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' के साथ शुक्रवार हुई बैठक में उन्होंने दो मुद्दों पर चर्चा की। भारत सरकार विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने परिसर खोलने के लिए हरी झंडी देने पर विचार कर रही है, इस मद्देनजर इस कदम को काफी अहम माना जा रहा है। भारत में इस मुद्दे पर लंबे समय से चर्चा चल रही है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फिलहाल सिर्फ भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ भागीदारी में ही विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में काम करने की अनुमति दी है। तेहान ने कहा कि हमने इस बात पर चर्चा की कि क्या ऑस्ट्रेलिया भारत में अपने विश्वविद्यालयों के परिसर खोल सकता है। तेहान भारत यात्रा पर आए हैं और उनकी यह यात्रा शुक्रवार को खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने इस बात पर भी चर्चा की कि क्या भारत भी ऑस्ट्रेलिया में अपने विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना का इच्छुक है ताकि इसका परस्पर लाभकारी दृष्टिकोण हो। नियमों में संभावित बदलाव के साथ विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपना परिसर खोलने की इजाजत होगी। इस विचार को भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक (एचईसीआई) में पेश किया गया है, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल में जल्द पेश किये जाने की संभावना है। तेहान ने कहा कि हमलोग इस पर प्रगति होते देखना चाहते हैं लेकिन इसमें कुछ पारस्परिक आदान-प्रदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने यह भी कहा कि अब भारत पर है कि वह ऑस्ट्रेलिया में अपने परिसर खोलना चाहता है या नहीं, लेकिन हमलोग इस बारे में विचार करने को तैयार रहेंगे। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में 1.9 लाख भारतीय छात्र हैं।

#### भारत की प्रस्तावित एनईपी नीति को 'महत्वाकांक्षी' बताया

ऑस्ट्रेलिया के शिक्षामंत्री ने भारत की प्रस्तावित राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को 'महत्वाकांक्षी' बताया। तेहान ने कहा कि हम लोग इस सुधार एजेंडा को लागू करने में भारत की मदद करना चाहते हैं। भारत सरकार एनईपी में जो योजना बना रही है और हमने ऑस्ट्रेलियाई योग्यता ढांचे की अभी जो समीक्षा की है, दोनों में समानताएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार जिस प्रणाली की योजना बना रही है हमलोग उसमें उनकी मदद कर सकते हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109